हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

Koylanchal samvad news

रांची, बुधवार, 09 जुलाई, 2025 वर्ष : 13 अंक : 50 मूल्य : 3 रुपए

www.koylanchalsamvad.com

देश में अब तक 254एमएम बारिश, 15% ज्यादाः एमपी में पुल टूटने से... | आठवें वेतन आयोग का इंतजार, तीन गुना वेतनवृद्धि? | अमेरिका के बांग्लादेश पर 35% टैरिफ का भारत को...

# केंद्र की नीतियों के खिलाफ आज 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने किया भारत बंद का आयोजन

## 25 करोड़ से अधिक कर्मचारियों के शामिल होने की उम्मीद

### बैंक से लेकर परिवहन सेवाएं तक ठप होंगी

**नई दिल्ली,(ईएमएस)।** बुधवार 2025 को भारत में एक बड़े स्तर पर भारत बंद का आयोजन होने की तैयारी है। यह हड़ताल 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा बुलाई गई है और इसमें करीब 25 करोड़ से अधिक कर्मचारियों के शामिल होने की उम्मीद है। यह हड़ताल विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित कर सकती है, जिसमें प्रमुख रूप से बैंकों के कामकाज पर गहरा असर पड़ सकता है। इसके साथ ही बीमा से संबंधित कार्य भी प्रभावित हो सकते हैं। वहीं केंद्र के अधीन आने वाले डाकघरों में कामकाज बाधित होने की संभावना है। इतना ही नहीं कोयला खदानों में काम रुक सकता है। इसके अलावा देश भर में विभिन्न कारखानों में उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

आज होने वाली इस देशव्यापी हड़ताल से राज्यों में सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बाधित हो सकती हैं। क्योंकि इन सेवाओं से जुड़े कर्मचारी इस हड़ताल में शामिल हो सकते है। एनएमडीसी लिमिटेड और अन्य क्षेत्रों में भी श्रमिक हड़ताल में शामिल हो रहे है। इससे इन लिमिटेड कंपनियों के कामों पर असर पड़ सकता है। राज्य सरकार के विभाग और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम के कर्मचारी भी हड़ताल का हिस्सा बन सकते हैं। विभिन्न ट्रेड यूनियन के अलावा किसान और ग्रामीण कर्मचारी भी इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल हो सकते है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी कामकाज प्रभावित हो सकता है।

### इस हड़ताल में ये प्रमुख संगठन शामिल हैं



*1. इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस*
*2. ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस*
*3. हिंद मजदूर सभा*
*4. सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस*
*5. ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर*
*6. ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर*
*7. सेल्फ एम्प्लॉयड वीमेंस एसोसिएशन*
*8. ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस*
*9. लेबर प्रोग्रेसिव फेडरेशन*
*10. यूनाइटेड ट्रेड यूनियन कांग्रेस*

### हड़ताल का कारण और मांगें

यह भारत बंद सरकार की मजदूर, किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी कॉरपोरेट-समर्थक नीतियों के विरोध में बुलाया गया है। कर्मचारी संगठनों ने केंद्र सरकार से कई महत्वपूर्ण मांगों पर ध्यान देने का आग्रह किया है। भारत बंद कर रहे संगठनों ने बीते साल श्रम मंत्री मनसुख मांडविया को 17-सूत्रीय मांगों का एक चार्टर सौंपा था। संगठनों का आरोप है कि मोदी सरकार पिछले 10 वर्षों से वार्षिक श्रम सम्मेलन का आयोजन नहीं कर रही है।

उनका कहना है कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण बेरोजगारी बढ़ रही है, जरूरी वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं, और मजदूरी में गिरावट आ रही है। इतना ही नहीं शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी नागरिक सुविधाओं जैसे सामाजिक क्षेत्रों में खर्च में कटौती से गरीबों, निम्न आय वर्ग और मध्यम वर्ग के लिए असमानता और अभाव बढ़ रहा है।

**युवाओं के लिए रोजगारः** देशभर के कर्मचारी संगठनों का आरोप है कि केंद्र सरकार सरकारी विभागों में नियमित नियुक्तियों के बजाय रिटायर्ड लोगों को काम पर रख रही है, जबकि देश की 65 प्रतिशत आबादी 35 साल से कम उम्र की है और बेरोजगारों की संख्या 20 से 25 साल के आयु वर्ग में सबसे अधिक है। वे सरकार से बेरोजगारी पर ध्यान देने, स्वीकृत पदों पर भर्ती करने और अधिक नौकरियों के सृजन की मांग कर रहे हैं। इतना ही नहीं मनमोहन सरकार के दवारा शुरु की गई मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) श्रमिकों के कार्य दिवसों और मजदूरी में बढ़ोतरी के साथ शहरी क्षेत्रों के लिए भी समान कानून बनाने की मांग की जा रही है। श्रमिक संगठनों ने पहले भी इसी तरह की देशव्यापी हड़तालें की हैं, जिनमें 26 नवंबर, 2020, 28-29 मार्च, 2022 और पिछले साल 16 फरवरी की हड़तालें शामिल हैं। इस बार की हड़ताल को संयुक्त किसान मोर्चा और कृषि श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे का भी समर्थन प्राप्त है, जिससे ग्रामीण भारत में बड़े पैमाने पर लामबंदी की उम्मीद है।

## संक्षिप्त खबरें

### मोबाइल प्लान होंगे महंगे, मीडियम और प्रीमियम यूजर्स होंगे प्रभावित

नई दिल्ली (ईएमएस)। मोबाइल यूजर्स के लिए साल के अंत तक टैरिफ का झटका आ सकता है। टेलीकॉम कंपनियां कॉल और डेटा प्लान में 10–12 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने की तैयारी में हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि मुख्य रूप से मीडियम और हाई-वैल्यू ग्राहकों पर केंद्रित होगी, जबकि लो-वैल्यू यूजर्स पहले ही कीमतों की मार झेल चुके हैं। मई 2025 में देश में 74 लाख नए एक्टिव यूजर्स जुड़े, जो पिछले 29 महीनों में सबसे बड़ी मासिक वृद्धि है। यह लगातार पांचवां महीना है जब यूजर बेस में इज़ाफा हुआ है। इससे कंपनियों को टैरिफ बढ़ाने का आत्मविश्वास मिला है। जुलाई 2024 में कंपनियों ने बेस प्लान में 11 से 23 फीसदी तक की बढ़ोतरी की थी, जिसके चलते 2.1 करोड़ यूजर्स ने सेवाएं छोड़ दी थीं। हालांकि, अब एक बार फिर यूजर ग्रोथ तेज हो गई है, जिससे कंपनियां दोबारा कीमतें बढ़ाने पर विचार कर रही हैं। रिलायंस जियो ने मई में सबसे ज्यादा 55 लाख नए एक्टिव यूजर्स जोड़े और उसका बाजार शेयर 53 फीसदी तक पहुंच गया। वहीं एयरटेल ने 13 लाख नए यूजर्स जोड़कर 36 फीसदी हिस्सा हासिल किया। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि कंपनियां केवल प्लान की कीमत नहीं बढ़ाएंगी, बल्कि डेटा लिमिट घटाकर अप्रत्यक्ष रूप से भी टैरिफ महंगे कर सकती हैं। इससे यूजर्स को अतिरिक्त डेटा पैक खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### कांवड़ रूट पर शराब की दुकानें ढकी जाएंगीः एक लेन पर सिर्फ कांवड़िए चलेंगे, डीजीपी बोले- पूरे रूट की ड्रोन से निगरानी होगी

**मेरठः** 11 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू होगी। यूपी, हरियाणा, दिल्ली से कांवड़िए हरिद्वार पहुंचेंगे। हरिद्वार और गोमुख से जल उठाएंगे। वहीं, 4 करोड़ कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर मेरठ के कमिश्नर ऑफिस में मंगलवार को 4 राज्यों यूपी, हरियाणा, दिल्ली और उत्तराखंड के अफसरों की बैठक हुई। इसमें यूपी डीजीपी राजीव कृष्ण और मुख्य सचिव मनोज सिंह मौजूद रहे। यूपी डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया- 11 जुलाई से पूरे कांवड़ रूट की शराब की दुकानों को ढका जाएगा। दुकानें खुलेंगी, लेकिन पर्दे से ढकी रहेंगी। पूरे कांवड़ रूट की ड्रोन से निगरानी होगी। ट्रैफिक पुलिस ने नया प्लान पेश किया है, जो 10 जुलाई की रात से लागू हो जाएगा। शहर में भारी वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। शहर में एक लेन में कांवड़िए और दूसरी लेन में छोटे वाहन चलेंगे। डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा- डीजे की आवाज 75 डेसिबल से ज्यादा नहीं होगी। डीजे की हाइट 12 फीट से ज्यादा नही होगी। डीजे के जो कंपटीशन होते हैं, उसके लिए डीजे संचालकों को मना किया गया है। डाक कांवड़ में रेस न हो, इसके लिए भी उन समूहों के इंचार्ज को कहा गया है। सुरक्षा के लिए हर 15 किमी पर एक IPS अफसर नियुक्त रहेगा।

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता का निधनःजोधपुर में होगा अंतिम संस्कार; पिछले कुछ दिनों से चल रहे थे बीमार

**जोधपुरः** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। हाल ही में



उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें जोधपुर एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जोधपुर एम्स के मुताबिक मंगलवार सुबह 11 बजकर 52 मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली। वे मूलतः पाली जिले के जीवंद कला निवासी थे और बाद में परिवार के साथ जोधपुर में बस गए थे। रातानाडा भास्कर चौराहा के पास महावीर कॉलोनी में उनका घर है। अपने गांव में वे सरपंच भी रह चुके हैं और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। दाऊलाल वैष्णव ने जोधपुर में एक वकील और कर सलाहकार के रूप में लंबे समय तक कार्य किया। उनके परिवार में पत्नी सरस्वती वैष्णव, बड़े बेटे अश्विनी वैष्णव और छोटे बेटे आनंद वैष्णव हैं। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव की उनके घर से बैकुंठी (अंतिम यात्रा) निकाली गई। वैष्णव समाज में बैकुंठी निकालने की परंपरा है।

पूर्णिया में 5 आदिवासियों की हत्या मामला

## बिहार सरकार पर बरसे झारखंड के मंत्री, सीएम हेमंत सोरेन से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की

**रांची :** झारखंड के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि पूर्णिया की घटना मानवता पर कलंक है. बिहार सरकार की आदिवासी विरोधी मानसिकता अब किसी से छिपी नहीं है. आदिवासियों के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ अब चुप नहीं बैठा जा सकता. उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है. बिहार के पूर्णिया जिले में एक ही आदिवासी परिवार के पांच लोगों को जिंदा जलाकर मार डालना न सिर्फ हृदयविदारक घटना है, बल्कि यह आदिवासी अस्मिता और अधिकारों पर सीधा हमला है.

### आदिवासी समाज को कुचलने की साजिश-डॉ इरफान अंसारी

झारखंड के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि यह कोई सामान्य अपराध नहीं, बल्कि आदिवासी समाज को डराने और कुचलने की साजिश है. उन्होंने झारखंड सरकार से मांग की है कि इस पूरे मामले में उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल बिहार के पूर्णिया भेजा जाए, जिसमें उन्हें भी शामिल किया जाए ताकि वह स्थल पर जाकर हकीकत से रू-ब-रू हो सकें और आदिवासी परिवार को न्याय दिला सकें.

### बिहार में रूह कंपा देनेवाली वारदात

बिहार के पूर्णिया जिले में एक ही आदिवासी परिवार के पांच लोगों को पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जला दिया गया था. यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर पूर्णिया पूर्व प्रखंड की रजीगंज पंचायत के टेटगामा आदिवासी टोला की है. मृतकों के घर से दो किलोमीटर दूर बहियार में सभी शव बरामद किए गए थे. डायन-बिसाही और झाड़-फूंक से यह नरसंहार जुड़ा हुआ है. डायन-बिसाही के शक में इस रूह कंपा देनेवाली वारदात को अंजाम दिया गया है. जघन्य वारदात से पहले पांचों लोगों को बेरहमी से पीटा गया था.

## रांची में होगी 26वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठकः गृहमंत्री अमित शाह करेंगे बैठक की अध्यक्षता

**रांचीः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 10 जुलाई को रांची में रहेंगे। वे राजधानी के होटल रेडिसन ब्लू में होने वाली 26वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस उच्चस्तरीय बैठक को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक के मद्देनजर सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव मनोज केजरीवाल ने रांची पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। सुरक्षा को देखते हुए शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में भी आंशिक बदलाव किया गया है। इस बैठक को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक दोनों स्तरों पर गहमागहमी है। बैठक में झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक के दौरान राज्यों के बीच



आपसी समन्वय, लंबित मामलों और विकास योजनाओं को लेकर विमर्श होगा।

**बैठक में 4 राज्य के 68 प्रतिनिधि होंगे शामिल**

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की इस बैठक में कुल 68 प्रतिनिधि शामिल होंगे। झारखंड से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुवा, मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता मौजूद रहेंगे। बिहार सरकार की ओर से मंत्री विजय चौधरी और सम्राट चौधरी हिस्सा लेंगे। ओडिशा से मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, उपमुख्यमंत्री पार्वती परीदा और मंत्री मुकेश महालिंग शामिल होंगे। पश्चिम बंगाल की ओर से मंत्री चंद्रिका भट्टाचार्य प्रतिनिधित्व करेंगी।

**केंद्र से झारखंड मांगेगा बकाया राशि और अनुदानः** जानकारी के मुताबिक इस बैठक में झारखंड सरकार अपनी ओर से कई विषयों को रख सकती है। इनमें सबसे अहम है केंद्र से लंबित बकाया राशि की मांग। राज्य सरकार कोयला कंपनियों से 1.36 लाख करोड़ रुपए, जल जीवन मिशन के तहत 6,000 करोड़ रुपए और विधवा एवं वृद्धा पेंशन योजना के लिए 300 करोड़ रुपए की बकाया राशि की मांग करेगी।

## बाबा बैद्यनाथ धाम में वीआईपी एंट्री पर रोक, सभी को लाइन में लगकर ही करना होगा जलापर्ण

**रांचीः** झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है. उन्होंने कहा कि श्रावणी मेले में किसी को विशेष सुविधा नहीं दी जाएगी. सभी श्रद्धालुओं को लाइन में लगकर ही जलापर्ण करना होगा. रविवार और सोमवार को "शीघ्र दर्शनम" कूपन पर भी रोक रहेगी. श्रावण के रविवार और सोमवार को बाबाधाम में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है, इसलिए कोई भी विशेष सुविधा आम भक्तों के लिए असुविधा का कारण बन सकती है. पर्यटन मंत्री ने बताया कि सुल्तानगंज से जल लेकर आने वाले कांवरियों को बेहतर सुविधा और सुरक्षा मिले, यही सरकार की प्राथमिकता है. तैयारियों का लगभग 90 से 95 फीसदी काम पूरा हो चुका है. जगह-जगह शिविर, स्वास्थ्य केंद्र और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था होगी. सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है. साफ-सफाई और यातायात की बेहतर व्यवस्था भी की जा रही है.

## हौसले बुलंद हों तो प्रतिभा को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकताः राज्यपाल

**बोकारोः** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने विद्यार्थियों से कहा कि आप भारत का भविष्य हैं. अगर हौसले बुलंद हों तो कोई भी सीमा आपकी प्रतिभा को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती. उन्होंने बच्चों को ईमानदारी, परिश्रम, धैर्य और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया. वे मंगलवार को बोकारो के बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह केवल विद्यार्थियों को सम्मानित करने का नहीं, बल्कि स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के विचारों और कार्यों को स्मरण करने का भी एक सशक्त अवसर है. यह आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मकता का संदेश देता है.



राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा केवल निजी प्रगति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का दायित्व भी है. उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का मंत्र ही आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की नींव है. कहा कि स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो एक महान विचारक, समाज-सुधारक और शिक्षा व क्षेत्रीय अस्मिता के प्रति समर्पित नेता थे, जिन्होंने विषम परिस्थितियों में भी शिक्षा और सामाजिक चेतना के माध्यम से समाज में परिवर्तन की अलख जगाई. राज्यपाल ने झारखंड विधानसभा सदस्य जयराम महतो द्वारा अपने वेतन का अधिकांश भाग प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को समर्पित करने की सराहना करते हुए कहा कि आशा है कि यह कदम अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा. बताते चलें कि विधायक जयराम महतो ने अपने वेतन का 75 फीसदी हिस्सा विद्यार्थियों को पुरस्कार देने और सम्मानित करने में खर्च की.

## जमशेदपुर के टाटा पावर कर्मियों के लिए खुशखबरी! वेज रिवीजन पर हुआ समझौता, वेतन में 25 हजार तक की वृद्धि

जमशेदपुर : जमशेदपुर के टाटा पावर जोजोबेड़ा प्लांट के कर्मचारियों के वेज रिवीजन पर मंगलवार को श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर की अध्यक्षता में समझौता संपन्न हुआ. कंपनी प्रबंधन और टाटा पावर यूनियन के बीच हुए समझौते के मुताबिक कर्मचारियों के वेतन में 19,596 से 25,613 रुपए तक की वृद्धि हुई है. प्रति माह वेतन में होने वाली इस बढ़ोत्तरी में मिनिमम गारंटेड बेनिफिट के तहत मूल वेतन (बेसिक) में 16.46 फीसद की वृद्धि की गयी है, जबकि अन्य भत्तों में 14,850 रुपए की बढ़ोत्तरी हुई है. वेज रिवीजन में अपग्रेडेशन की अवधि में एक वर्ष घटाया गया है. टाटा पावर जोजोबेड़ा प्लांट में 01 जनवरी 2025 से वेज रिवीजन लंबित था. प्रबंधन और यूनियन के बीच चार वर्ष (01 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2028) के लिए समझौता हुआ है.

## बिहार में सरकारी नौकरी में डोमिसाइल पॉलिसी लागूः सिर्फ राज्य की महिलाओं को 35% आरक्षण मिलेगा, पहले दूसरे राज्य की महिलाओं को भी मिलता था

**पटनाः** बिहार सरकार ने महिलाओं के लिए डोमिसाइल पॉलिसी लागू कर दी है। अब सरकारी नौकरियों में महिलाओं को इसका फायदा मिलेगा। बिहार की बाहर की महिलाओं को जनरल कैटेगरी में जोड़ा जाएगा। पहले दूसरे राज्यों की महिलाओं को भी 35% आरक्षण का लाभ मिलता था। अब सिर्फ बिहार की महिलाओं को फायदा मिलेगा। नीतीश कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को ये फैसला लिया गया। इसके साथ ही 43 एजेंडों पर मुहर लगी है। बिहार में पहली बार बिहार युवा आयोग का गठन होगा। चुनावी साल में बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय नीतीश सरकार ने लिया है। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने कहा था कि सरकार बनने पर वह युवा आयोग का गठन करेंगे।

### दिव्यांग के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना

बिहार सरकार ने एक नई योजना शुरू की है, जिसका नाम दिव्यांगजन सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना है। इसका लाभ दिव्यांग पुरुष अभ्यर्थी पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग अभ्यर्थियों को मिलेगा। हालांकि, ये सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें राज्य की किसी दूसरी सिविल सेवा तैयारी योजना से कोई आर्थिक मदद नहीं मिल रही है। ऐसे में बीपीएससी या यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा पास कर लेते हैं, तो उन्हें मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए 50 हजार रुपए और इंटरव्यू की तैयारी के लिए 1 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। यह योजना दिव्यांगों को सिविल सेवा में सफलता पाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई है।



### बिहार में इन एजेंडों पर भी लगी मुहरः

मिलेट्स योजना : साल 2025-26 में खरीफ मौसम में मोटा अनाज उगाने को बढ़ावा देने के लिए 46.75 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

डीजल अनुदान योजना : अगर मानसून कमजोर रहा, सूखा पड़ा या बारिश कम हुई, तो धान, मक्का, जूट, दालें, तेलहन, सब्जियां, औषधीय और खुशबूदार पौधों की सिंचाई के लिए 100 करोड़ रुपए की डीजल अनुदान योजना लागू होगी।

गेहूं बीज योजना : रबी सीजन में गेहूं की अच्छी किस्म के बीज के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए 65 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

चना (दाल) प्रोत्साहन योजना : रबी मौसम में चना उत्पादन बढ़ाने के लिए 30.21 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

बिहार शहरी गैस वितरण नीति 2025 को मंजूरी दी गई है ताकि शहरों में स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल बढ़ाया जा सके।

शिक्षा विभागः सैनिक स्कूल नालंदा और गोपालगंज में पढ़ने वाले बिहार के छात्रों को पोषाहार (खाना) और स्कूल के खर्च के लिए दी जाने वाली आर्थिक सहायता की राशि को बढ़ाने की मंजूरी दी गई है। यह बदलाव वित्तीय वर्ष 2025-26 से लागू होगा।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश- 26 दिन बाद आई शुरुआती जांच रिपोर्टः एएआईबी ने सरकार को सौंपी

**नई दिल्लीः** एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने अहमदाबाद विमान हादसे के 26 दिन बाद प्राइमरी जांच रिपोर्ट मंगलवार को केंद्र सरकार को सौंपी। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, प्राइमरी रिपोर्ट शुरुआती जांच में मिले सबूतों और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर तैयार की गई है। इससे पहले 28 जून को केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया था कि विमान हादसे की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है, जिसमें साजिश (सैबोटाज) की संभावना को भी खंगाला जा रहा है। वहीं, 3 महीने में विस्तृत जांच रिपोर्ट आ सकती है। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर



शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है।

### विस्तृत रिपोर्ट तीन महीने में आने की संभावना

केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि हादसे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह इंजन फेलियर, फ्यूल सप्लाई की समस्या या कोई तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हुआ। ब्लैक बॉक्स भारत में ही है, उसे विदेश नहीं भेजा जाएगा। इसमें मौजूद सीइवीआर और एफडीआर की जांच की जा रही है। विस्तृत 3 महीने में रिपोर्ट आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) के आदेश पर एअर इंडिया के सभी 33 ड्रीमलाइनर विमानों की जांच कर ली गई है और सब कुछ सुरक्षित पाया गया है। ये हादसा एक अपवाद था, अब लोग बिना डर के यात्रा कर सकते हैं। एएआईबी इसकी हर एंगल से जांच कर रहा है। सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं और कई एजेंसियां मिलकर जांच में जुटी हैं।' एअर इंडिया के ड्रीमलाइनर प्लेन हादसे की जांच में संयुक्त राष्ट्र शामिल होगा। संयुक्त राष्ट्र की विमानन संस्था आईसीएओ (इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन) के एक विशेषज्ञ को ऑब्जर्वर के तौर पर शामिल होने की इजाजत भारत सरकार ने दे दी है। आईसीएओ ने जांच में शामिल होने की इजाजत मांगी थी।

## संक्षिप्त खबरें...

### घाघरा डैम के समीप व्यक्ति ने फाँसी लगाकर किया आत्महत्या



हज़ारीबाग। हज़ारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत हेवई गाँव के घाघरा डैम स्थित एक महुआ के पेड़ में एक व्यक्ति ने गले मे गमछा बांध कर फाँसी लगा ली।मृतक की पहचान जमीरा गांव के करम राम उम्र लगभग 49 वर्ष पिता स्व0 बुधन राम के रूप में हुई है।घटना के सन्दर्भ में मृतक की पत्नी खुदवा देवी ने बताया कि सुबह 09 बजे वह जंगल की ओर गए थे,उस समय खुखड़ी लेकर घर मे दिए उसके बाद पुनः कह के गए कि हम खेत जा रहे है काम करने उसके बाद एक घण्टे बाद ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली कि वह घाघरा डैम के पास एक पेड़ में फांसी लगा ली है।सूचना मिलने के बाद केरेडारी पुलिस अवर निरीक्षक टिंकू सिंह,सअनि सिधेश्वर पंडित दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचे,एवं ग्रामीणों की मदद से शव को पेड़ से नीचे उतारा एवं पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल हजारीबाग भेज दी है।

### राजस्व संबंधी मामलों को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक



हज़ारीबाग। प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को आयुक्त कार्यालय, हजारीबाग में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ राजस्व संबंधी विषयों पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक में भूमि हस्तांतरण, भूमि अधिग्रहण, बंदोबस्ती, लीज,दाखिल-खारिज एवं अन्य राजस्व मामलों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। आयुक्त ने जिलेवार लंबित प्रकरणों की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित उपायुक्तों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों का निष्पादन निर्धारित समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए।आयुक्त ने कहा कि राजस्व मामलों का निष्पादन आम जनता से सीधे जुड़ा विषय है इसलिए मामलों का निष्पादन ससमय करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि मामलों के निष्पादन में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बरती जाए तथा सभी कार्य निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही पूर्ण हों।बैठक में आयुक्त पवन कुमार के अलावे हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन, रामगढ़ उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज, चतरा उपायुक्त कीर्तिश्री जी, कोडरमा उपायुक्त ऋतुराज, प्रशिक्षु आईएएस श्री आनंद शर्मा सहित संबंधित वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### महाप्रबंधक एस.के.दुबे ने 1000वीं रेक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



बड़कागांव(हज़ारीबाग)।एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने मंगलवार को अपने स्वर्णिम इतिहास में एक और नया अध्याय जोड़ा है। परियोजना ने बनादाग रेलवे साइडिंग से रैपिड लोडिंग सिस्टम (RLS) के माध्यम से 1000वीं कोयला रेक का सफलतापूर्वक डिस्पैच किया।इस विशेष अवसर पर महाप्रबंधक (इन्फ्रास्ट्रक्चर) एस.के. दुबे द्वारा 1000वीं रेक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में साइडिंग परिसर में एक केक कटिंग समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।गौरतलब है कि रैपिड लोडिंग सिस्टम के माध्यम से पहली रेक का डिस्पैच 20 सितम्बर 2023 को हुआ था। इसके बाद परियोजना ने 4 मई 2025 को 500वीं रेक का डिस्पैच किया और केवल दो महीनों के रिकॉर्ड समय में 1000वीं रेक तक का सफर तय कर लिया। यह उपलब्धि उच्च कार्यक्षमता, समन्वय और योजनाबद्ध संचालन की मिसाल है।

### धनबाद रेलवे स्टेशन से मोबाइल चोर रंगेहाथ गिरफ्तार



धनबाद : RPF व क्राइम इंटेलिजेंस ब्रांच (CIB) के गश्ती दल ने मंगलवार को धनबाद रेलवे स्टेशन स्थित यूटीएस काउंटर के समीप एक मोबाइल चोर को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया. पकड़े गए युवक की पहचान प्रिंस अंसारी के रूप में हुई. वह पॉलिटेक्निक रोड के भट्ठा मोहल्ले का रहने वाला है. यह जानकारी आरपीएफ के वरीय अधिकारी ने दी. उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल निवासी श्रवण महतो यूटीएस काउंटर के पास सो रहे थे. वह हावड़ा से देर रात धनबाद पहुंचे थे और सुबह उन्हें ट्रेन पकड़ कर पुरुलिया जाना था. इसी दौरान उनका मोबाइल चोरी हो गया. पीड़ित ने इसकी जानकारी तुरंत आरपीएफ के गश्ती दल को दी. गश्ती दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी गए मोबाइल पर जब फोन किया, तो उसका रिंग आरोपी के पास बजा. युवक की जब तलाशी ली गई तो उसके पास से श्रवण का चोरी गया नीले रंग का OPPO A15 स्मार्ट फोन बरामद किया गया. आरपीएफ ने उसे गिरफ्तार कर लिया. एएसआई जीबलाल राम की लिखित शिकायत के आधार पर उसे जीआरपी धनबाद को सौंप दिया गया.

### SDJM कोर्ट ने चैनपुर थाना के दरोगा, सिपाही समेत 4 लोगों पर FIR का दिया आदेश

पलामूः पलामू जिले के SDJM कोर्ट ने चैनपुर थाना के दरोगा, सिपाही, संदीप कुमार जयसवाल व सपना कुमारी पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है. इन लोगों पर वादी चिंता देवी ने मारपीट, चोरी व षड्यंत के तहत झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया है. इसके साथ ही थाना के दरोगा व सिपाहियों पर उसके पुत्र राकेश जयसवाल को 11 फरवरी को थाने के अन्दर बुरी तरह से मारपीट करने का आरोप भी लगाया गया है. पलामू जिले के SDJM कोर्ट ने चैनपुर थाना के दरोगा, सिपाही, संदीप कुमार जयसवाल व सपना कुमारी पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है. इन लोगों पर वादी चिंता देवी ने मारपीट, चोरी व षड्यंत के तहत झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया है. इसके साथ ही थाना के दरोगा व सिपाहियों पर उसके पुत्र राकेश जयसवाल को 11 फरवरी को थाने के अन्दर बुरी तरह से मारपीट करने का आरोप भी लगाया गया है.

# चट्टीबरियातू पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल, ऋत्विक कंपनी के कार्यशैली के खिलाफ़ ग्रामीणों के समर्थन में बैठे धरने पर



हज़ारीबाग। हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र में एनटीपीसी की चट्टीबरियातू कोल माइंस परियोजना एक बार फिर विवादों में घिर गई है। आउटसोर्स कंपनी ऋत्विक पर जनभावना और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करते हुए केरेडारी प्रखंड के चट्टीबरियातू गांव स्थित बड़ा तालाब (लातो आहर) के मेढ़ को काटने और ड्रिल के जरिए पानी निकालने का आरोप लगा है। यह घटना सोमवार रात करीब 2 बजे सामने आई, जब ग्रामीणों ने पोकलेन मशीन का उपयोग कर गुपचुप तरीके से किए जा रहे इस प्रयास का तीव्र विरोध किया।ग्रामीणों के अनुसार जैसे ही उन्हें इसकी भनक लगी वे इकट्ठा हुए और काम को रोका। ग्रामीणों के विरोध के बाद पोकलेन चालक और अन्य कर्मचारी मशीन छोड़कर फरार हो गए। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीण तुरंत गोलबंद हो गए और मंगलवार सुबह इसकी सूचना हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल को दी।सूचना मिलते ही सांसद मनीष जायसवाल तत्काल चट्टीबरियातू के संबंधित तालाब पर पहुंचे और पूरी घटना का बारीकी से जायजा लिया। उन्हें पता चला कि यह तालाब चट्टीबरियातू, नावाडीह, पगार, भुइयांटोली सहित आसपास के कई गांवों के लोगों के लिए नहाने-धोने और सिंचाई का मुख्य स्त्रोत है।मौके का मुआयना करने के बाद सांसद जायसवाल चट्टीबरियातू मंदिर प्रांगण पहुंचे,जहाँ उन्होंने ग्रामीणों से विस्तार से विमर्श किया। इसके बाद उन्होंने एनटीपीसी चट्टीबरियातू कोल माइंस परियोजना के परियोजना प्रमुख (एचओपी) सी.वी. नवीन से मोबाइल पर बात की। सांसद ने उन्हें को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यदि कंपनी जनभावना के खिलाफ कोई भी कार्य करती है, तो एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि के तौर पर वे हर स्तर पर इसका विरोध करेंगे। सांसद मनीष जायसवाल ने परियोजना प्रमुख को स्पष्ट रूप से बताया कि वह जनता के साथ धरने पर बैठे हैं और तब तक बैठे रहेंगे जब तक तालाब के काटे गए मेढ़ को वापस भर नहीं दिया जाता और किए गए ड्रिल को बंद नहीं कर दिया जाता।सांसद मनीष जायसवाल के साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, भाजपा नेता जुगनू सिंह, बड़कागांव भाजपा मंडल के सांसद प्रतिनिधि रंजीत मेहता, भाजपा नेता उपेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, नरेश महतो, शिबू मेहता, नारायण यादव, प्रकाश गुप्ता, प्रीतम साहू, बालगोविंद सोनी, अमित कुमार गुप्ता, आजसू नेता पंकज साहा, कंचन यादव, नरेश महतो, संजय दुबे, कर्मचारी साव, उदय मेहता, विधा अलंकार सहित अन्य गणमान्य लोग सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद हैं ।

### सांसद मनीष जायसवाल के धरने का असर शुरूः ऋत्विक ने शुरू किया तालाब के मेढ़ का निर्माण कार्य



हज़ारीबाग। हज़ारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल के चट्टीबरियातू के ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठने के तुरंत बाद, एनटीपीसी की आउटसोर्स कंपनी ऋत्विक हरकत में आ गई है। बीती रात चुपके से काटे गए बड़ा तालाब (लातो आहर) के मेढ़ के निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। हालांक सांसद मनीष जायसवाल का धरना अभी लगातार डेढ़ घंटे से जारी है।केरेडारी प्रखंड के ग्राम चट्टीबरियातू में स्थित इस तालाब के मेढ़ को बीती रात्रि ऋत्विक कंपनी द्वारा चुपके से काटकर पानी निकालने का प्रयास किया गया था। ग्रामीणों के तीव्र विरोध के बाद काम कर रहे लोग मशीन छोड़कर भाग गए थे।आज सुबह सांसद मनीष जायसवाल ने घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने एनटीपीसी के अधिकारियों से दो टूक बात करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि कंपनी तुरंत तालाब के काटे गए मेढ़ को भरे और किए गए ड्रिल को बंद करे। सांसद ने साफ कहा कि जब तक यह कार्य पूरा नहीं हो जाता, वह ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठे रहेंगे।सांसद मनीष जायसवाल के इस कड़े रुख का ही परिणाम है कि ऋत्विक कंपनी ने तुरंत हरकत में आई और कार्रवाई करते हुए मेढ़ निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है ।

## कांवरियों की सेवा के लिए सेवादारों का जत्था देवघर रवाना



लातेहार : लातेहार शहर के आलोक मोहन सेवा स्मृति आश्रम के सेवादार व स्वaयंसेवकों का जत्था मंगलवार को देवघर के लिए रवाना हुआ. यह जत्था श्रावणी मेले में कांवरियों की सेवा करेगा. स्था.नीय विधायक प्रकाश राम व लातेहार एसपी कुमार गौरव ने सेवादारों को बजरंगी ध्वकजा दिखा कर रवाना किया. विधायक ने कहा आश्रम का यह सराहनीय कार्य है. उन्होंमने संस्थो के संस्थामपक रामनाथ अग्रवाल व संयोजक श्या्म किशोर अग्रवाल का आभार जताया.

एसपी ने भी जत्था के सदस्यों को अपनी शुभकामनायें दीं. कहा कि श्रावण माह में कावंरियों की सेवा एक पुनित कार्य है. संस्थासपक रामनाथ अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2014 से वह कांवरियों की सेवा के लिए संस्थाल के माध्यंम से बाबाधाम मार्ग पर शिविर लगा रहे हैं. इस वर्ष यह शिविर बाबा दरबार से पांच किलोमीटर पहले कांवरिया पथ में सरासनी ग्राम में लगाया जायेगा. शिविर में कांवरियों के लिए जरूरी सुविधायें रहती हैं. सुबह पांच से बजे से संस्थाव के स्व यंसेवक इस कार्य में लग जाते हैं, जो रात के 11 बजे तक चलता है. दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक लंगर चलता है. कांवरिंयों को मेडिकल की भी सुविधा दी जाती है. मौके पर राजधनी प्रसाद यादव, भाजपा जिला अध्योक्ष पंकज सिंह, सांसद प्रतिनिधि अमलेश कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, पवन कुमार, पपन अग्रवाल, गजेंद्र शौंडिक, मुरली अग्रवाल, रंजन शौंडिक, अनूप महलका, विनोद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, दुर्गा प्रसाद, योगेंद्र कुमार आदि मौजूद थे.

## झुलसे मरीजों से मिले मुन्ना सिंह, सड़क की बदहाली पर जताई चिंता



हज़ारीबाग। कांग्रेस पार्टी के पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी और नगर निगम प्रभारी मुन्ना सिंह ने मंगलवार को हजारीबाग में जन सरोकार से जुड़े दो अहम विषयों पर सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई है। मुन्ना सिंह ने सदर प्रखंड के पौंता पंचायत स्थित तुरांव गांव में झुलसे हुए पीड़ितों से शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल जाकर मुलाकात की। उन्होंने भर्ती मरीजों के परिजनों से मिलकर उनकी स्थिति की जानकारी ली, ढांढस बंधाया और उन्हें आश्वस्त किया कि संकट की इस घड़ी में कांग्रेस परिवार उनके साथ है। उन्होंने अस्पताल अधीक्षक प्रो. डॉ. अनुकरण पूर्ति से भेंट कर पीड़ितों के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मानवीय पीड़ा के समय कोई अकेला महसूस न करे, यही कांग्रेस की आत्मा है। इलाज में कोई लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है।इसी क्रम में मुन्ना सिंह ने हजारीबाग की लाखे मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति का जायजा लिया। सड़क पर जल-जमाव, कीचड़ और गंदगी की गंभीर हालत को लेकर उन्होंने स्थानीय नागरिकों से फीडबैक लिया और स्वयं मौके पर स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने कहा यह सड़क आज एनएचएआई के उदासीनता की प्रतीक बन चुकी है। जनता रोज़ाना जिस पीड़ा से गुजरती है, वह किसी भी ज़िम्मेदार व्यवस्था के लिए शर्मनाक है। उन्होंने तत्काल नगर आयुक्त से फोन पर बातचीत कर स्थिति की जानकारी दी और त्वरित समाधान की मांग की। नगर आयुक्त ने बताया कि यह सड़क तकनीकी रूप से एनएचएआई के अधीन आती है, और पूर्व में इसके लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई थी। हालाँकि उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब इसे प्राथमिकता में लेते हुए कार्य किया जाएगा। मुन्ना सिंह ने कहा कि कांग्रेस विरोध की राजनीति नहीं करती, कांग्रेस समाधान के साथ खड़ी होती है। आज हजारीबाग की जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है।

## त्रिवेणी सैनिक इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी ट्रेनिंग ग्राउंड में पासिंग आउट परेड का आयोजन



बड़कागांव(हज़ारीबाग)।हजारीबाग के पकरी बरवाडीह खनन परियोजना के त्रिवेणी सैनिक इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी ट्रेनिंग ग्राउंड में एक शानदार पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया, जो एक यादगार अवसर बन गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीएसएमपीएल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर थे।कार्यक्रम की शुरुआत में लर्निंग एंड डेवलपमेंट हेड अमृतांशु प्रसाद और मुख्य सुरक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार नीरज ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली और सर्वश्रेष्ठ ड्रिल प्रदर्शन करने वाले जवानों को सम्मानित किया। इसमें प्रमोद गंझू ने प्रथम, मोहित कच्छप द्वितीय और अमित कुजूर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें शील्ड प्रदान की गई। अपने संबोधन में उन्होंने इतने कम समय में इतने उत्कृष्ट आयोजन के लिए सभी जवानों और विशेष रूप से मुख्य सुरक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार नीरज और सुरक्षा अधिकारी नवीन सिंह के प्रयासों और कुशल नेतृत्व की सराहना की।उन्होंने इस मौके पर 26 नवनियुक्त बटालियन की भागीदारी को एक ऐतिहासिक कदम बताया, जो न केवल गर्व का विषय है, बल्कि भविष्य के लिए एक प्रेरणादायक पहल भी है। उन्होंने सभी जवानों से अपनी ड्यूटी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने का आग्रह किया और कहा कि उनके इस प्रयास से कंपनी का मिशन सफलता की ओर अग्रसर है। उन्होंने 45 दिनों की कठोर ट्रेनिंग के सफल आयोजन के लिए ट्रेनिंग टीम को भी बधाई दी।

## अत्यधिक वर्षा से खरीफ फसलें नहीं लगी, जिससे किसानों के बीच आर्थिक संकट उत्पन्न



बड़कागांव(हज़ारीबाग)। धान एवं हरी सब्जियों के उत्पादन में महारथ हासिल आज बड़कागांव प्रखंड के किसान परेशानियों से जूझ रहे है, किसान बेरोजगार होकर घरों में बैठे हुए हैं। लगभग डेढ़ महीने से लगभग प्रत्येक दिन अत्यधिक वर्षा होने से खरीफ फसलों की बुवाई नहीं हो पाने से किसानों में मायुषी छाई हुई है, जून जुलाई के मौसम में बोई जाने वाले मुख्यतः खरीफ फसलें मक्का, मूंगफली, अरहर, ज्वार, बाजरा, मुंग, भींडी, झिंगी-परवल, करेला, टमाटर, मिर्च इत्यादि इस वर्ष किसान अपने खेतों में नहीं लगा पाए हैं। वहीं भिंडी, मक्का, टमाटर, करैला, लौकी, बोदी, झिंगी-परवल इत्यादि सब्जियां जो किसान मार्च अप्रैल में खेतों में लगाई हुई थी, पौधा ठीक तैयार हुआ और उसमें पानी जल जमाव होने के वजह से मर सड कर मुरझा गई। अत्यधिक वर्षा होने के कारण धान का बिचड़ा भी किसान समय पर लगा नहीं पाए और जो लगाए हैं उनका आधा से अधिक गल गया जिससे किसान निराश होकर पुनः धान का बिचड़ा लगा रहे हैं। जो किसान डायरेक्ट अपने खेतों में धान की बुवाई करते थे वह भी अभी तक नहीं कर पाए हैं और वह असमंजस की स्थिति में है। किसान की पूंजी बेवजह इस वर्ष बर्बाद हो रही है जिससे किसान कर्ज तले दबे जा रहे हैं।

## पूर्व पार्षद गणपत महतो समर्थकों संग झामुमो छोड़ कांग्रेस में शामिल



धनबादः धनबाद जिला कांग्रेस का मिलन समारोह मंगलवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित किया गया. समारोह में झामुमो नेता व पूर्व पार्षद गणपत महतो अपने दर्जनों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए. कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वालों में राहुल महतो, मागा प्रसाद महतो, राजकिशोर महतो, संतोष महतो, काला चंद्र महतो, लाली महतो, निमाई महतो, मनभूल महतो, बिनोद चंद्र दास, अजय कुमार दास, सुमित दास, शुभम कुमार, अमीत दास, धर्म देव महतो, दीपक कुमार महतो, मोहन महतो शामिल हैं. सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर और सदस्यता रसीद देकर शामिल किया गया.

कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि गणपत महतो जैसे सक्रिय नेताओं के कांग्रेस में आने से पार्टी को ग्रामीण क्षेत्रों में नई ऊर्जा मिलेगी. राहुल गांधी की नीतियों से प्रभावित होकर दूसरे दलों के लोग अब कांग्रेस से जुड़ रहे हैं और संगठन को मजबूती प्रदान कर रहे हैं. प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने गणपत महतो और उनके समर्थकों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को संगठन सृजन अभियान में सक्रिय भूमिका निभानी होगी. कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव मदन महतो, रविरंजन सिंह, बीके सिंह, राजेश्वर यादव, योगेन्द्र सिंह योगी, कयूम खान, अक्षयवर प्रसाद, सुंदर प्रसाद यादव, इरफान खान चौधरी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीता राणा, राजेश राम, एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष गोपाल कृष्ण चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे.

## चक्रधरपुर गुदड़ी बाजार की बर्तन व ज्वेलरी दुकान में चोरी मामले में 2 महिलाएं गिरफ्तार



चक्रधरपुर : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर के गुदड़ी बाजार में दो दिन पहले बर्तन व ज्वेलरी दुकान में हुई चोरी की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है. चक्रधरपुर थाना प्रभारी अवधेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने घटना में शामिल दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है. साथ ही चोरी गए चांदी के जेवर व अन्य सामान भी बरामद कर लिया है. पुलिस दोनों महिला चोरों से पूछताछ कर रही है. चोरी के मामलों में उनकी संलिप्तता का भी पता कर रही है. बरामद जेवरों का मिलान किया जा रहा है. फिलहाल, पुलिस इस मामले में मीडिया को कुछ भी बताने से परहेज कर रही है.

ज्ञात हो कि 5 जुलाई शनिवार की देर रात महिला चोरों ने गुदड़ी बाजार स्थित नरेश प्रसाद की बर्तन व ज्वेलर्स दुकान की एसबेस्टस शीट तोड़कर चांदी के गहने व अन्य सामान की चोरी कर ली थी. दुकानदार को घटना की जानकारी रविवार की सुबह हुई, जब वह दुकान खोलने पहुंचा था. इसके बाद से पुलिस चोरों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी. बताया जाता है कि पकड़ी गईं दोनों महिला चोर शहर से बाहर की हैं. वे चक्रधरपुर में भाड़े के मकान में रहकर अन्य सहयोगियों के साथ चोरी की घटनाओं को अंजाम देती थीं.

## कृषक पाठशालाओं को बनाएं मॉडल, संसाधनों का हो सही उपयोग- डीसी



धनबादः धनबाद डीसी आदित्य रंजन ने समेकित बिरसा ग्राम सहकृषक पाठशाला सहित कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अलकडीहा, गोविंदपुर व टुंडी में कृषक पाठशालाओं को शीघ्र तैयार करें और उनमें केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें. कृषक पाठशालाओं में उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग किया जाए और कृषि विज्ञान केंद्र बलियापुर के माध्यम से प्रति केंद्र 30-30 किसानों को भ्रमण व प्रशिक्षण दिया जाए. ताकि किसान उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाकर अपनी फसल से अधिक पैदावार प्राप्त कर सकें. डीसी ने कहा कि जिला मुख्यालय से शीघ्र ही एक टीम कृषि पदाधिकारी के साथ सभी केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का मूल्यांकन करेगी. बैठक के दौरान डीसी ने सुकर पालन,1000 ब्रायलर व 500 लेयर चिकेन पालन, चारा भंडारण कक्ष व मूत्र टैंक सहित 5 गोवंशों के लिए शेड निर्माण, कृषक पाठशालाओं में मत्स्य पालन व मशरूम कल्टिवेशन यूनिट की प्रगति की समीक्षा की. अधिकारियों से कहा कि योजनाओं को समयबद्ध, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी ढंग से धरातल पर उतारें, ताकि किसानों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके.

**MINOR IRRIGATION DIVISION, RANCHI.**

**e-Procurement Notice**

**e-Tender Reference No. WRD/MID/RANCHI $F_2$ - 06/2025-26**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | **Construction of Single Checkdam on Dhordhara Nala Near Shamshan Ghat Block:- Khelari, Dist- Ranchi.** |
| 2. | Estimated Cost | **Rs. 95.746** |
| 3. | Time of Completion | (11 months) |
| 4. | Date of Publication of E - Tender on website | 29.07.2025 at 2.00 pm |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 04.08.2025 up to 5:00 pm |
| 6. | Last Date for online Submission of tender fee and EMD | e-Procurement Portal **(jharkhandtenders.gov.in)** 04.08.2025 up to 5:00 pm |
| 7. | Date of Opening Tender | 06.08.2025 at 2:00 pm |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, M.I. Division, Ranchi, Room No. 302, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi |
| a. | Contact no. of e-Procurement officer | 0651-3512781 |
| b. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-3512781/Email ID- eemidran-cemr-jhr@nic.in |

**Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Ranchi.

PR 356788 (Minor Irrigation) 25-26 (D)

# संक्षिप्त खबरें

## हेहल अंचल कार्यालय में चौथी बार हुई चोरी




**रांची**: राजधानी रांची में चोरों का दुस्साहस ऐसा कि वो सरकारी दफ्तरों को भी बार-बार निशाने पर ले रहे हैं. ऐसा ही एक ऑफिस है हेहल अंचल कार्यालय, जहां चौथी बार चोरी की वारदात हुए है. हेहल अंचल कार्यालय में फिर से चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. लगातार चौथी बार हेहल अंचल में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है. इस बार चोरों ने अंचल कार्यालय से कई कीमती सामानों पर हाथ साफ किया है. दरसअल, रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र स्थित हेहल अंचल कार्यालय को एक बार फिर चोरों ने निशाना बनाया है. चोरों ने सोमवार रात अंचल कार्यालय में बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है. चोरों ने हेहल अंचल कार्यालय में रखे फ्रिज, सीपीयू, वाटर प्यूरीफायर समेत कई सामान लेकर फरार हो गए. जब मंगलवार की सुबह कर्मचारी दफ्तर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि सभी दरवाजे के ताले टूटे थे और अंदर रखा कीमती सामान गायब था. पुलिस के मुताबिक, हाल के वर्षों में हेहल अंचल कार्यालय में चौथी बार चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है.

## पूर्णिया की घटना बिहार सरकार की विफलता, आदिवासी विरोधी मानसिकता उजागर : नायक



**रांची**: पूर्णिया जिले में एक ही आदिवासी परिवार के पांच सदस्यों को अंधविश्वास के नाम पर जिंदा जलाने की दिल दहलाने वाली घटना न केवल मानवता पर कलंक है, बल्कि यह बिहार की भाजपा गठबंधन सरकार की आदिवासी विरोधी मानसिकता को भी उजागर करती है। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने इस जघन्य अपराध की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इस घटना को आदिवासी समाज के खिलाफ सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा मानता है। इस सम्बंध में आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष श्री विजय शंकर नायक ने बिहार सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, "यह घटना बिहार सरकार की विफलता और आदिवासियों के प्रति उनकी उदासीनता का जीवंत प्रमाण है।

## एन एस एस स्वयं के व्यक्तित्व विकास के साथ - साथ सामुदायिक विकास के लिए प्रेरित करता हैः डॉ मुकुन्द



**राँची**: डोरंडा कॉलेज की एन एस एस द्वारा खिजरी गाँव में चलाए जा रहें सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन कार्यक्रम प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय, रांची के कुलानुशासक डॉ मुकुंद चंद्र मेहता ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वयं के व्यक्तित्व का विकास के साथ सामुदायिक विकास का प्रमुख माध्यम एन एस एस है।उन्होंने कहा कि इन सात दिनों में एन एस एस के स्वयंसेवकों ने इस गाँव के विकास में कार्य किया है इसे आगे भी नियमित रूप से करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आपके जीवन में एन एस एस के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन निश्चित तौर पर हुआ होगा।

## एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत सीसीएल व झारखंड केंद्रीय विवि के टीम ने किया वृक्षारोपण




**रांची**: पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और हरित भविष्य की दिशा में सार्थक पहल करते हुए, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की टीम ने झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, मानतू के सहयोग से "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर सीसीएल के पर्यावरण विभाग के विभागाध्यक्ष श्री राज कुमार, महाप्रबंधक पर्यावरण संगीता, उप प्रबंधक राजीव कुमार सहित अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय से कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दस, डीन प्रो. मनोज कुमार, रजिस्ट्रार के.के. राव, डिप्टी डीन एकेडमिक अफेयर्स सुशील कुमार शुक्ला, वित्त अधिकारी पी.के. पांडा तथा लाइब्रेरियन डॉ. सुजीत कुमार पांडेय ने भी सक्रिय सहभागिता दर्ज की।

## सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना की उपेक्षा से झारखंड को प्रतिदिन करोड़ों का नुकसानः अजय



**संवाददाता रांची**: झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने राज्य के एकमात्र चालू जल विद्युत परियोजना, सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना की उपेक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री हेमंत सोरेन से इस मुद्दे पर त्वरित संज्ञान लेने की अपील की है। एक पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि यह परियोजना भारी वर्षा के चलते जल से लबालब होने के बावजूद निष्क्रिय पड़ी है, जिसके चलते प्रतिदिन राज्य को करोड़ों रुपये की आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। राय ने स्पष्ट किया कि यह परियोजना झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड (JUUNL) के अधीन कार्यरत है और इसकी स्थापित उत्पादन क्षमता 130 मेगावाट है। इसके बावजूद, जब राज्य को सस्ती, स्वच्छ और हरित ऊर्जा की सबसे अधिक आवश्यकता है, यह संयंत्र ठप्प पड़ा हुआ है।

# झारखंड की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास, रेडियोलॉजी सेवाओं को मिलेगा नया आयाम

## रांची के सदर अस्पताल में विकसित होगा रेडियोलॉजी हबः अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग

**रांची**: झारखंड सरकार ने राज्य के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में एक्स-रे,सिटी स्कैन ,एमआरआई जैसी रेडियोलोजी सेवाओं की समान और निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सदर अस्पताल ,रांची में एक केंद्रीय रेडियोलॉजी हब स्थापित करने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हब के माध्यम से राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों को डिजिटल रूप से जोड़ा जाएगा। इस पहल का उद्देश्य दूरदराज और संसाधनविहीन क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को तत्काल, सटीक और डिजिटल रेडियोलॉजिकल रिपोर्टिंग की सुविधा देना है। हब में कार्यरत रेडियोलॉजिस्ट एक्स-रे, सीटी स्कैन और एमआरआई की रिपोर्टों का मूल्यांकन कर संबंधित क्षेत्र और रोगियों को




इमेज सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे।

**परियोजना का उद्देश्यः** अजय कुमार ने इसके मुख्य उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना के माध्यम से टर्नअराउंड समय कम करके रोगियों को त्वरित निदान उपलब्ध कराना। स्वास्थ्य सेवा में एआई आधारित इमेजिंग तकनीक को बढ़ावा देना।शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के बीच स्वास्थ्य सेवाओं की विषमता को कम करना। स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना है।

**सरकारी अस्पतालों को केंद्रीय रेडियोलॉजी हब से जोड़ने से स्वास्थ्य क्षेत्र में निदान क्षमता बढ़ेगीः** अपर मुख्य सचिव अजय कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के अंतिम पड़ाव जैसे सीएचसी ,एसडीएच और रेफरल अस्पतालों को केंद्रीय रेडियोलॉजी हब से जोड़ने से स्वास्थ्य क्षेत्र में निदान क्षमता बढ़ेगी राज्य में रेडियोलॉजिस्टों की कमी से निपटने में मदद मिलेगी साथ ही समय पर रेडियोलॉजी रिपोर्ट ऑनलाइन उपलब्ध होंगे जिससे गंभीर बीमारियों की शीघ्र पहचान और उपचार संभव हो सकेगा।

**नई पहल से चिकित्सा रिपोर्टिंग प्रणाली बनेगी दक्षः** इस नई पहल से न केवल चिकित्सा रिपोर्टिंग प्रणाली दक्ष बनेगी बल्कि। यह कदम झारखंड की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास होगा ।

### हब 24x7 टेलीरेडियोलॉजी रिपोर्टिंग केंद्र के रूप में करेगा काम

**अपर मुख्य सचिव अजय कुमार ने बताया कि यह योजना दो चरणों में कार्यान्वित की जाएगी। पहले चरण में राज्य के सभी सदर अस्पताल इस रेडियोलॉजी हब से जोड़े जाएंगे। इससे उन क्षेत्रों में जहां रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध नहीं हैं, वहां के मरीजों को समय पर रिपोर्ट मिल पाएगी और इलाज में देरी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर 1,21,27,100 (एक करोड़ इक्कीस लाख सत्ताईस हजार एक सौ रुपये) का व्यय अनुमानित है, जिसे स्वीकृति मिल चुकी है। हब के माध्यम से टेक्नीशियनों को उन्नत प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि वे एक्स-रे, एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी तकनीकी प्रक्रियाएं बेहतर ढंग से संचालित कर सकें। यह हब 24x7 टेलीरेडियोलॉजी रिपोर्टिंग केंद्र के रूप में काम करेगा।**

## रांचीः बगैर ट्रेड लाइसेंस संचालित हो रहे 14 दुकानों को निगम ने किया नोटिस

**रांची**: नगर निगम की ओर से अपर बाजार और बूटी मोड़ क्षेत्रों में बगैर ट्रेड लाइसेंस संचालित हो रहे कई व्यवसायिक दुकानों के विरुद्ध मंगलवार को छापेमारी जांच अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व निगम के सहायक प्रशासक चन्द्रदीप कुमार ने की। उन्होंने कहा कि नगर निगम का यह विशेष अभियान आगे भी शहर के अन्य हिस्सों में जारी रहेगा। मौके पर अपर बाजार स्थित पांच प्रतिष्ठानों विशाल टायर, राजस्थान मोटर, शेट्टी टायर, मूलचंद जैन एंड संस और विजय टायरकी जांच की गई। वहीं बूटी मोड़ क्षेत्र में कुल 14 प्रतिष्ठानों अभय मेडिकल, शंकर नर्सरी, अन्नू इलेक्ट्रिकल, ऑटो सैलून, अश्विन अमृत तुलवा, विशाल फोम हाउस, रामा होटल, सोना स्वीट्स, एस एस प्रोफेशनल्स, माहेश्वरी स्वीट्स, प्रेमा हॉस्पिटल, बाबा कैफे, सिमरन स्टेशनरी और दवाई दोस्त का




निरीक्षण किया गया। निगम ने उक्त सभी प्रतिष्ठानों के संचालकों को नोटिस जारी करते हुए आगामी तीन दिनों के भीतर ट्रेड लाइसेंस बनवाने का निर्देश दिया। जांच अभियान में मुख्य रूप से नगर प्रबंधक, निगम के कर संग्रहकर्ता और मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स के कर संग्रहकर्ता शामिल थे।

## सर्वजन पेंशन योजनाः रांची जिला में लाभुकों को जुलाई माह की पेंशन राशि का भुगतान

**संवाददाता रांचीः** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत रांची जिला में पेंशनधारियों को जुलाई महीने की पेंशन राशि का भुगतान कर दिया गया है। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, मंजूनाथ भजन्त्री निर्देशानुसार राज्य संपोषित सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत जिले में कुल 2 लाख 37 हजार 555 लाभुकों के बैंक खाते में पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की गयी है।

मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना, एचआईवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना, ट्रांसजेंडर/तृतीय लिंग के व्यक्तियों हेतु मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत लाभुकों के बैंक खाते में एक-एक हजार रुपये का भुगतान किया गया है।



### जुलाई महीने में लाभुकों की संख्या

| | |
|---|---|
| - मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना | 339 |
| - एचआईवी/एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना | 411 |
| - मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना | 47474 |
| - मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना | 169124 |
| - स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना | 20200 |
| - मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना (ट्रांसजेंडर) | 07 |

**पेंशन प्राप्त नहीं हुआ तो लाभुक ''अबुआ साथी'' (9430328080) पर शिकायत करें.**

राज्य संपोषित सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत रांची जिले में लाभुकों को इस वर्ष जुलाई माह तक की पेंशन राशि का डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में भुगतान कर दिया गया है। वैसे लाभुक जिन्हें किसी कारणवश पेंशन राशि प्राप्त नहीं हुई है वो जन शिकायत हेतु जिला प्रशासन के व्हाट्सएप नंबर- 9430328080 ''अबुआ साथी'' पर शिकायत कर सकते हैं, प्राप्त शिकायत पर सामाजिक सुरक्षा कार्यालय द्वारा समुचित कार्यवाही की जायेगी। साथ ही संबंधित अंचल में भी आवेदन दिया जा सकता है।

## धोनी के जन्मदिन पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

**संवाददाता रांचीः** महेंद्र सिंह धोनी के जन्मदिन के अवसर पर छात्र क्लब चिकित्सा मंच यूनिट(छात्र क्लब ग्रुप) की ओर से निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन चेन्नई ऑप्टिकल(पिस्कामोड़ कांति मार्केट)मे किया गया।शिविर का शुभारंभ क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, वरीय संरक्षक विजय कुमार पाठक, लीगल एडवाइजर अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्य एवं प्रसिद्ध समाजसेवी मो.रियाजउद्दीन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जाने माने प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पूजा रानी एवं डॉ.एम.ए.आलम द्वारा 13 लोगों के नेत्रों की जांच की गई साथ ही उन्हें नेत्रों के बीमारियों से बचने के लिए आवश्यक टिप्स भी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्यरूप से मोहम्मद सद्दाम अहमद,अशोक कुमार राणा आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए तैयार करेगी पांच सेक्शन

**रांचीः** प्रदेश कांग्रेस अंतर्गत रांची जिले के कार्यकारी अध्यक्ष महासचिवों की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कमलेश ने कहा कि बैठक का मूल उद्देश्य प्रदेश स्तर पर संगठन को व्यवस्थित करने के लिए आपसी समन्वय बनाने को लेकर था।



उन्होंने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन में निचले स्तर तक समन्वय रखने, उनसे सूचना प्राप्त करने और सूचनाओं को साझा करने, समय समय पर विभिन्न वैधानिक निकायों की बैठकों में जाने, सरकार एवं अन्य स्रोतों से सूचनाओं मिलने तथा पत्राचार करने सहित अनेक कार्य हैं।

उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को व्यवस्थित करने के लिए पांच सेक्शन का गठन किया जाएगा। इनमें एआईसीसी से पत्राचार करने, विधायक मंत्रियों से पत्राचार और संवाद के लिए एक सेक्शन, संगठन सृजन के तहत चल रहे कार्यक्रमों के लिए प्रदेश से लेकर प्रखंड स्तर तक के लिए एक सेक्शन, 20 सूत्री बोर्ड निगम सहित जितनी कमिटियां बनी हैं उसका डाटा और कांग्रेसजनों के डाटा लिए एक सेक्शन और ग्रामीण नगर निकाय के चुनाव के लिए एक सेक्शन बनाया जाएगा। ताकि, सभी से संबंधित डाटा का संधारण तरीके से किया जा सके। ऐसे पदाधिकारी को जिम्मेवारी दी जाएगी जो संगठन और कार्यालय में समय दे सकें।

कमलेश ने कहा कि 10 जुलाई को प्रभारी के राजू की उपस्थिति में कांग्रेस विधायकों की बैठक से और राजनीतिक मामलों की कमेटी की बैठक होगी। विधायकों की बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी और चर्चा के बाद निकली राय को कमेटी के समक्ष रखा जाएगा। इसके बाद आगामी 14 जुलाई को नेता राहुल गांधी से सभी विधायक और मंत्री मुलाकात कर संगठन के कार्यों कार्यक्रमों एवं झारखंड में कांग्रेस के मंत्रियों के कार्यों तथा राज्य सरकार के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, विधायक सुरेश बैठा, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, संजय पांडे, अमूल्य नीरज खलखो, सुरेंद्र सिंह, विनय सिन्हा दीपू, राजेश गुप्ता छोटू, सूर्यकांत शुक्ला, सोनाल शांति सहित अन्य उपस्थित थे।

## हर मंगलवार को सभी अंचलों में जनता दरबार

**संवाददाता रांचीः** रांची जिला प्रशासन द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी राँची, मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिले के सभी प्रखंडो एवं अंचलों में जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य जनता की शिकायतों को सुनना, उनकी समस्याओं को समझना और यथासंभव तत्काल निष्पादन सुनिश्चित करना है। 8 जुलाई को सभी प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों ने जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। उपायुक्त के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप सभी प्रखंड एवं अंचल अधिकारियों ने इन समस्याओं को गंभीरता से लिया। कई फरियादियों की शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को शीघ्र कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

## युवाओं को जोड़ने में जुटा आजसू, प्रदेश कार्यालय से लेकर कई जिलों में मिलन समारोह हुआ आयोजित




**रांचीः** संगठनात्मक मजबूती में जुटा आजसू इन दिनों युवाओं को पार्टी में शामिल करने में जुटा है. इसके तहत मंगलवार 8 जुलाई को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आजसू का मिलन समारोह आयोजित किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने आजसू का दामन थामा. पार्टी में लगातार शामिल हो रहे युवाओं को देखकर पार्टी के नेताओं में खुशी दिखी. पिछले विधानसभा चुनाव में निराशा हाथ लगने के बाद पार्टी में शामिल हो रहे युवाओं को देखकर आजसू नेता प्रवीण प्रभाकर कहते हैं कि आजसू पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों से प्रभावित होकर कई दूसरे दलों के समर्थक आजसू का दामन थाम रहे हैं. यह कोई चुनाव का समय नहीं है फिर भी पार्टी के सिद्धांतों से प्रभावित होकर लोग आजसू की ओर आकर्षित हो रहे हैं.उन्होंने कहा कि नए सदस्यों के आने से पार्टी संगठन और मजबूत होगा. प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि जब आजसू की ताकत को लोग कम आंक रहे हैं वैसी परिस्थिति में भी पार्टी में लोग शामिल हो रहे हैं. यह खुशी की बात है. लगातार या सिलसिला जारी है. अभी कुछ दिन पहले खूंटी में मिलन समारोह आयोजित किया गया था. उसके बाद रामगढ़ में हुआ फिर धनबाद में बड़ी संख्या में युवा, नौजवान पार्टी में शामिल हुए. आजसू कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी में शामिल होने आए युवाओं को पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया. इस मौके पर आजसू छात्र संघ के अध्यक्ष ओम वर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि राजधानी रांची के अलावा झारखंड के अन्य कई जिलों में भी नए लोगों का आजसू में शामिल होने का सिलसिला जारी है.

# बीआईटी ने युनिवर्सिटी ऑफ जॉर्जिया के सहयोग से इंटरनेशनल कॉन्फ्रैन्स ऑन फूड कैमिस्ट्री, माइक्रोबायोलोजी एण्ड प्रोसेस इंजीनियरिंग फॉर वैलनैस एण्ड हेल्थ सम्मेलन की घोषणा की

**संवाददाता रांचीः** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा रांची, जो भारत के प्रमुख तकनीकी संस्थानों में से एक है, ने युनिवर्सिटी ऑफ जॉर्जिया के सहयोग से इंटरनेशनल कॉन्फ्रैन्स ऑन फूड कैमिस्ट्री, माइक्रोबायोलोजी एण्ड प्रोसेस इंजीनियरिंग फॉर वैलनैस एण्ड हेल्थ (FCMPE WellH 25) की घोषणा की है। जो 10 और 12 जुलाई को बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा, रांची में होगा।

FCMPE WellH 25 एक ऐतिहासिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है जिसमें देश-विदेश से 400-500 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इनमें अकादमिकज्ञ, शोधकर्ता, उद्योग जगत के लीडर्स, उद्यमी, नीति निर्माता और छात्र शामिल होंगे। सम्मेलन का विषय होगा- 'सस्टेनेबल प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजीज़ फॉर फूड सिक्योरिटी, पब्लिक हेल्थ एण्ड न्यूट्रिशन थ्रू एकेडमिया-इंडस्ट्री कोलाबोरेशन' जो अकादमिक-उद्योग जगत के बीच साझेदारियों को बढ़ावा देगा।



विश्वस्तरीय विशेषज्ञों की ओर से व्याख्यान, टेकनिकल पेपर प्रेज़ेन्टेशन, पैनल चर्चाएं, पोस्टर सत्र, फ्लैश चर्चाएं, क्विज़ प्रतियोगिताएं और ओद्योगिक प्रदर्शनी कार्यक्रम का आकर्षण केन्द्र होंगी, जहां फूड बायोटेक्नोलॉजी एवं सस्टेनेबल फूड प्रोसेसिंग में आधुनिक इनोवेशन्स और समाधानों का प्रदर्शन किया जाएगा।

विश्वस्तरीय चुनौतियों जैसे खाद्य सुरक्षा, कुपोषण, आहार संबंधी बढ़ती बीमारियों और पर्यावरणी समस्याओं को देखते हुए FCMPE WellH 25 एक महत्वपूर्ण आयोजन है। सम्मेलन का उद्देश्य है ऐसी सस्टेनेबल फूड प्रोसेसिंग तकनीकों को बढ़ावा देना जो खाद्य सुरक्षा, पोषण और गुणवत्ता को सुनिश्चित करती हैं। खासतौर पर भारत की विकसित होती बायोइकोनोमी में अकादमिक इनोवेशन और ओद्योगिक अनुप्रयोगों के बीच के अंतर को दूर करना। ज्ञान के आदान-प्रदान और सहयोगपूर्ण उद्यमों के माध्यम से राष्ट्रीय मिशन्स जैसे नेशनल बायोटेक्नोलॉजी डेवलपमेन्ट स्ट्रैटेजी और आत्मनिर्भर भारत को समर्थन प्रदान करना। युवा शोधकर्ताओं, नए वैज्ञानिकों एवं स्टार्ट-अप्स को ऐसा मंच प्रदान करना जहां उन्हें अपने इनोवेशन्स को दर्शाने तथा राष्ट्रीय- अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों और उद्योगों के साथ साझेदारियों का मौका मिले। यह सम्मेलन सिर्फ एक अकादमिक मंच नहीं बल्कि राष्ट्रीय निर्माण का प्लेटफॉर्म है जो भारत को सस्टेनेबल फूड बायोटेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित करेगा। झारखण्ड के जैविक संसाधनों, वन उत्पादों एवं कृषि आधारित उद्यमों की क्षमता पर विशेष फोकस जो क्षेत्र के समावेशी विकास को सुनिश्चित करेगा। सम्मेलन का उद्देश्य कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करना, फंक्शनल एवं फोर्टीफाईड फूड को बढ़ावा देना, तथा व्यक्तिगत पोषण एवं खाद्य प्रत्यास्थता के लिए एआई, आईओटी एवं 3डी फूड प्रिंटिंग एवं माइक्रो-बायोम आधारित इनोवेशन्स को प्रोत्साहित करना है।

**अकादमिक एवं उद्योग जगत के बीच साझेदारीः**यह सम्मेलन विभिन्न सेक्टरों के बीच बातचीन के लिए हब की भूमिका निभाएगा। यह बीआईटी मेसरा तथा उद्योग जगत के दिग्गजों, बायोटेक स्टार्टअप्स, फूड टेक्नोलॉजी फर्मों, सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों के बीच साझेदारी को प्रोत्साहित करेगा। साथ ही टेक्नोलॉजी के आदान-प्रदान, उद्यमों के विकास तथा खाद्य सुरक्षा एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बड़े पैमाने के इनोवेशन्स को बढ़ावा देगा।

## आंगनबाड़ी सहायिका और सेविकाएं आज करेंगी प्रदर्शन

**रांचीः** झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन ने आगामी नौ जुलाई को प्रदेश भर के सभी प्रखंड और जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करने की घोषणा की है। यह जानकारी यूनियन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के धरना प्रदर्शन को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम भी एक ज्ञापन मुख्यमंत्री सचिवालय को सौंपा गया है। सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार की मौजूदा नीतियों के कारण श्रमिकों के अधिकारों का हनन हो रहा है। आंगनबाड़ी कर्मियों के समक्ष कई नई समस्याएं खड़ी हो गई हैं। ऐसे में यूनियन ने आह्वान किया है कि सभी सेविका-सहायिकाएं इस आंदोलन में भाग लेकर इन नीतियों का विरोध करेंगी। उन्होंने बताया कि यूनियन की मांगों में आंगनबाड़ी कर्मियों को स्थायी कर्मचारी का दर्जा देने, मानदेय में बढ़ोतरी करने और काम की अवधि को तय करना शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें...

### चौपारण में केशरवानी महिला समिति का हुआ गठन, सुषमा केसरी बनीं अध्यक्ष



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चौपारण (हजारीबाग) प्रखंड एवं स्थानीय स्तर पर समाज को संगठित करने और महिलाओं को सामाजिक मंच पर नेतृत्व देने के उद्देश्य से चौपारण स्थित केशरवानी आश्रम परिसर में सोमवार को केशरवानी महिला समिति का गठन किया गया। समाज की दर्जनों महिलाओं की उपस्थिति में सर्वसम्मति से सुषमा केसरी को अध्यक्ष चुना गया। समिति के अन्य पदाधिकारियों में संगीता केसरी को उपाध्यक्ष, उमा केसरी को सचिव, अनीता केसरी को उपसचिव, सोनी केसरी को कोषाध्यक्ष, संध्या केसरी एवं अंजनी केसरी को सह-कोषाध्यक्ष तथा प्रभा देवी को वैवाहिक मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही संगठन की सक्रियता बढ़ाने के लिए प्रीति केसरी, आरती केसरी, ज्योति केसरी, सुमन केसरी, किरण केसरी एवं श्वेता केसरी को एक्टिव मेंबर के रूप में चयनित किया गया। समिति के गठन के दौरान समाज की वरिष्ठ महिलाओं ने कहा कि यह नई कमेटी न सिर्फ सामाजिक आयोजनों में नेतृत्व प्रदान करेगी, बल्कि महिला सशक्तिकरण, वैवाहिक सामंजस्य, शिक्षा एवं समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में भी सक्रिय योगदान देगी। अध्यक्ष सुषमा केसरी ने कहा कि वह पूरी टीम के साथ समाज की महिलाओं को एकजुट कर रचनात्मक कार्यों में लगेंगी। महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य होगा।समिति के गठन पर केशरवानी समाज के तमाम गणमान्य लोगों ने नवगठित टीम को बधाई दी। सभी ने आशा जताई कि यह महिला समिति समाज की परंपराओं को सहेजते हुए आधुनिक सामाजिक चुनौतियों का सामना भी संगठित रूप से करेगी। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित सदस्यों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गईं। महिला समिति की यह पहल चौपारण में सामाजिक एकता और जागरूकता की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

### ओरमांझी प्रखंड मुख्यालय गेट पर गाड़ी खड़ा करना लोगों को पड़ा महंगा,चक्का का बीडीओ ने निकाला हवा



ओरमांझी(मोहसीन): ओरमांझी प्रखंड मुख्यालय परिसर के अंदर प्रवेश द्वार के समीप खड़ा करने वाले गाड़ियों का चक्का से प्रखंड विकास पदाधिकारी रामेश्वर बेदिया ने हवा निकाल नसीहत किया की आज के बाद मुख्य द्वारा के पास जो व्यक्ति भी अपना गाड़ी खड़ा करेगा उस व्यक्ति पर कार्रवाई की जाएगी,क्योंकि मुख्य द्वार के समीप गाड़ी खड़ा करने से प्रखंड मुख्यालय आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है,वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कर्मचारियों को आदेश दिया है कि गाड़ियों को प्रखंड परिसर के गाड़ी स्टैंड में ही गाड़ी खड़ा करवायें,साथ ही साइन बोर्ड लगाने का आदेश दिया,ताकि लोग अपना गाड़ी सही तरीके से लगा सके, प्रखंड मुख्यालय परिषर में इधर-उधर गाड़ी खड़ा करने की वजह से प्रखंड मुख्यालय आने वाले बुजुर्ग महिला सहित आम जनों एवं प्रतिनिधियों को काफी परेशानी होती है,लोगों के गाड़ियों का हवा निकालने के बाद लोगों से कहा कि इस तरह आइंदा अपने गाड़ी खड़ा ना करें आप लोगों के लिए पार्किंग बनाया गया है वहीं गाड़ी खड़ा करें,गाड़ियों के चक्का से हवा निकालने के बाद लोग पैदल गाड़ी में हवा भरवाने चले गए।

### श्रीकान्त बने अंबिका ब्राह्मण एकता मंच के राष्ट्रिय संयोजक एवं झारखण्ड प्रदेश प्रभारी



कोलांचल संवाद संवाददाता

चतराःअंबिका ब्राह्मण एकता मंच की राष्ट्रीय बैठक से बिहार झारखंड प्रदेश की समिति गठन दिनांक को पटना दरोगा राय पथ पंच मंदिर के प्रांगण में आहुत की गई। जिसका नेत्तृत्व राष्ट्रीय संयोजक पंडित ब्रजेश पांडेय एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित मुकेश पांडेय के द्वारा की गई वहीं मंच संचालन शिक्षक अवधकुमार पाण्डेय एवं श्रीकांत पांडेय द्वारा की गई बैठक के मुख्य अतिथि बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर रणबीर नंदन के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया बैठक का सफल संचालन करते हुए पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें बिहार प्रदेश के बिहटा दरियापुर से पंडित विश्वसेन पांडेय को राष्ट्रीय सहसंयोजक, झारखंड प्रदेश के जांगी ग्राम चतरा से श्रीकांत पांडेय को राष्ट्रीय सह संयोजक सह झारखंड प्रदेश प्रभारी तथा अमित पांडेय को संयोजक प्रदेश संयोजक संतोष पांडेय को महामन्त्री तथा भृगु नंदन पांडेय को राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार एवं प्रदेश सलाहकार शंकर पांडेय को राष्ट्रीय सदस्य बनाया गया बैठक में सैकड़ों ब्राह्मण समाज के गणमान्य मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों की साइकिल लदा टेंपो पलटा, बड़ी घटना टली



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराः जिले के टंडवा क्षेत्र में रेलवे लाइन निर्माण और कंस्ट्रक्शन कार्य में लगी रॉयल कंपनी की मनमानी और लापरवाही से छात्र छात्रों के साथ आज बड़ी अनहोनी घटना टल गई। टंडवा प्रखंड कार्यालय से सरकारी साईकिल लेकर छात्रों से भरा ऑटो दलदल कीचड़मय सड़क में अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गया। घटना में ऑटो पर सवार स्कुली छात्र बाल-बाल बच गए। ऑटो में लोड सरकारी साइकिल क्षतिग्रस्त हो गया। घटना टंडवा प्रखंड क्षेत्र के फुलवरिया गांव की है। घटना से आक्रोशित लोगों ने शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाईन निर्माण मे लगी रॉयल कंपनी, झांझरिया पॉवर पर कार्रवाई का मांग किया है।

### झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष शबनम परवीन ने किया चतरा का दौरा

कोयलांचल संवाद संवाददाता



चतराः झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष-सह-सदस्या शबनम परवीन ने मंगलवार को चतरा जिले का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की जमीनी स्थिति, प्राप्त शिकायतों के निष्पादन की प्रगति तथा झारखण्ड राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष के क्रियान्वयन की जिला एवं पंचायत स्तर पर समीक्षा की। इस संबंध में परिसदन भवन, चतरा में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में माननीय प्रभारी अध्यक्ष ने संबंधित पदाधिकारियों से योजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभुकों को समय पर एवं पारदर्शी रूप से लाभ उपलब्ध कराया जाए, तथा यदि किसी भी स्तर पर शिकायत प्राप्त होती है तो उसका शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान खाद्य सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा एवं समीक्षा की गई। जिनमें मुख्य रूप से अग्रांकित बिंदुओं पर विशेष रूप से परिचर्चा की गई।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों की अद्यतन स्थिति, निपटान की गुणवत्ता और समयावधि।आकस्मिक खाद्यान्न कोष के जिला स्तर पर आवंटन, पंचायत एवं नगर निकाय स्तर पर राशि की उपलब्धता, व्यय की प्रगति, तथा लाभान्वित लाभुकों की संख्या। लाभुकों तक योजनाओं की पहुँच, उनकी पात्रता सत्यापन की प्रक्रिया एवं सूचना पारदर्शिता के स्तर। अध्यक्ष महोदया ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में जन सहभागिता, नियमित अनुश्रवण तथा शिकायत निवारण तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।

## केंद्रीय श्रमिक संगठनों का देशव्यापी हड़ताल संयुक्त मोर्चा ने झोंकी ताकत

### पिपरवार,अशोका और जीएम ऑफिस मे संयुक्त मोर्चा पिपरवार ने की गेट मिटिंग

कोयलांचल संवाद संवाददाता




पिपरवार(चतरा) केंद्रीय श्रमिक संगठनों के द्वारा बुधवार को एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल की घोषणा की गई है। इस हड़ताल को सफल बनाने के लिए संयुक्त मोर्चा पिपरवार ने पूरी ताकत झोंक दी है। श्रमिक प्रतिनिधियों के द्वारा पिपरवार क्षेत्र के सभी परियोजना कार्यालय,पीट ऑफिस,वर्कशॉप आदि जगहों पर गेट मीटिंग,पीट मीटिंग एवं सभा आयोजित कर कोयला मजदूरों से हड़ताल को सफल बनाने की अपील की है। मंगलवार को पिपरवार संयुक्त मोर्चा के द्वारा अशोका परियोजना, पिपरवार परियोजना, सीएचपी व सीपीपी परियोजना एवं पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समीप गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि चार लेबर कोड मजदूरों को गुलामी प्रथा में धकेलने वाला काला कानून है। यह लेबर कोड पूंजीपतियों के दबाव में बनाया गया है। वर्तमान में मजदूरों के हक व अधिकार को समाप्त करने का काम किया जा रहा है, मजदूरों की सुविधाओं में कटौती जारी है,जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गेट मीटिंग में सभी मजदूरों से हड़ताल को सफल बनाने की अपील की। वही हड़ताल की पूर्व संध्या पर बचरा चार नंबर चौक में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया,जिसमें केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सभी लोगों से हड़ताल को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर रविंद्रनाथ सिंह,इस्लाम अंसारी,अरविंद शर्मा,भीम सिंह यादव,भीम प्रसाद मेहता,इकबाल हुसैन, मोहम्मद अब्दुल्लाह,धनेश्वर गंझु,केके चतुर्वेदी,अनिल कुंवर,रामू गोप,आरके सिंह, सोमर गंझु,मोहम्मद जैनुल, प्रयाग मिस्त्री,सेवक गंझु, अनीत कुमार,राजकुमार, गुरदयाल सिंह,अर्जुन गंझु, विनोद कुमार,श्याम सुंदर महतो,साहिब राम सतनामी, रियाज अंसारी,आरएन पंडित,विकास कुमार,बद्री साव,दिलीप महतो,रमेश कुमार,नगीया देवी,गीता देवी,हेमराज प्रजापति, लालमन उरांव,संजय ठाकुर, जलेसर यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में मृत ऑटो चालक की पत्नी ने बोलेरो वाहन के मालिक के विरुद्ध थाने में दिया आवेदन

### शराब पीकर वाहन चलाने का बोलेरो मालिक पर लगाया आरोप

कोयलांचल संवाद संवाददाता



इटखोरी : बीते मंगलवार को बोलेरो और टेम्पू में हुई जोरदार टक्कर जिसमें धनखेरी निवासी 45 वर्षीय मारूफ अंसारी का मौत हो गया, जिसके बाद मंगलवार को मारूफ अंसारी की पत्नी नाजिया खातून ने थाने में आवेदन दिया है, दिए गए आवेदन में 07/07/25 को अपने टेम्पू जिसका नंबर जे एच02बी के-7589 है चौपारण से सवारी बैठा कर इटखोरी वापस आ रहें थे उसी समय विपरीत दिशा से काफी तेज गति में इटखोरी की और एक बेलोरो जा रहा जिसका नंबर जेएच02-7409 से मेरे पति के टेम्पू में भद्रकाली कॉलेज के पास धका मार दिया जिसके बाद उनके हाँथ दाँत पैर टुट गया और सिर में गंभीर चोटे लगी ग्रामीणों द्वारा मेरे पति को इटखोरी सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में भर्ती कराया जहां इलाज कर बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया,जाने के क्रम में पदमा सरैया के पास दम तोड़ दिए। प्रखंड के माधोपुर निवासी बेलोरो गाड़ी के मालिक प्रवीण राणा पिता सुरेश राणा नशे में धुत हो कर गाड़ी चला रहा था। मेरा टेम्पू भी क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं घायल महिला अम्बिया देवी के भाई शम्भु यादव ने भी इस संदर्भ में थाने में आवेदन दिया है।

### आर टी सी कॉलेज दड़दाग में नशापान और युवा विषय पर सेमिनार आयोजित

## नशापान व्यक्ति को नकारा व समाज को खोखला कर रहा हैः प्रो भीम महतो



ओरमांझी(मोहसीन): राम टहल कॉलेज, दड़दाग,ओरमांझी के विवेकानंद समागार में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना,एनसीसी एंव आईयुएसी के तत्वाधान में नशापान और युवा विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया।सेमीनार में विषय प्रवेश कराते हुए प्रो.शैलेन्द्र मिश्र ने कहा कि भारत युवाओं का देश है लेकिन यह भी सच है कि इस तबका की बड़ी आबादी नशा का शिकार है। नशा के विरुद्ध एक साझा कोशिश समाज और सरकार को करनी चाहिए। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ.भीम महतो ने कहा कि नशापान समाज को खोखला कर रहा है जिससे कई प्रकार की बीमारिया हो रही है। इसे रोकना हमारा सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्व है।सेमीनार में प्रो.इमरान अंसारी ने कहा की नशा कितने परिवारों को उजाड़ दिया,कितने बच्चे बाप से महरूम हो गये,प्रो. रीता कुमारी ने कहा सड़क दुर्घटना में सबसे अधिक संख्या नशापन करने वालों की होती है, इसके लिए सभी को आगे आना होगा,प्रो.मीनू कुमारी युवा वर्क नशा के लत में आकर मानसिक संतुलन खोल रहे हैं, जिसके चलते तरह-तरह की बीमारियां देखने को मिल रही है, मुंह के कैंसर पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है,डॉ.अनुराधा ने नशापान के विभिन्न तरीकों एवं उससे बचाव पर चर्चा की। सेमीनार का संचालन एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो.गफ्फार अंसारी एवं धन्यवाद ज्ञापन छात्रा लक्ष्मी छाया ने की। मौके पर ऊप प्राचार्य जोगेंद्र ठाकुर, प्रोफेसर प्रेमनाथ मुंडा,मीनू कुमारी,रेणु चौधरी,कृष्ण कुमार,विजय महतो,मेजर रणजीत कुमार सिंह,कैलाश ठाकुर,मंजुमा नाजी,अलका तिर्की,सरोज कुमारी,मीना कुमारी,लक्ष्मण महतो सहित कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं एव छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### भाजपा का प्रतिनिधि मंडल आनंदी के बिजली मिस्त्री उमेश के परिजनों से मिला

## उच्च स्तरीय जाँच कर दोषियों पर करवाई करने व मुआवजा राशि जल्द देने की मांग किया



ओरमांझी(मोहसीन): भाजपा का एक प्रतिनिधिमण्डल मंगलवार को उमेश महतो के परिजनों से मुलाक़ात की और संतावना दिया.ज्ञात हो कि ओरमांझी के आनंदी गांव में बिजली विभाग के लाइनमैन उमेश महतो की मौत बिजली विभाग की लापरवाही के कारण सोमवार की सुबह सात बजे हो गयी थी l एक तरफ विभाग के अधिकारीयों के द्वारा लाइन ख़राब होने पर लाइन ठीक करने के लिए लाइनमैन को कहा,अपने अधिकारीयों के आदेश पर मृतक लाइन ठीक करने पोल में चढ़ा,लेकिन विभाग की लापरवाही यह रही कि लाइनमैन बिजली बनाने पोल में चढ़ा और बिना किसी जानकारी के लाइन जोड़ दिया, यह विभाग के द्वारा अपने कर्मचारी की हत्या है.मृतक एक मात्र घर का कमाऊ सदस्य थे साथ ही संवेदनशील सामाजिक व्यक्ति भी थे,मृतक की पत्नी आशा देवी ने कहा कि अगर विभाग अपने कहे अनुसार काम नहीं करता है तो परिवार और बच्चे की परवरिश कैसे करेंगी,विभाग के लोगों ने जानबूझ कर उनके पति की हत्या की है इसलिए दोषियों को सजा मिलनी चाहिए.प्रतिनिधि मण्डल ने मृतक के परिजनों हिम्मत बंधाया और हर संभव मदत का भरोसा दिया साथ ही प्रतिनिधिमण्डल ने इस हत्याकांड की उच्च स्तरीय जाँच करने,दोषियों पर कड़ी करवाई करने,मौत के बाद समझौते के अनुसार मृतक के परिजन को मुआवजा, पेंशन,बीमा की राशि और नौकरी देने पर अविलम्ब करवाई करने अन्यथा उग्र आंदोलन करने की बात कही,प्रतिनिधि मण्डल में भाजपा के मण्डल अध्यक्ष दिलीप कुमार मेहता,प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नेहा सिंह,जिला उपाध्यक्ष किरण देवी,संतोष कुशवाहा,अजित महतो, निखिल नायक,वंशी तिग्गा,सूरज कुजूर, द्रौपदी देवी,कंचन देवी,नरेश महतो,झरी महतो उपस्थित थे।

### चाईबासा में बारिश से कच्चे मकान का छज्जा गिरा, महिला ने भागकर बचाई जान



चाईबासा : पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा जिले में लगातार हो रही बारिश से एक और कच्चे मकान का छज्जा गिर गया। जैंतगढ़ क्षेत्र में हुई इस घटना में मकान में मौजूद महिला ने समय रहते भागकर अपनी जान बचा ली। जिले में लगातार हो रही बारिश से कच्चे मकानों को नुकसान पहुंच रहा है। विभिन्न क्षेत्रों से मकानों के गिरने की खबरें आ रही हैं। जैंतगढ़ में मंगलवार को एक मकान अचानक धंसने लगा। मकान में मौजूद महिला को जैसे ही इसकी भनक लगी, वह तुरंत बाहर भाग निकली। हालांकि, घर में रखी टीवी और अन्य सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। इस घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। स्थानीय प्रशासन को घटना की सूचना दे दी गई है।

### बीज भंडार व दवा दुकानों में बीडीओ व कृषि अधिकारियों ने कियाऔचक निरीक्षण

## लाइसेंस नहीं रहने वाले दुकानों को बंद कराया और कार्रवाई करने की बात कही




ओरमांझी(मोहसीन): ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र के बीज भंडारों में ग्राहकों से अधिक पैसा लेने व गलत बीज बेचने की सूचना पर मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया बीज भंडारों व दवा दुकानों का निरीक्षण करने कृषि पदाधिकारी सोमा उरांव एवं कृषि तकनीकी पदाधिकारी अलीजान अंसारी के साथ क्षेत्र के बीच भंडार व दवा दुकान पहुंचे और दुकानों में बेची जा रही धान के बीजो और खादो एवं कीटनाशक दवाइयां का रेट जाना,इस दौरान कई बीज भंडार दुकान का लाइसेंस एक्सपायरी पाया गया,इसके अलावा आनंदी के कलेश्वर साहू का दुकान में बीज खाद के गोदाम का निरीक्षण करते हुए स्टॉक मिलाया गया,वही औरमांझी बाजार में बिना लाइसेंस के बीज बेच रहे लोगों को अधिकारियों ने समझते हुए कहा कि व्यवसाय कर रहे हैं अपने कागजात बना ले ताकि किसी तरह की कोई परेशानी ना हो,और जिन लोगों का लाइसेंस नहीं था उन लोगों को कार्रवाई करने की बात कही,जांच की सूचना मिलने पर कई दुकानदार अपनी दुकान का शटर लगाकर फरार हो गए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दुकानदारों से कहा गया की जिस स्थान का लाइसेंस निर्गत कराया है नजदीक में ही गोदान दुकान रखे,कीटनाशक दवाइयां 18 साल से कम उम्र के बच्चों को ना दे, दिनों दिन कीटनाशक दवाइयां खाकर आत्महत्या करने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं प्रखंड अधिकारी कहा की किसान अपने खेतों में अच्छा बीज लगाये दुकानदार इसका भी ख्याल रखें, किसानों का अच्छा बीज दें, ताकि फसल बीमा के समय उन्हें इसका फायदा मिल सके, गलत पाए जाने वाले दुकानदारों को अधिकारियों ने फटकार लगाकर छोड़ दिया, अधिकारियों के औचक निरीक्षण से क्षेत्र के बीज भंडार दुकानों एवं दवा दुकानों में हड़कंप मच गया।

## विश्व आदिवासी दिवस को लेकर आदिवासी समाज की हुई बैठक



कोयलांचल संवाद संवाददाता

कान्हाचट्टी(चतरा)। जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड के शयाल बगीचा मैदान में केंद्रीय आदिवासी सरना समिति की बैठक सोमवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सिकेंद्र खरवार व संचालन पूर्व मुखिया बैजनाथ सिंह भोक्ता ने किया। बैठक मे 9 अगस्त 2025 को कान्हाचट्टी प्रखंड में विश्व आदिवासी दिवस को भव्य रूप से मनाने को लेकर विशेष चर्चा किया। प्रखंड अध्यक्ष ने आदिवासियों एवं जनजातियों के हक अधिकार को लेकर कई बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए सामाजिक एकजुटता के साथ शिक्षा की ओर अग्रसर रहने, बढ़ते नशा खोरी, अंध विश्वास आदि पर चर्चा करते हुए कहा कि जनजातीय परंपरा व धूमधाम से आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। इसके अलावा प्रखंड के आदिवासियों को जल, जंगल, जमीन पर, वन पट्टा का पूर्ण अधिकार देने, केन्द्र सरकार द्वारा जल्द जातीय जनगणना करे, भारत सरकार जनगणना से पहले आदिवासियों को सरना धर्म कोड़ लागू करने, आदिवासियों जनजाति पर हो रहे, शोषण, जुल्म अत्याचार, अधिकारों की हनन एवं संरक्षण पर विशेष चर्चा किया गया। अगली बैठक 13 जुलाई को रखी गई। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष सिकेंद्र खरवार, सलाहकार, प्यारेलाल भोक्ता, संरक्षक, पूर्व मुखिया बैजनाथ भोक्ता, प्रखंड कोषाध्यक्ष संदीप उरांव, उपाध्यक्ष संतोष सिंह खरवार, रंथ उरांव, सदस्य राजकुमार भोक्ता, महिला अध्यक्ष, सरिता उरांव, सचिव, संगीता नाग, खेमलाल भोक्ता, सिकेंद्र भोक्ता आदि शामिल थे।

## टाटा स्टील की नोआमुंडी, जोड़ा ईस्ट और खोंदबोंद माइंस को सस्टेनेबल प्रक्रियाओं के लिए स्टार रेटिंग पुरस्कार मिला



जमशेदपुर । टाटा स्टील की नोआमुंडी आयरन माइन, जोड़ा ईस्ट आयरन माइन और खोंदबोंद आयरन एवं मैंगनीज माइन को भारत सरकार के खान मंत्रालय द्वारा प्रतिष्ठित स्टार रेटिंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर (राजस्थान) में आयोजित किया गया। कंपनी की झारखंड स्थित नोआमुंडी आयरन माइन को 7-स्टार रेटिंग पुरस्कार प्राप्त हुआ है, और यह देश की उन तीन चुनिंदा खदानों में शामिल हो गई है जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। 2016 में इन पुरस्कारों की शुरुआत के बाद यह पहली बार है जब किसी खदान को 7-स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया है, जो वैज्ञानिक और सतत खनन के क्षेत्र में किए गए उनके असाधारण प्रयासों की आधिकारिक मान्यता है। नोआमुंडी आयरन माइन को वर्ष 2016 में इस प्रतिष्ठित पुरस्कार की शुरुआत के बाद से ही प्रत्येक वर्ष लगातार 5-स्टार रेटिंग प्राप्त होती रही है, जबकि जोड़ा ईस्ट माइन को चौथी बार 5-स्टार रेटिंग प्रदान की गई है। वहीं, टाटा स्टील की खोंदबोंद आयरन एवं मैंगनीज माइन को पहली बार 5-स्टार रेटिंग पुरस्कार प्राप्त हुआ है। स्टार रेटिंग प्रणाली, जो भारत सरकार के खान मंत्रालय द्वारा प्रदान की जाती है, खनन क्षेत्रों में उत्कृष्टता के व्यापक मूल्यांकन का एक मापदंड है। यह प्रणाली खनन संचालन की दक्षता, पर्यावरण संरक्षण के उपाय, सुरक्षा मानकों के पालन, स्थानीय समुदाय के साथ समावेशी सहभागिता और दीर्घकालिक सतत विकास प्रयासों को ध्यान में रखकर खदानों को रेटिंग प्रदान करती है। भारत सरकार के कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं भारत सरकार के राज्य मंत्री (कोयला एवं खान) सतीश चंद्र दुबे इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नोआमुंडी आयरन माइन की ओर से अतुल कुमार भटनागर, जनरल मैनेजर, ओएमक्यू तथा डी. विजयेंद्र, चीफ, नोआमुंडी ने पुरस्कार प्राप्त किया। इसी प्रकार, जोड़ा ईस्ट आयरन माइन के लिए राजेश कुमार, चीफ, जोड़ा ने सम्मान ग्रहण किया। खोंदबोंद माइन की ओर से जी. वी. सत्यनारायण, चीफ, खोंदबोंद एवं अवनीश कुमार, चीफ, प्लानिंग, ओएमक्यू ने पुरस्कार प्राप्त किए।

## बॉल्डविन फार्म एरिया हाई स्कूल कदमा में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया




जमशेदपुर । कदमा स्थित वॉल्डविन फार्म एरिया हाई स्कूल में सोमवार को भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया । इस समारोह में सत्र 2024 25 के दसवीं और बारहवी की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय पुरस्कार एवं सी० वी० एस० इ० पुरस्कार से सम्मानित डॉ० अशोक सिंह, पूर्व प्राचार्य चिन्मया विद्यालय बोकारो मौजूद रहे । साथ ही मौके पर विद्यालय के सचिव प्रभास कुमार, निदेशक डॉ० राजीव रंजन सिन्हा, विद्यालय प्रबंधन कमिटी के सदस्य अजय कुमार, प्राचार्या डॉ० शुभोश्री सरकार और विद्यालय प्रबंधक सचिन कुमार उपस्थित थे । विद्यालय के प्रधानाचार्या ने सभी अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता देकर किया एवं कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । साथ ही एक आकर्षक प्रार्थना नृत्य प्रस्तुत किया गया । बारहवी कक्षा में 98% अंक प्राप्त कर रिद्दीमा सिन्हा प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर रहे सात्विक शिवेन ,जिन्होने 97.2% अंक प्राप्त किए। सृष्टि सिंह ने 94.8% अंक प्राप्त कर के तीसरे स्थान पर रूपाली कुमारी ने 94.4% अंक प्राप्त कर चौथे स्थान पर रहीं। श्रेया सिंह ने 93.6% अंक प्राप्त कर पाँचवे स्थान पर तथा अर्पित त्रिपाठी ने 93.6% अंक प्राप्त कर के छठे स्थान पर रहें । वहीं 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 96.2% अंक प्राप्त कर कुंज कुमार प्रथम स्थान पर रहें। द्वितिय स्थान पर शौर्य कुमार जिन्होने 94.4% अंक प्राप्त किया। स्निग्धा कुमारी 93.4% प्राप्त कर तीसरे स्थान पर, श्रृष्टि पाण्डेय ने 92.6% प्राप्त कर चौथे स्थान पर, श्रीनाग 92.4% प्राप्त कर पाँचवे स्थान तथा सुप्रिया कुमारी 92% अंक प्राप्त कर छठे स्थान पर रहें। विद्यालय के छात्र सात्विक शिवेन को JEE-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया ।

## संक्षिप्त खबरें...

### नालंदा में बच्चों के विवाद में हिंसा, 18 नामजदः लड़का -लड़की के सिर में मारी थी गोली; 7 आरोपी गिरफ्तार

नालंदा. नालंदा में रविवार को बच्चों के विवाद डबल मर्डर की वारदात को अंजाम दिया गया है। एक लड़का और लड़की के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान अभिषेक कुमार, कौशल कुमार, राज मोहित कुमार, सूरज कुमार, नवलेश कुमार, मिंता देवी और आदेश प्रसाद के तौर पर हुई है। पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मृतका अन्नू की मां सुशीला देवी के बयान पर 18 नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। नामजद आरोपियों में कौशल कुमार उर्फ कालिया, प्रशांत कुमार, नवलेश महतो, कमली महतो, सुनील महतो, मिंता देवी, अभिषेक कुमार, सूरज कुमार, राज मोहित कुमार, संजय महतो, टुन्नी महतो, सुदामा कुमार, मुखिया महतो, पप्पू महतो, केडी वर्मा, महेश महतो, अंशु कुमार और दयानंद कुमार शामिल है। सदर एसडीपीओ-1 नुरुल हक ने बताया कि दीपनगर पुलिस को रविवार शाम सूचना मिली थी। डुमरावां गांव में मारपीट और गोलीबारी हुई है। 2 बच्चों की हत्या हुई है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। 7 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। गांव में फिलहाल विधि व्यवस्था की स्थिति सामान्य है। पुलिस कैंप कर रही है। दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक कुछ दिनों पहले गांव में बच्चों के बीच किसी बात को लेकर ववाद हुआ था। इसी विवाद में डबल मर्डर की वारदात को अंजाम दिया गया है। बदला लेने की भावना से आरोपियों ने एकजुट होकर गोलीबारी की, जिसमें 2 बेकसूर बच्चों की मौत हो गई। घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य और खोखे बरामद किए गए हैं। गांव में पुलिस कैंप कर रही है। घटना में इस्तेमाल हथियार बरामदगी और अन्य साक्ष्य जुटाने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### लूट में शामिल आरोपी का कोर्ट में सरेंडर

किशनगंज. किशनगंज में फल व्यापारी से हुई लूट के मामले में आखिरी आरोपी अल्ताफ रजा ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने इस बात की पुष्टि की है। अभियुक्त अल्ताफ रजा गिरफ्तारी के डर से आज किशनगंज न्यायालय पहुंचा। यह घटना 19 मई 2025 को किशनगंज के बस स्टैंड ओवरब्रिज पर हुई थी। अपराधियों ने मो. रज्जाब नामक एक फल व्यापारी से 1.46 लाख रुपए लूट लिए थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 7 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने आरोपियों से 7.65 MM पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। इसके अलावा 4 मोबाइल फोन, एक पल्सर मोटरसाइकिल और 55,500 रुपए नगद भी बरामद हुए हैं। एक आरोपी के बैंक खाते में 33,000 रुपए भी मिले। जेल भेजे गए आरोपियों में मो. समीर, नकीम, आसिफ अंसारी, सागर झा, मो. कासिफ, मो. राशिद अनवर और मो. नाजिश शामिल है।

### ट्रैक पार कर रहा युवक ट्रेन की चपेट में आया,मौत

कैमूर. कैमूर के दुर्गावती रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पार करने वक्त एक युवक की अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान कर्णपुरा गांव निवासी बृज बिहारी राम के बेटे राम(34) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने दुर्गावती थाना को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल, भभुआ भेज दिया है। फिलहाल, पुलिस मामले की छानबीन और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। मृतक के भाई मोती राम ने बताया कि "मेरा भाई रोज की तरह काम पर जा रहा था। रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। तभी दोनों ओर से एक साथ ट्रेन आ गई, जिससे वह बच नहीं सका और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।"

### नवादा में किशोर की नदी में डूबने से मौत

नवादा. नवादा में मंगलवार सुबह किशोर की सकरी नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना बेरमी गांव की है। मृतक की पहचान मेहंदीपुर गांव निवासी धनंजय मांझी के बेटे रोशन कुमार(15) के रूप में हुई है। वह सोमवार को अपनी नानी से मिलने नानी घर गया था। आज सुबह वह शौच के लिए घर से निकला। इसी दौरान पैर फिसलने से वह सकरी नदी में गिर गया। स्थानीय लोगों ने उसे नदी से निकाला और अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि रोशन खुशी-खुशी नानी से मिलने गया था। उसने नानी के घर पहुंचने की जानकारी फोन पर दी थी। उसने कहा था कि वह गुरुवार को घर वापस आ जाएगा। लेकिन मंगलवार को उसकी मौत की खबर से पूरे परिवार में मातम छा गया है। घटना के बाद वारसलीगंज के थाना प्रभारी रूपेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे।

### दो बाइक भिड़ंत में सरपंच पति की मौत

कटिहार. कटिहार में मंगलवार को दो बाइकों की टक्कर हो गई है। इसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान सोहथा उत्तरी पंचायत की सरपंच प्रभा देवी के पति प्रमोद झा (62) के रूप में हुई है। घटना फलका थाना क्षेत्र के गोपालपट्टी-सोहथा पथ की है। मृतक के भाई आदर्श कुमार झा ने बताया कि प्रमोद झा बाजार से घर लौट रहे थे। तभी सामने से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। इससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया है। हादसे में दूसरी बाइक पर सवार गोपालपट्टी निवासी गौरभ कुमार(17) और संजीत महलदार(21) गंभीर रूप से घायल हो गए।

### सुपौल में करंट लगने से खाद व्यवसायी की मौत

सुपौल. सुपौल में मंगलवार को करंट की चपेट में आने से एक खाद व्यवसायी की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान डहरिया वार्ड संख्या 11 निवासी धर्मदेव यादव के रूप में हुई है। घटना जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत डहरिया पंचायत की है। परिजन ने बताया कि धर्मदेव यादव अपने दरवाजे पर खाद दुकान में हर दिन की तरह काम कर रहे थे। तभी अचानक वे करंट की चपेट में आ गए। कुछ देर बाद दुकान पहुंचे, एक छोटे बच्चे ने उन्हें अचेत देखा और शोर मचाया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। लकड़ी के सहारे उन्हें करंट प्रवाहित लोहे के पोल से अलग किया। इसके बाद छातापुर सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### भागलपुर में ऑटो ड्राइवर की हत्या

भागलपुर. भागलपुर में स्मैक पीने के दौरान बकाया रुपए नहीं देने पर अपराधियों ने एक ऑटो ड्राइवर को गोली मार दी। आनन-फानन में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। 2 बुलेट पेट में लगी थी। मृतक की पहचान सार्जन कुमार(28) के तौर पर हुई है। घटना नवगछिया थाना क्षेत्र के तेतरी दोनिया टोला काली मंदिर के पास की है। मृतक के छोटे भाई राहुल कुमार ने बताया को सोमवार शाम को भैया के साथ था। करीब 7.30 बजे भाई ने घर जाने के लिए कहा। जाते समय गोली की आवाज सुनाई थी। लौटकर मौके पर पहुंचा तो देखा कि भैया को गोली लगी थी।

### नालंदा में 10 से 17 जुलाई तक लंगोट मेलाः बिहारशरीफ में उमड़ेगी लाखों श्रद्धालुओं की भीड़

नालंदा. पंचाने नदी के तट पर स्थित बाबा मणिराम अखाड़ा एक बार फिर आस्था के महाकुंभ की तैयारी में जुट गया है। बिहार शरीफ शहर के दक्षिणी भाग में पवित्र स्थल पर 10 से 17 जुलाई तक आयोजित होने वाले लंगोट मेले को लेकर व्यापक तैयारियां चल रही हैं। मंदिर परिसर में लिपाई-पुताई का काम पूरा हो चुका है। श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न प्रकार के झूले और दुकानें सजाई जा रही हैं। यह मेला केवल एक सामान्य आयोजन नहीं, बल्कि 700 वर्षों से भी अधिक पुरानी अटूट आस्था का जीवंत प्रतीक है, जिसके बारे में कहा जाता है कि इस दरबार से कोई भी श्रद्धालु खाली हाथ नहीं लौटता। सदियों पुरानी मान्यता के अनुसार, मेले की औपचारिक शुरुआत पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से बाबा की समाधि पर प्रथम लंगोट चढ़ाने के साथ होगी। इसी पल से "बाबा मणिराम की जय" के जयघोष से पूरा शहर गुंज उठेगा। अगले सात दिनों तक न केवल जिले के कोने-कोने से, बल्कि प्रदेश भर से लाखों श्रद्धालु बाबा की समाधि पर लंगोट चढ़ाकर अपनी मनोकामनाएं मांगेंगे।

# कैबिनेट बैठक में मंजूरी... बिहार में नीतीश सरकार बनाएगी युवा आयोग, रोजगार, शराब, नशे पर करेगा काम



पटना. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार युवा आयोग के गठन का फैसला लिया है। पटना में कैबिनेट मीटिंग के बाद सीएम नीतीश ने इसका ऐलान कर दिया है। कैबिनेट बैठक में कुल 43 एजेंडों पर मुहर लगी। नीतीश ने एक्स पर लिखा, "मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है। कैबिनेट द्वारा बिहार युवा आयोग के गठन की मंजूरी भी दे दी गई है।" सीएम ने कहा कि युवा आयोग समाज में युवाओं की स्थिति में सुधार और उत्थान से संबंधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकारी विभागों के साथ यह आयोग समन्वय भी करेगा। बिहार युवा आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे, जिनकी अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष होगी। आयोग इस बात की निगरानी करेगा कि राज्य के स्थानीय युवाओं को राज्य के भीतर निजी क्षेत्र के रोजगारों में प्राथमिकता मिले, साथ ही राज्य के बाहर पढ़ने और काम करने वाले युवाओं के हितों की भी रक्षा हो। सामाजिक बुराइयों, शराब और ड्रग्स की रोकथाम के लिए कार्यक्रम तैयार करना और सरकार को इसके लिए सिफारिश देना भी आयोग के काम के दायरे में होगा।

#### कैबिनेट के अन्य फैसले

» अनियमित मानसून व सूखे जैसी स्थिति में फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को डीजल अनुदान देने को लेकर कैबिनेट ने 100 करोड़ खर्च की स्वीकृति दी है।
» मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तीकरण योजना के तहत पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं सामान्य वर्ग के पुरुष दिव्यांग अभ्यर्थियों को बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 50 हजार तथा यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण होने पर एक लाख प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।
» अब सिर्फ बिहार की मूल निवासी महिलाओं को सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।
» कमला बलान नदी पर आरसीसी पुल और पहुंच पथ निर्माण के लिए 15412.13 लाख की स्वीकृति
» पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा की आवश्यकता को देखते हुए बिहार शहरी गैस वितरण नीति 2025 को मंजूरी
» बिहाल विधि सेवा में भर्ती को मंजूरी
» मोतिहारी जिले में माधोपुर-बहुरूपिया से दुबौलिया चौक तक सड़क के चौड़ीकरण के लिए 3170.52 लाख की राशि स्वीकृत की गई है।
» आरा जिले में कुरमुरी से बंधवा तक सड़के चौड़ीकरण पर 3353.24 लाख को स्वीकृति दी गई।
» नवादा जिले में सड़क चौड़ीकरण के लिए 6970.23 लाख रुपये की मंजूरी
» बिहार नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की संवद्धन नीति 2025 को मंजूरी।

## बिहार युवा आयोग पर चिराग ने नीतीश को थैंक्यू कहा, तेजस्वी बोले- हमारे वादे चुरा रही नकलची सरकार





पटना. बिहार की नीतीश सरकार ने राज्य में बिहार युवा आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। जिसका उद्देश्य युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाना है। युवा आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे, जिनकी अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष होगी। यह आयोग इस बात की निगरानी करेगा कि राज्य के स्थानीय युवाओं को राज्य के भीतर निजी क्षेत्र के रोजगारों में प्राथमिकता मिले, साथ ही राज्य के बाहर अध्ययन करने वाले और काम करने वाले युवाओं के हितों की भी रक्षा हो। लेकिन नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर उनके वादे चुराने का आरोप लगाया है। तो वहीं एनडीए के सहयोगी और लोजपा आर के अध्यक्ष चिराग पासवान ने सीएम नीतीश का आभार जताया। तेजस्वी यादव ने ट्वीट करते हुए कहा कि हम है आगे-आगे और हमारे पीछे-पीछे है 20 सालों की थकाऊ-उबाऊ, बिकाऊ-दिखाऊ खटारा सरकार। जो वादा हम करते हैं उसको यह नकलची एनडीए सरकार तुरंत कॉपी कर लेती है क्योंकि थके हुए लोगों के पास अपना कोई विज़न, रोड मैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। अब युवा प्रदेश बिहार इस नकलची और निकम्मी सरकार से छुटकारा चाहता है। दरअसल कुछ दिन पहले तेजस्वी यादव ने युवा चौपाल में ये वादा किया था कि अगर महागठबंधन की सरकार आई तो वो युवा आयोग का गठन करेंगे। लेकिन उनका ये वादा नीतीश सरकार ने पहले ही पूरा कर दिया। जिस पर तेजस्वी ने तंज कसा है। वहीं दूसरी तरफ एलजेपी-आर के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने नीतीश सरकार को युवा आयोग के गठन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने आज 'बिहार युवा आयोग' के गठन को मंजूरी दे दी है, जो राज्य के युवाओं के हितों को समर्पित तरीके से आगे बढ़ाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। यह आयोग प्रदेश के युवाओं के हितों की रक्षा, उनके समग्र विकास तथा रोजगार, शिक्षा और कौशल के क्षेत्र में योजनागत सहयोग सुनिश्चित करेगा। युवाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक सशक्त कदम है। अब बिहार के युवाओं की आवाज़ और सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि युवा आयोग का गठन 'बिहार फर्स्ट-बिहारी फर्स्ट' के विजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। मैं और मेरी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) इस फैसले का हार्दिक स्वागत करती है और मुख्यमंत्री जी का आभार प्रकट करती है।

## गोपाल खेमका के नाम से दी गई साढ़े 3 लाख की सुपारी, मास्टरमाइंड पकड़ाया





पटना. पटना के बड़े कारोबारी गोपाल खेमका की हत्या साढ़े तीन लाख रुपये सुपारी देकर कराई गई थी। पटना पुलिस की विशेष टीम ने सोमवार को शूटर उमेश यादव, मास्टरमाइंड अशोक साह और राजा को गिरफ्तार कर लिया। उमेश की गिरफ्तारी पटना सिटी के मालसलामी इलाके से हुई। पुलिस के मुताबिक, जांच में पता चला कि बिल्डर और सरिया कारोबारी अशोक साह ने उमेश को हत्या की सुपारी दी थी। रेंज आईजी जितेंद्र राणा, एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा, सिटी एसपी मध्य दीक्षा सहित अन्य पुलिस अधिकारी पिछले दो दिनों से पटना सिटी इलाके में कैंप कर रहे थे। पुलिस ने शूटर के पास से तीन लाख नकद रुपये, घटना में इस्तेमाल किये गये पिस्टल, स्कूटी व कपड़े बरामद किये हैं। इधर, गिरफ्तारी के बाद सीसीटीवी कैमरे से शूटर के चेहरे का मिलान कराया गया तो वह उमेश निकला। सूत्रों की मानें तो गोपाल खेमका को जानने एक व्यवसायी ने ही इस घटना की साजिश रची थी। सूत्र बताते हैं कि पुलिस इसका भी पता लगा चुकी है। उसी सिलसिले में उदयगिरी अपार्टमेंट में छापेमारी की गई। शूटर को गिरफ्तार करने के बाद सोमवार की देर रात तक रेंज आईजी जितेंद्र राणा, एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा के साथ एसआईटी में शामिल पुलिसकर्मी पटना सिटी इलाके में मौजूद थे। वहीं पर शूटर से पूछताछ की जा रही थी। घटना में उसके साथ कौन-कौन था, इसका पता भी पुलिस लगा रही थी।

## पोल से बांध कर चोर की पिटाई : बेगूसराय में लोगों ने पकड़ कर बांधा, साथी फरार, एसआई ने खोली रस्सी



बेगूसराय. बेगूसराय में बदमाशों ने दिनदहाड़े एक बुजुर्ग का मोबाइल छीन लिया। फिर बुजुर्ग ने एक बदमाश को पकड़ लिया और पोल से बांध कर पिटाई कर दी। घटना नगर थाना क्षेत्र के लोहिया नगर गुमटी के पास की है। बदमाश के पोल में बंधे होने का वीडियो सामने आया है। जिसमें स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि बिजली के पोल में चोर का हाथ पीछे कर गमछा और रस्सी से बांधा गया है। इस दौरान उसकी पिटाई भी की जा रही है। दर्जनों लोगों की भीड़ तमाशबीन बनी हुई है और चोर से पूछताछ कर रही है। अझौर गांव के रहने वाले बुजुर्ग रामचंद्र दास कोर्ट के काम से ई-रिक्शा से आए थे। गुमती के पास एनएच पार कर रहे थे। इसी दौरान एक बदमाश उनका मोबाइल छीनकर भागने लगा। धक्का देने से रामचंद्र दास सड़क पर गिरकर चोटिल हो गए। बुजुर्ग के हल्ला करने पर स्थानीय लोगों ने खदेड़ कर चोर को पकड़ लिया और सड़क किनारे पोल में हाथ पीछे कर बांध दिया। लोगों ने आधे घंटे तक पोल में बांध कर उसकी पिटाई की। हालांकि, चोर ने छीना किया। मोबाइल अपने साथी को दे दिया, जो भाग गया। घटना की सूचना डायल-112 की पुलिस टीम को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पोखरिया निवासी राजा मल्लिक नाम के चोर को पोल से खोल कर थाना ले गई है। मौके पर पहुंचे डायल-112 के एसआई अरविंद कुमार ने बताया कि एक बुजुर्ग का मोबाइल छीन लिया गया था। लोग चोर को पोल में बांध कर रखे थे, उसे थाना ले जा रहे हैं, जहां आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अररिया में मुहर्रम के जुलूस में बवाल; उपद्रवियों के हमले में एसओ का सिर फटा

अररिया. अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र के रामनगर पंचायत स्थित हाटगांव कर्बला मैदान जाने के दौरान सोमवार की देर रात बिना लाइसेंस मुहर्रम जुलूस निकाल रहे असामाजिक तत्वों ने पुलिस पर हमला कर दिया। बिना लाइसेंस जा रहे जुलूस को पुलिस रोक रही थी, साथ ही तोड़फोड़ करने से मना कर रही थी। हमले में पलासी थानेदार मिथिलेश कुमार सहित कुछ अन्य पुलिस कर्मियों को चोटें लगी। मौके पर वीडियोग्राफी कर रहे ड्रोन कैमरा के ऑपरेटर की पिटाई कर उसका ड्रोन कैमरा और मोबाइल छीन लिया। बीच-बचाव कर रही पुलिस के साथ भी हाथापाई की गई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पलासी पुलिस ने सात उपद्रवियों को गिरफ्तार किया। पलासी थानेदार के आवेदन पर 56 नामजद और 90 से 100 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पूछताछ के बाद पुलिस ने इन सातों को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में अररिया भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार अधिकांश उपद्रवी जोकीहाट थाना क्षेत्र के सिमरिया पंचायत के भंगी टोला के रहने वाले हैं। इन सभी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार सात उपद्रवियों में जोकीहाट थाना क्षेत्र के सिमरिया भंगी टोला निवासी शाहिद, साकिब, मुंतजीर, जाहिद साकिब और पलासी थाना थाना क्षेत्र के कुम्हिया निवासी परवेज व जाबिर शामिल हैं। मामले की पुष्टि करते हुए पलासी थानेदार मिथिलेश कुमार ने बताया कि सोमवार की देर रात मोहर्रम जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था के लिए वो और सीओ सुशील कान्त सिंह, फोटोग्राफर, ड्रोन कैमरा ऑपरेटर सहित पुलिस टीम के साथ डेंगा चौक पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि कुम्हिया की ओर से जोकीहाट थाना क्षेत्र के भंगी टोला के 100 से 150 लोग हरवे हथियार से लैस होकर नाजायज जुलूस बनाकर रामनगर होते हुए पलासी थाना क्षेत्र के हाटगांव कर्बला की ओर जा रहे हैं। जुलूस के दौरान अगल- बगल तोड़फोड़ करते हुए जा रहे हैं। हाटगांव करबला में कुम्हिया, डेंगा समेत अन्य गांव का जुलूस भी जा रहा था। इसके बाद वे बिना देरी किए पुलिस टीम के साथ रामनगर पहुंचे। इस दौरान तोड़फोड़ कर रहे उपद्रवियों को समझाने-बुझाने की कोशिश की, तो ये लोग दुर्व्यवहार पर उतर आए।

## नीतीश अलर्ट लेकिन कहां-कहां जाएंगे, हत्या आम बात; गोपाल मंडल बोले- पुलिस ही लचर है



भागलपुर. बिहार के पटना में कारोबारी गोपाल खेमका हत्याकांड पर सियासी हंगामा मचा हुआ है। विपक्ष ने कानून-व्यवस्था को लेकर नीतीश सरकार पर सवाल उठाए हैं। इस बीच जेडीयू विधायक गोपाल मंडल एक बार फिर चर्चा में हैं। मर्डर केस पर बोलते हुए उन्होंने हत्या को आम बात बताया। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अलर्ट हैं, लेकिन वे कहां-कहां मर्डर रोकने जाएंगे। विधायक ने पुलिस को लचर भी बताया। गोपालपुर से जेडीयू के विधायक गोपाल मंडल ने मंगलवार को भागलपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, "सीएम नीतीश सजग और सतर्क हैं। हत्या आम बात है। सरकार क्या कर लेगी। नीतीश कुमार कहां-कहां हत्या रोकने जाएंगे। हत्या तो आम बात है। भाई-भाई में लड़ाई हुआ, लाठी मार दिया तो भी मर गया।" पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए जेडीयू विधायक ने कहा कि पुलिस लचर है। पुलिस को जिस तरह चुस्त-दुरुस्त रहना चाहिए, वह नहीं है। गोपाल मंडल भागलपुर जिले के गोपालपुर से जेडीयू के विधायक हैं और अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। पटना के नामी कारोबारी गोपाल खेमका की 4 दिन पहले घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी हत्या बिल्डर अशोक शाह ने शूटर उमेश यादव को सुपारी देकर करवाई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए डोर टू डोर जागरूकता अभियान

बांका. बांका में जनता दल यूनाइटेड ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए व्यापक अभियान चलाया। मंगलवार को जिले के 11 प्रखंडों में साइकिल रैली निकाली गई। धोरैया विधानसभा के रजौन में पूर्व विधायक मनीष कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता जुटे। बेलहर में विधायक मनोज यादव ने रैली का नेतृत्व किया। कार्यकर्ताओं ने हर पंचायत और वार्ड में पहुंचकर लोगों को जागरूक किया। अभियान में डोर टू डोर संपर्क किया गया। पात्र मतदाताओं की पहचान कर उन्हें आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। फॉर्म भरने में मदद की गई। नए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया समझाई गई।नौकरी या पढ़ाई के लिए बाहर रहने वाले युवाओं और प्रवासी मजदूरों को भी अभियान से जोड़ा गया। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर साइकिल रैली का जनसैलाब उमड़ा। कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं की समस्याएं सुनीं और मौके पर समाधान किया। पूर्व विधायक मनीष कुमार ने बताया कि यह रैली जदयू संगठन के निर्धारित कार्यक्रम का हिस्सा है।

## पहली बार समस्तीपुर पहुंचे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णवःअधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



समस्तीपुर. अश्विनी वैष्णव पहले गैर बिहारी रेल मंत्री हैं जो समस्तीपुर के दौरे पर पहुंचे। सोमवार को उन्होंने करीब दो घंटे तक रेलवे के मंथन हॉल में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान लंबित और संभावित रेलवे प्रोजेक्ट पर चर्चा की गई। मीटिंग से मीडिया को दूर रखा गया था। रेलवे द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार बिहारवासियों के लिए कई नई ट्रेनों की सौगात दी जा रही है। इसके तहत पटना-नई दिल्ली के बीच हर रोज अमृत भारत ट्रेन चलाई जाएगी। दरभंगा-लखनऊ और मालदा टाउन-लखनऊ के बीच एक-एक साप्ताहिक अमृत भारत ट्रेन के साथ ही सहरसा और अमृतसर के बीच अमृत भारत ट्रेन चलाई जाएगी। वहीं सीमांचल से दक्षिण भारत के लिए एक नई ट्रेन जोगबनी से इरोड के बीच चलाई जाएगी। 1156 करोड़ की लागत से 53 किमी लंबी भागलपुर-जमालपुर तीसरी लाईन का निर्माण होगा, 2017 करोड़ रुपए की लागत से 104 किमी लंबी बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया का दोहरीकरण व 3000 करोड़ की लागत से 177 किमी लंबी रामपुर हाट-भागलपुर का दोहरीकरण प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई। बिहार में जल्द ही दो सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क आफ इंडिया का उद्घाटन किया जाएगा। इनमें 53 करोड़ की लागत से पाटलिपुत्र में और 10 करोड़ की लागत से दरभंगा में निर्मित STPI शामिल हैं। 79 किलोमीटर हसनपुर-सकरी रेल प्रोजेक्ट पर काम युद्ध गति से करने का भी निर्देश रेल मंत्री ने दिया।

## गिरिराज सिंह ने की जांच की मांग, तेजस्वी ने पत्नी का नाम क्यों बदलवाया, कैसे वोटर बनीं



पटना. बिहार में जारी वोटर लिस्ट रिवीजन के बीच केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है। उन्होने कहा कि तेजस्वी खुद को समाजवादी बताते हैं। यह कैसा ढोंग है। अपनी पत्नी का नाम क्यों बदल दिया। अगर उनकी पत्नी क्रिश्चन थी तो इससे क्या दिक्कत है। क्रिश्चन होना कोई गुनाह नहीं है। वो किस तरह से वोटर बनीं हैं, इसकी जांच होनी चाहिए। क्या वह नागरिकता प्रमाण पत्र के साथ बनी हैं। आधार कार्ड पर तो स्पष्ट लिखा हुआ है कि यह नागरिकता को प्रमाण नहीं करता है। आखिर डर किसको है। क्या घुसपैठियों को भारत का नागरिक होना चाहिए। इससे पहले तेजस्वी यादव ने एक वीडियो शेयर करते हुए कहा था कि उनकी पत्नी जो 2-3 महीने पहले ही बिहार की वोटर बनी हैं, अब फिर से उनका मतदाता पत्र बनवाना पड़ेगा। क्योंकि तब आधार कार्ड ही मान्य दस्तावेज था। लेकिन अब दूसरे दस्तावेज देने होंगे। इस पर तेजस्वी चिंता जाहिर की थी। आपको बता दें 9 दिसंबर 2021 में तेजस्वी यादव ने अपने लंबे समय की दोस्त रेचल गोडिन्हो से शादी की थी। तेजस्वी ने अपने लंबे समय की दोस्त रेचल गोडिन्हो से विवाह किया था। वह रेवाड़ी के एक ईसाई परिवार से ताल्लुक रखती हैं, बचपन से ही दिल्ली में रह रही थीं। शादी के बाद रेचल ने अपना नाम राजश्री यादव रख लिया। अब नाम बदलने पर गिरिराज ने सवाल खड़े किए हैं। वहीं कारोबारी गोपाल खेमका हत्याकांड पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि 'बिहार में नीतीश कुमार को बदनाम करने के लिए षड्यंत्र रचा जा रहा है। आतंक फैलाओ, अपराध करो। राजनीतिक संरक्षित अपराध हो रहा है। कुछ लोग साजिश करके नीतीश कुमार को बदनाम करने के लिए यह कर रहे हैं। जिसका पर्दाफाश अब होने वाला है। उन्होने कहा कि 'एक राजनीतिक गैंग के द्वारा सोची समझी साजिश के तहत उपद्रव करके सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उनके घर पर जाकर कहते थे कि अभी तक अपराधी नहीं पकड़ा रहा है। फिर कल से इन्हीं की आवाज खुलेगी कि अपराधी की नहीं, बल्कि नागरिक की हत्या हो गई है। इस दौरान उन्होने लालू यादव के शासनकाल की भी याद दिलाई।

# सम्पादकीय

कोयलांचल संवाद

रांची, बुधवार, 09 जुलाई, 2025

6

www.ksnewsupdates.com


## आठवें वेतन आयोग का इंतजार, तीन गुना वेतनवृद्धि?

दिल्ली विधानसभा चुनाव के समय केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की थी। दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को इसका बड़ा फायदा हुआ था। दिल्ली में आम आदमी पार्टी रुखसत हो गई। भाजपा सत्ता मे आ गई। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा इस वर्ष की शुरुआत में कहा गया था। वह दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद, केंद्रीय वेतन आयोग का गठन करेगी। दिल्ली में भाजपा की सरकार भी बन गई है इसके बाद भी अभी तक 7वें वेतन आयोग की अधिकृत घोषणा नहीं की गई है। नाही वेतन आयोग के अध्यक्ष और आयोग के सदस्यों की घोषणा हुई। केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग का इंतजार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठवें वेतन आयोग के गठन की बात कही थी। कर्मचारियों को लग रहा है, जल्द ही आयोग के गठन की अधिसूचना जारी होगी। 2027 तक आठवें वेतन आयोग की अनुशंसा लागू हो जाएंगी। केंद्रीय कर्मचारियों को जिन्हें वर्तमान में 18000 रुपये मूल वेतन प्राप्त हो रहा है, उन्हें 51480 रुपए तक का लाभ हो सकता है। लेवल 2 के कर्मचारी जिनका वेतन 19000 है, वह बढ़कर 56914 रुपए हो सकता है। लेवल 3 के कर्मचारियों का वेतन 21700 से बढ़कर 62062 रुपए हो सकता है। लेवल 6 का मूल वेतन अभी 35400 है, जो बढ़कर 100000 रूपये के आसपास हो सकता है। इससे आईपीएस, आईएएस अधिकारियों सहित स्तर 10 तक के अधिकारियों को इसका बड़ा लाभ होना तय है। केंद्रीय वेतन आयोग जो अनुशंसा करता है। उसके अनुसार भारत सरकार केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन ढांचे को संशोधित कर मूल वेतन और भत्तों में वृद्धि करती है। केंद्र सरकार द्वारा जब वेतन आयोग की अनुशंसा लागू कर दी जाती है, उसके बाद राज्यों में भी सरकारी कर्मचारियों के मूल वेतन ओर भत्तों में वृद्धि होती है। अभी 2016 मे गठित 7वें वेतन आयोग की अनुशंसा के अनुसार केंद्रीय कर्मचारियों और कुछ राज्यों के कर्मचारियों को वेतन भक्तों का लाभ मिल रहा है। सरकारी कर्मचारियों द्वारा आठवें वेतन आयोग का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। राज्यों के भी सरकारी कर्मचारी वेतन आयोग के गठन को लेकर आसान्वित हैं। जैसे ही आठवें वेतन आयोग का गठन होगा, उसके बाद केंद्र के साथ-साथ राज्यों के अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतनमान में वृद्धि होगी। वर्तमान में वेतनमान का मानक स्तर सातवें वेतन आयोग के अनुसार 2.57 था। केंद्रीय कर्मचारियों को उम्मीद है, यह बढ़कर 2.86 मानक स्तर हो जाएगा। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के ऊपर वेतन और पेंशन का बोझ लगातार बढ़ता चला जा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकारों के ऊपर सबसे ज्यादा बोझ पेंशन का है। वेतन आयोग की सिफारिश के बाद पेंशन में भी वृद्धि होती है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के ऊपर लगातार कर्ज बढ़ता चला जा रहा है। राज्यों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। केंद्र एवं राज्य सरकारों के ऊपर ब्याज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। केंद्र सरकार ने 6 महीने पहिले वेतन आयोग के गठन की घोषणा की थी। उसके बाद भी अभी तक आठवें वेतन आयोग के गठन की अधिसूचना जारी नहीं हुई है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के पहले केंद्रीय कर्मचारियों को प्रभावित करने के लिए उस समय इसे चुनावी हथकंडा माना गया था। इस साल के अंत में बिहार विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। अगले साल 6 राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं। वेतन आयोग का मामला राज्यों से भी जुड़ा होता है। केंद्र में जब वेतन और भत्ते बढ़ते हैं, उसके बाद राज्यों में भी वेतन, पेंशन और भत्तों में वृद्धि होती है। केंद्र सरकार द्वारा जल्द ही आठवें वेतन आयोग की घोषणा नहीं की गई, तो इसका असर आगामी विधानसभा के चुनावों में पड़ना तय है। केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी दबाव बना रहे हैं। सरकार जल्द से जल्द आठवें वेतन आयोग का गठन करे। कर्मचारी संगठनों द्वारा अभी से हिसाब किताब लगाना शुरू कर दिया गया है। उनके वेतन भत्तों में कितनी वृद्धि होगी। बहरहाल सरकारी कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग के गठन का इंतजार है। देखें यह कब पूरा होता है।

## वन्यजीव संकटः टूटती पारिस्थिति की कड़ी!

हमारे देश में 1 जुलाई से 7 जुलाई तक मनाया जाने वाला 'वन महोत्सव' केवल औपचारिकता बन कर न रह जाए, इसके लिए अब गहराई से चिंतन की आवश्यकता है। इस उत्सव का मूल उद्देश्य वनों की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाना है। क्या एक सप्ताह की सक्रियता हमारे घटते वनों की पीड़ा को शांत कर सकती है? भारत एक समय हराभरा देश था। आज ये हरियाली लगातार सिकुड़ती जा रही है। भारतीय वन सर्वेक्षण 2023 की रिपोर्ट के अनुसार देश में कुल वन क्षेत्र लगभग 80.73 मिलियन हेक्टेयर है, जो कि भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का मात्र 24.62 प्रतिशत है। यह आंकड़ा सुनने में बड़ा प्रतीत होता है। जब यह ज्ञात होता है कि इसमें से 12 फीसदी से अधिक क्षेत्र केवल स्क्रब, झाड़ियाँ या क्षतिग्रस्त वन भूमि है, तब स्थिति की गंभीरता स्पष्ट हो जाती है। वैश्विक औसत के मुकाबले भारत वन आच्छादन में अब भी पीछे है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, किसी देश का कम से कम 33 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित होना चाहिए। हमारा लक्ष्य अब भी अधूरा है। वन केवल हरियाली नहीं हैं, ये एक जटिल परिस्थकीय तंत्र का हिस्सा हैं। वन पृथ्वी के फेफड़े हैं, जो वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड लेकर हमें प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। वनों के कारण वर्षा होती है, मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, भूजल स्तर संतुलित रहता है और जैव विविधता संरक्षित होती है। भारत जैसे देश में जहां कृषि मुख्य व्यवसाय है, वहां वनों का विनाश सीधे तौर पर किसान की आजीविका से जुड़ा होता है। वन कटने से मिट्टी का कटाव बढ़ता है। जल स्त्रोत सूखने लगते हैं। इसका असर खाद्य उत्पादन, पशुपालन और ग्रामीण जीवन की स्थिरता पर गहरा पड़ता है। आर्थिक विकास के नाम पर सड़कें, रेललाइन, बिजली परियोजनाएं और उद्योग वनों को निगल रहे हैं। पिछले एक दशक में भारत में विकास परियोजनाओं के चलते 14,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक वन क्षेत्र साफ किया गया है। कई बार यह कटाई उस पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर देती है, जिसे बनने में सैकड़ों साल लगे थे। उदाहरण के तौर पर मध्य भारत के जंगलों में पाए जाने वाले बाघ, हाथी, गौर, और अन्य कई प्रजातियों का आवास क्षेत्र सीमित होता जा रहा है। जैव विविधता का यह संकट केवल वन्यजीवों का नहीं, मानव जाति का भी है। बढ़ती वन कटाई और अवैध शिकार का एक दर्दनाक प्रमाण देश में बाघों की लगातार हो रही मौतें हैं। वर्ष 2025 के पहले छह महीनों में ही 107 बाघ अपनी जान गंवा चुके हैं, जिनमें 20 मासूम शावक भी शामिल हैं। यह संख्या पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 40 प्रतिशत अधिक है और बीते पाँच वर्षों में सबसे भयावह आँकड़ा है।

वर्ष 2021 से अब तक देश में 666 बाघ मृत पाए गए हैं। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में सबसे अधिक मौतें दर्ज हुई हैं, जो बताता है कि जंगलों का सिकुड़ता दायरा और मानवीय दखल अब उन प्रजातियों को भी निगल रहा है, जिन्हें हमने कभी 'राष्ट्रीय गौरव' कहा था। वैसे भी जब एक पारिस्थितिक तंत्र नष्ट होता है, तो उसकी कड़ी में जुड़े सभी अंग प्रभावित होते हैं जिनमें हम भी शामिल हैं। वनों के संरक्षण के लिए सरकारें पौधरोपण अभियान चलाती हैं। प्रश्न यह है कि क्या यह पर्याप्त है? बरसात के मौसम में लगाए गए पौधे जीवित भी रह पाएँ, इसके लिए देखरेख और स्थानीय लोगों की सहभागिता आवश्यक है। आंकड़ों के अनुसार, भारत में लगाए गए लगभग 60 प्रतिशत पौधे पहले दो वर्षों में ही सूख जाते हैं या नष्ट हो जाते हैं। इसका कारण केवल जलवायु नहीं है। प्रशासनिक लापरवाही, देखरेख की कमी और जनमानस में स्वामित्व की भावना का अभाव भी इसकी वजहें हैं।

'चिपको आंदोलन' की तरह आज फिर से एक जनआंदोलन की ज़रूरत है। सोशल मीडिया पर पर्यावरण बचाने की बातें करने से आगे बढ़ना होगा। स्थानीय स्तर पर पौधे लगाने, उन्हें संरक्षित करने और जंगलों को बचाने के ठोस प्रयास करने होंगे। वनों का संकट केवल वन विभाग का विषय नहीं है। यह पूरे समाज का प्रश्न है। वनों को बचाने के लिए नीति निर्धारण में आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। केवल शहरी क्षेत्रों में पौधरोपण कर लेने से पर्यावरण नहीं बचेगा। ग्रामीण और वनवासी क्षेत्रों में मौजूद प्राकृतिक वनों की रक्षा ज़रूरी है। वनवासी समुदायों का पारंपरिक ज्ञान, जंगल से उनका संबंध, और उनकी जीवनशैली को संरक्षण के केंद्र में लाना होगा। वन महोत्सव का यह सप्ताह महज एक उत्सव नहीं है। यह एक चेतावनी है। समय रहते नहीं चेते तो सांस लेने के लिए हवा भी बाजार में बिकेगी और पानी की एक-एक बूँद के लिए संघर्ष होगा। यह स्वीकार करना होगा कि वन हमारे लिए नहीं, हम वनों के लिए हैं। जब तक यह भाव मन में नहीं आएगा, तब तक कोई भी वन महोत्सव केवल औपचारिक रस्म बनकर रह जाएगा।

## जनसंख्या वृद्धि से महंगाई बढ़ेगी

> "कुछ रूढ़िवादी समुदायों का मानना है कि निषेध का कोई भी आदेश या वैधानिक तरीका अपवित्र है।जनसंख्या वृद्धि का लोगों के जीवन स्तर पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। दुनिया भर में अधिक जनसंख्या के कारण मीठे पानी की आपूर्ति की अधिक मांग हो सकती है और यह एक बड़ा मुद्दा बन गया है क्योंकि पृथ्वी पर केवल 3% मीठा पानी है।जनसंख्या की घातीय वृद्धि के कारण पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधन समाप्त हो रहे हैं। इन संसाधनों की भरपाई इतनी आसानी से नहीं की जा सकती। अगर जनसंख्या वृद्धि पर कोई रोक नहीं लगाई गई तो अगले कुछ सालों में एक दिन ऐसा आएगा जब ये प्राकृतिक संसाधन पूरी तरह से खत्म हो जाएँगे।"

संजय गोस्वामी

जनसंख्या वृद्धि से तात्पर्य किसी विशेष क्षेत्र में व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि से है, और यह हाल के दशकों में दुनिया के सामने सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक रहा है। जैसे-जैसे मानव आबादी बढ़ती जा रही है, भोजन, पानी और ऊर्जा की मांग भी बढ़ती जा रही है। जनसंख्या में यह तीव्र वृद्धि प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव से लेकर पर्यावरणीय क्षरण तक कई चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है। हम जनसंख्या की घातीय वृद्धि में योगदान करने वाले कारकों, ग्रह पर इस वृद्धि के प्रभावों और इस लगातार बढ़ती समस्या को प्रबंधित करने के लिए आवश्यक समाधानों की खोज करके जनसंख्या वृद्धि पर कुछ निबंधों पर चर्चा करेंगे। सभी के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने के लिए अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि के परिणामों को समझना महत्वपूर्ण है।दुनिया के सामने आने वाली प्रमुख समस्याओं में से एक जनसंख्या की घातीय वृद्धि की समस्या है। यह समस्या सबसे बड़ी है। दुनिया के अधिकांश देशों में जनसंख्या के आंकड़ों में भारी वृद्धि देखी जा रही है। दुनिया के संसाधन सीमित हैं और इसलिए वे एक निश्चित सीमा से ज़्यादा आबादी का भरण-पोषण नहीं कर सकते। दुनिया भर में खाद्यान्न की कमी और नौकरियों की कमी की खबरें आती रही हैं। मनुष्यों की संख्या स्थिर दर से बढ़ रही है। दुनिया की आबादी पहले ही छह अरब का आंकड़ा पार कर चुकी है और अगले तीन या चार दशकों में इसके दोगुना होने की उम्मीद है।अगर जनसंख्या इसी दर से बढ़ती रही तो अधिक आबादी वाले देशों की अर्थव्यवस्था जनसंख्या वृद्धि का सामना करने में असमर्थ हो जाएगी। सभी के दरवाज़े पर शांति, आराम और कल्याण लाने की हर कोशिश नाकाम हो जाएगी और अगर जनसंख्या को उचित सीमा में नहीं रखा गया तो दुख प्रमुख हो जाएगा। कुछ देशों को छोड़कर, सभी देश जनसंख्या वृद्धि का सामना कर रहे हैं। वर्तमान में, दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश चीन है और भारत दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है। भारत दुनिया की 17% आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। बांग्लादेश, जापान, इंडोनेशिया और यूरोप के कुछ देशों जैसे अन्य देशों में जनसंख्या विस्फोट का ख़तरा है। वर्तमान में, दुनिया की आबादी खतरनाक दर से बढ़ रही है, जिससे कई चुनौतियाँ पैदा हो रही हैं। अभी तक, वैश्विक जनसंख्या लगभग 7.6 बिलियन है और 2025 तक 8 बिलियन से अधिक होने की उम्मीद है। यह तीव्र वृद्धि पृथ्वी के संसाधनों पर अत्यधिक दबाव डालती है, क्योंकि ग्रह भोजन, पानी, आवास और नौकरियों की माँगों को पूरा करने के लिए संघर्ष करता है। अधिक जनसंख्या के कारण संसाधनों की कमी, पर्यावरण क्षरण और गरीबी के स्तर में वृद्धि हो सकती है, साथ ही पारिस्थितिकी तंत्र पर भी दबाव पड़ सकता है।उच्च जन्म दर, परिवार नियोजन तक अपर्याप्त पहुँच, प्रवास और गरीबी जैसे कारक इस समस्या में योगदान करते हैं। बढ़ती जनसंख्या के कारण वनों की कटाई, जैव विविधता का ह्रास और प्रदूषण में वृद्धि होती है, जिससे जलवायु परिवर्तन और भी बदतर हो जाता है। इसे संबोधित करने के लिए, राष्ट्रों को परिवार नियोजन, शिक्षा और संधारणीय प्रथाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। केवल प्रभावी रणनीतियों को अपनाकर ही हम आने वाली पीढ़ियों और ग्रह के लिए एक स्थिर, स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं।जनसंख्या वृद्धि से तात्पर्य किसी निश्चित अवधि में किसी विशिष्ट क्षेत्र में रहने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि से है। दुनिया की आबादी खतरनाक दर से बढ़ रही है, जो वर्तमान में 7.6 बिलियन के करीब है, और 2025 तक इसके 8 बिलियन को पार करने की उम्मीद है। यह घातीय वृद्धि ग्रह के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश करती है, क्योंकि पृथ्वी के संसाधन सीमित हैं और लगातार बढ़ती आबादी को अनिश्चित काल तक सहारा नहीं दे सकते। तेजी से बढ़ती जनसंख्या की मुख्य चिंताओं में से एक यह है कि यह प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव डालती है। अधिक जनसंख्या के कारण अधिक खेती, वनों की कटाई और अत्यधिक पानी की खपत होती है, जिससे पर्यावरण का क्षरण होता है। अधिक लोगों को भोजन, पानी और आश्रय की आवश्यकता होने के कारण, भूमि और पारिस्थितिकी तंत्र पर दबाव बढ़ता है, जिससे आवश्यक संसाधनों का ह्रास होता है। इसके अतिरिक्त, बढ़ती आबादी से बढ़ता कचरा और प्रदूषण जलवायु परिवर्तन में योगदान देता है। परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्रह की भविष्य की स्थिरता को खतरा है।जनसंख्या वृद्धि का मुख्य कारण मृत्यु दर में कमी और जीवन प्रत्याशा में वृद्धि है। अतीत में, सीमित स्वास्थ्य सेवा, युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं के कारण जन्म और मृत्यु दर अधिक संतुलित थी। हालाँकि, जैसे-जैसे शिक्षा फैली, लोगों में स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूकता आई और उन्होंने बुनियादी बीमारियों को रोकने और उनका इलाज करने का तरीका है। जनसंख्या वृद्धि में योगदान देने वाला एक अन्य कारक अशिक्षा है। जब लोग कम शिक्षित होते हैं, तो वे पुरानी मान्यताओं और अंधविश्वासों का पालन करते हैं, जिससे स्वास्थ्य और जीवन के बारे में गलतफहमियाँ पैदा होती हैं। शिक्षित लोग जन्म नियंत्रण विधियों से अच्छी तरह वाकिफ होते हैं।परिवार नियोजन, कल्याण कार्यक्रम और नीतियों से अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। जनसंख्या में वृद्धि सीमित बुनियादी ढांचे पर बहुत अधिक दबाव डाल रही है और किसी भी देश की प्रगति को नकार रही है।अंधविश्वासी लोग मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों से आते हैं, वे सोचते हैं कि बेटा पैदा करने से उन्हें समृद्धि मिलेगी और इसलिए माता-पिता पर तब तक बच्चे पैदा करने का काफी दबाव होता है जब तक कि बेटा पैदा न हो जाए। इससे भारत, बांग्लादेश जैसे अविकसित देशों में जनसंख्या वृद्धि होती है।गरीबी इसका एक और मुख्य कारण है। गरीब लोगों का मानना है कि परिवार में जितने ज़्यादा लोग होंगे, रोटी कमाने वालों की संख्या उतनी ही ज़्यादा होगी। इसलिए यह जनसंख्या वृद्धि में योगदान देता है। पड़ोसी देशों से लोगों के लगातार अवैध प्रवास से देशों में जनसंख्या घनत्व में वृद्धि होती है।धार्मिक भावना जनसंख्या विस्फोट का एक और कारण है। कुछ रूढ़िवादी समुदायों का मानना है कि निषेध का कोई भी आदेश या वैधानिक तरीका अपवित्र है।जनसंख्या वृद्धि का लोगों के जीवन स्तर पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। दुनिया भर में अधिक जनसंख्या के कारण मीठे पानी की आपूर्ति की अधिक मांग हो सकती है और यह एक बड़ा मुद्दा बन गया है क्योंकि पृथ्वी पर केवल 3% मीठा पानी है।जनसंख्या की घातीय वृद्धि के कारण पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधन समाप्त हो रहे हैं। इन संसाधनों की भरपाई इतनी आसानी से नहीं की जा सकती। अगर जनसंख्या वृद्धि पर कोई रोक नहीं लगाई गई तो अगले कुछ सालों में एक दिन ऐसा आएगा जब ये प्राकृतिक संसाधन पूरी तरह से खत्म हो जाएँगे।

## आओ अनियोजित निर्णय पर ध्यान दें

> "बात अगर हम कानों सुनी और आंखों देखी पर भी सोच समझकर निर्णय लेने की करें तो,आँखों देखी या कानों से सुनी हर बात सत्य हो, यह आवश्यक नहीं है। हम उस एक ही पक्ष को देखते और सुनते हैं, जो हमें प्रत्यक्ष दिखाई या सुनाई देता है। उसके दूसरे पहलू के विषय में जानकारी न होने के कारण हम कोई विशेष धारणा बना लेते हैं। जब हमारा वास्तविकता से सामना होता है तब पश्चाताप करना पड़ता है। बात अगर हम परिस्थितियों पर निर्भर सटीक निर्णय लेने की करें तो, आधा-अधूरा ज्ञान सदा ही विध्वंस कारक होता है। जो भी देखें या सुने उसे निकष पर कसें। इससे भी बढ़कर यह जानने का प्रयास करना चाहिए कि हमारी सोच कहाँ तक सही है। किसी भी घटना के सारे पहलुओं को जाने बिना कोई धारणा नहीं बनानी चाहिए।"

किशन सनमुखदास भावनानीं

मानव के व्यावहारिक जीवन में अनेक बार ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती है जहां उस विशेष अनियोजित परिस्थितियों में अचानक ही निर्णय लेने की ज़रूरत होती है बस !यही वह समय होता है जब अपनी बुद्धि कौशलता के साथ हमें बड़े बुजुर्गों द्वारा कही गई कहावतों, मुहावरों, विचारों को रेखांकित करने की अत्यंत तात्कालिक ज़रूरत होती है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र से, मेरा मानना है कि उससे हमें अति उच्च गुणवत्ता का सकारात्मक निर्णय लेने में आसानी होती है,जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम होते हैं और उन परिस्थितियों में पढ़ने वाले विपरीत नुकसान, दुष्परिणामों से बचा जा सकता है जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम निकलते हैं और हम उसका श्रेय बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद के रूप में ले सकते हैं। बात अगर हम व्यवहारिक जीवन में निर्णय लेने की करें तो यह दो प्रकार का हो सकता है नियोजित और अनियोजित निर्णय, ऐसे निर्णय जो किसी परिस्थिति विशेष पर अकस्मात लेने पड़ते हैं जिसके लिए कोई पूर्व योजना नहीं होती है अनियोजित निर्णय कहलाते हैं। इसके विपरीत ऐसे निर्णय जो किसी पूर्व योजना पर आधारित होते हैं, नियोजित निर्णय कहलाते हैं। नियोजित निर्णय ठोस तथ्यों पर आधारित होते हैं क्योंकि यह पूर्व निर्धारित योजना पर आधारित होते हैं। बात अगर हम बड़े बुजुर्गों की कहावतों की करें तो, कहावत उस छोटे से वाक्य या लाइन को कहा जाता है जिसके माध्यम से बड़ी-बड़ी बातें कह दी जाती है। गाँव, घर में अक्सर बड़े-बुजुर्गों के द्वारा बहुत सारी कहावतें सुनने को मिलती है। इन कहावतों को स्कूल में नही पढाया जाता है, इसे ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बोलने में प्रयोग करते है। बहुत सारी ऐसी कहावतें होती है जो घर की महिलाओं के द्वारा प्रयोग की जाती है, कई बार गाँव में बड़े बुजुर्गों की कहावत का अर्थ तो पढ़े लिखे लोग भी नहीं निकाल पाते है, और शर्म में हाँ में हाँ मिलाकर आगे बढ़ जाते है।

बात अगर हम तुरंत निर्णय लेने वाली परिस्थितियों की करें तो, मानव जीवन में अनेक बार ऐसी परिस्थितियां आती है जब मनुष्य समझ नहीं पाता कि उसे किस तरह उस परिस्थिति का सामना करना है । परिस्थितिवश उत्पन्न स्थिति स्वयं में इतनी उलझी होती है की अगर सूझ बूझ और दूर दृष्टि का सहारा न लिया जाये तो निर्णय गलत होने की पूरी सम्भावना रहती है ।अनेको बार छोटी छोटी बातें हमें नकारात्मक गहराई तक प्रभावित करती हैं । ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर बेहतर तो यह है की हम शांति और धैर्य से उस परिस्थिति का विश्लेषण करें तथा उस स्थिति के पक्ष विपक्ष दोनों के बारे में सोंचे क्योंकि प्रत्येक स्थिति के दो पहलू होते है , एक अगर सकारात्मक है तो दूसरा नकारात्मक अवश्य होगा । हमें परिस्थिति के गुण दोष के आधार पर निर्णय लेना चाहिए न कि जल्दबाजी में या घबराकर कोई कदम उठाना चाहिए जिससे की हमारे पक्ष में होने वाली बात का भी विपरीत असर हो जाये ।सबसे बड़ी बात हमें किसी भी विपरीत स्थिति में धैर्य , सहनशीलता और शांति से निर्णय लेने की आदत डालनी चाहिए अगर ऐसा हुआ तो हम अपने जीवन में अवश्य सफल होंगे ।

बात अगर हम कानों सुनी और आंखों देखी पर भी सोच समझकर निर्णय लेने की करें तो,आँखों देखी या कानों से सुनी हर बात सत्य हो, यह आवश्यक नहीं है। हम उस एक ही पक्ष को देखते और सुनते हैं, जो हमें प्रत्यक्ष दिखाई या सुनाई देता है। उसके दूसरे पहलू के विषय में जानकारी न होने के कारण हम कोई विशेष धारणा बना लेते हैं। जब हमारा वास्तविकता से सामना होता है तब पश्चाताप करना पड़ता है। बात अगर हम परिस्थितियों पर निर्भर सटीक निर्णय लेने की करें तो, आधा-अधूरा ज्ञान सदा ही विध्वंस कारक होता है। जो भी देखें या सुने उसे निकष पर कसें। इससे भी बढ़कर यह जानने का प्रयास करना चाहिए कि हमारी सोच कहाँ तक सही है। किसी भी घटना के सारे पहलुओं को जाने बिना कोई धारणा नहीं बनानी चाहिए। इसके अतिरिक्त चटकारे लेकर, मिर्च-मसाला लगाकर दूसरों को अपमानित करने की प्रवृत्ति से बचना चाहिए। ऐसे अफवाहें फैलाने वालों की जब पोल खुल जाती है तो वे कहीं के भी नहीं रह जाते। लोग उन पर विश्वास करना छोड़ देते हैं और उनकी बातों को सीरियसली न लेकर मजाक में उड़ा देते हैं। इसलिए मनुष्य को ऐसी स्थितयों से बचना चाहिए। उसे एक जिम्मेदार मनुष्य बनने का प्रयास करना चाहिए। बात अगर हम परिस्थितियों व निर्णय पर बीरबल और अकबर के सीख वाले किस्से की करें तो उपरोक्त कहावतों को सटीकता से समझने के लिए, मेरे पिताजी द्वारा बताया गया किस्सा जरूर सुनना चाहिए, राजा अक़बर जंगल में शिकार करते हुए रास्ता भटक गए, देर होने के कारण रानी साहिबा ने नौकर को रूम बेड क्लीन का आदेश दिया नौकर नें रूम में मखमली बेड को देखा तो दिल बेड पर एक बार सोने के लिए ललचाया और वह चादर ओढ़ कर सो गया उसे नींद आ गई ! !उधर रानी साहिबा भी अपनी धुन में ही आई और बेड पर राजा आराम फरमा रहे हैं समझकर उन पर हाथ रख कर सो गई। जब देर रात्रि राजा अपने रूम में आया तो किसी और के साथ रानी को सोते देख गुस्से से लाल हुआ और बंदूक निकाल कर दोनों को गोली से उड़ाने ही वाले थे कि उन्हें बीरबल की बात याद आई कि कानों सुनी तो क्या आंखों देखी पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए ! ! इसलिए राजा रुक गया और इंतजार किया ! ! जब रानी और नौकर की नींद टूटी तो दोनों बहुत भौचक्के रह गए और रानी ने नौकर पर चिल्लाया तब नौकर ने माफी मांगी और बेड पर सोने का अपना किस्सा सुनाया कि वह मखमली बेड देखकर वह सोया और रानी ने भी राजा समझ कर बेड पर सोई यह सच्चाई सुनकर राजा ने कहा बड़े बुजुर्गों की कहावतों के निर्णय नें आज रानी और नौकर की जान बचाई यह समझ में आया और दूसरे दिन बीरबल को बुलाकर पुरस्कृत किया।

## ब्रिक्स में भारत का बढ़ता वर्चस्व संतुलित दुनिया का आधार

ललित गर्ग

ब्राजील के रियो डी जनेरियो में रविवार को हुए 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने 31 पेज और 126 पॉइंट वाला एक जॉइंट घोषणा पत्र जारी किया। इसमें पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की गई। इससे पहले 1 जुलाई को भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की मेंबरशिप वाले क्वाड ग्रुप के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी पहलगाम हमले की निंदा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में पहलगाम की आतंकी घटना पर कठोर शब्दों में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है। आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं। मोदी ने शांति एवं सुरक्षा सत्र में कहा कि पहलगाम में हुआ 'कायरतापूर्ण' आतंकवादी हमला भारत की 'आत्मा, पहचान और गरिमा' पर सीधा हमला है। इसके साथ ही उन्होंने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समिट में महत्वपूर्ण मुद्रा में दिखाई दिये। उन्होंने एक बार फिर इसके विस्तार की बात की और सदस्य देशों से भी आग्रहपूर्ण ढंग से दबाव बनाया कि कि ब्रिक्स को विस्तार होना चाहिए। ब्रिक्स यानी बी से ब्राजील, आर से रूस, आई से इंडिया (भारत), सी से चीन और एस से दक्षिण अफ्रीका- ये दुनिया की पांच सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों का एक समूह है। ब्रिक्स एक ऐसा बहुपक्षीय मंच है, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग, वैश्विक विकास और सामूहिक सुरक्षा की भावना को बल देता है। ब्रिक्स समिट काफी सफल एवं निर्णायक रहा है। ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद, विशेषकर कश्मीर में फैले इस्लामी आतंकवाद को लेकर चर्चा ने इस मंच को वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने वाले संगठनों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है। इसमें भारत की भूमिका, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निर्णायक भूमिका रही है। इन शक्तिसम्पन्न पांचों देशों का वैश्विक मामलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और दुनिया की लगभग 40 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। चीन इसे अपने हित के लिए इस्तेमाल करना चाहता है, जबकि भारत इसे सही मायनों में लोकतांत्रिक संगठन बनाना चाहता है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स समूह मिलकर दुनिया में शांति, सह-जीवन, अहिंसा, लोकतांत्रिक मूल्य, समानता एवं सह-अस्तित्व पर बल देते हुए दुनिया को युद्ध, आतंक एवं हिंसामुक्त बनाया जाये। ब्रिक्स देशों के इस सम्मेलन में एक विशेष बिंदु जो उभरकर सामने आया वह था-अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का बदलता स्वरूप और इसके कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभाव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से यह रेखांकित किया कि आतंकवाद अब किसी एक राष्ट्र की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक वैश्विक संकट बन चुका है। उन्होंने कश्मीर में हो रहे आतंकवादी हमलों, पाकिस्तान समर्थित गतिविधियों और भारत की सीमाओं पर हो रही हिंसक घटनाओं को उदाहरण के रूप में सामने रखा। मोदी ने ब्रिक्स मंच से यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन जब आतंक का राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल होता है, तो वह मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाता है। भारत ने लंबे समय से कॉम्प्रेहेंसिव कॉन्वेंशन ऑन इन्टरनेशनल टेरिजम्स (सीसीआईटी) की पैरवी की है। इस बार ब्रिक्स मंच पर मोदी ने इस प्रस्ताव को फिर से प्रमुखता से उठाया और एक साझा परिभाषा व वैश्विक नीति की मांग की ताकि आतंकवादियों को सुरक्षा और राजनीतिक सहारा न मिल सके। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी सुझाव दिया कि ब्रिक्स को एक साझा आतंकवाद निरोधी तंत्र बनाना चाहिए, जो सूचनाओं का आदान-प्रदान, निगरानी तंत्र और आतंक के वित्तपोषण को रोकने में सहयोग करे। भारत ने इस बार पाकिस्तान का नाम लिए बिना यह सिद्ध किया कि कश्मीर में आतंकवाद एक स्थानीय असंतोष नहीं, बल्कि बाहरी प्रायोजित आतंक है।

# रणबीर की 'रामायण' पर दीपिका चिखलिया हो गईं नाराज

रणबीर कपूर की आने वाली फिल्म 'रामायण' का फर्स्ट लुक सामने आया, जिसे दर्शकों से काफी सराहना मिली। भले ही यह फिल्म रामायण की एक नई प्रस्तुति हो, लेकिन 1987 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुआ ऐतिहासिक धारावाहिक 'रामायण' आज भी लोगों की यादों में ताजा है। इस सीरियल में सीता का प्रतिष्ठित किरदार निभाने वाली अभिनेत्री दीपिका चिखलिया ने रणबीर कपूर की इस नई 'रामायण' को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि इस पौराणिक कथा को बार-बार नए रूप में प्रस्तुत करना सही नहीं है और इससे उसकी मूल आत्मा को ठेस पहुंच सकती है। दीपिका का मानना है कि धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं से जुड़ी कहानियों के साथ छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए और हर बार उसे मॉडर्न लुक देने की होड़ में उसकी गहराई खो जाती है।





फिल्म 'रामायण' में अरुण गोविल दशरथ का किरदार निभाएंगे। इस बारे में दीपिका चिखलिया ने एक इंटरव्यू में कहा, "मैंने हमेशा अरुण गोविल को राम के किरदार में देखा है। उन्हें दशरथ के किरदार में देखना बहुत अजीब लगता है। मेरे लिए वे हमेशा भगवान राम ही रहेंगे। अरुण गोविल का व्यक्तित्व, उनके चेहरे पर जो तेज है, वह भगवान राम जैसा लगता है। इसलिए मुझे उन्हें राम के पिता के रूप में देखना पसंद नहीं है।" इस तरह दीपिका ने अपनी नाराजगी जाहिर की।

दीपिका से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, "इस नई रामायण के लिए मुझसे कभी पूछा ही नहीं गया। मुझसे कोई बातचीत भी नहीं की गई। मैं एक बार सीता का किरदार निभा चुकी हूं, इसलिए मेरे लिए दोबारा रामायण में कोई और किरदार निभाना सही नहीं होगा। जब एक पवित्र कहानी को फिर से सुनाया जाना हो तो मूल कलाकारों का सम्मान करना जरूरी होता है। रामायण एक भावनात्मक कहानी है। दर्शक आज भी हमें उन किरदारों के जरिए जानते हैं। फिल्म 'रामायण' की बात करें तो इसमें रणबीर कपूर राम का किरदार निभा रहे हैं। साई पल्लवी माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी और यह भव्य फिल्म 2026 में रिलीज होगी। रणबीर और सई के साथ सनी देओल हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। यश रावण की भूमिका में नजर आएंगे और आदिनाथ कोठारे भरत की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म 'रामायण' को लेकर हर कोई उत्सुक है।

# 'सैयारा' का ट्रेलर रिलीज, दिखी इश्क और जुनून की टकराहट



*यशराज बैनर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सैयारा' पिछले काफी समय से चर्चा में बनी हुई है। पोस्टर और टीज़र के जरिए पहले ही दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ चुकी थी। अब फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है, जिसने उत्साह को एक नया मुकाम दे दिया है। इस फिल्म के जरिए चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। साथ ही यशराज फिल्म्स ने अनीत पड्डा को भी 'सैयारा' के माध्यम से हिंदी सिनेमा में लॉन्च किया है।*

'सैयारा' के ट्रेलर में अहान पांडे और अनीत पड्डा के बीच की रोमांटिक केमिस्ट्री दिल को छूने वाली है। यह एक ऐसी अनोखी प्रेम कहानी पेश करता है, जो एक ओर दिल तोड़ती है तो दूसरी ओर दिल को पूरी तरह भर भी देती है। अहान एक गायक और टूटे दिल वाले आशिक के किरदार में बेहद प्रभावशाली नजर आ रहे हैं, जबकि अनीत की खूबसूरती और भावनात्मक अभिनय भी दर्शकों का ध्यान खींच रहा है। ट्रेलर में दिखाया गया प्यार, जुदाई और दर्द का एहसास 'कबीर सिंह' और 'आशिकी 2' जैसी फिल्मों की याद दिलाता है, और यही इसकी सबसे बड़ी ताकत बन सकता है।

कहानी, संगीत और निर्देशन के लिहाज़ से 'सैयारा' इस साल की सबसे बड़ी रोमांटिक फिल्मों में से एक बनने की पूरी काबिलियत रखती है। ट्रेलर ने जो भावनात्मक जुड़ाव और रोमांस का वादा किया है, उससे दर्शकों की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। अब सभी की निगाहें फिल्म की रिलीज़ पर टिकी हैं, जिसका इंतज़ार 18 जुलाई को आखिरकार खत्म होने जा रहा है।

# ऐसे ठीक होगी भूलने की बीमारी



*आज कल जीवन की व्यस्तता और भागदौड़ के कारण भूलने की बीमारी बढ़ती जा रही है। कई लोग इससे परेशान हैं। लगातार बने रहने वाले तनाव से ज्यादातर लोगों का दिमाग कमजोर होने लगता है। इस कारण हर बात दिमाग से निकलने लगती है, जिस वजह से हमे दूसरों की नाराजगी का शिकार भी बनना बढ़ता है। अगर आप भी कोई चीज रखकर भूल जाते है तो अपनी सेहत पर ध्यान देना शुरू कर दें। ऐसे फलों और सब्जियों का सेवन करें, जिनसे स्मरण शक्ति तेज हो। आप घरेलू तरीके अपनाकर भी अपने दिमाग को तेज रख सकते है। आइए हम आपको कुछ घरेलू चीजों के उपाय बताएंगे, जिससे स्मरण शक्ति दिनों-दिन तेज होती रहेगी।*

रोज रात को 10-15 बादाम पानी में भिगोकर ऱख दें। सुबह इनके छिलके उतारकर इनका बारीक पेस्ट बना लें। फिर इसमें शहद डालकर उबाल लें। फिर इसे ठंडा करके पिएं। इसका सेवन करने के 2 घंटे बाद कुछ भी ना खाएं। आंवले का इस्तेमाल सदियों के किया जा रहा है। इससे कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं दूर होती है। सुबह खाली पेट आंवले का मुरब्बा खाएं। इससे स्मरण शक्ति बढ़ती है। बात-बात पर फूलने की परेशानी भी दूर हो जाती है। गाय के घी से रात को सोने से सिर की मालिश करें। इससे स्मरण शक्ति तेज होगी। अगर आप अखरोट खाते है तो बहुत ही अच्छा है क्योंकि इनमें दिमाग को तेज रखने वाले गुण मौजूद होते है। 10 ग्राम किशमिश के साथ 20 ग्राम अखरोट खाएं।



गाजर और गुलकंद खाने से दिमाग तेज रहता है। दिन में रोज 2-3 बार इन दोनों चीजों का सेवन करें। इससे दिमाग बिल्कुल स्वस्थ रहता है। रात को सोने से पहले उड़द की दाल को भिगोकर ऱख दें। सुबह इस दाल का पेस्ट बनाकर इसमें मिश्री मिला लें। फिर दूध के साथ इसका सेवन करें। इससे बी दिमाग तेज रहेगा। सौंफ के दाने पीसकर पाउडर बना लें। फिर इस पाउडर को सुबद शाम दूध के साथ लें। इससे बाकी समस्याएं तो दूर होती है दिमाग भी तेज रहता है। शहद के साथ 10 ग्राम दालचीनी मिलाकर चाट लें। इससे भी दिमाग तेज रहेगा। भूलने की बीमारी दूर हो जाएगी।

# इस प्रकार बाल झड़ने बंद हो जाएंगे

*आजकल कम उम्र में ही बाल झड़ने और गंजेपन की समस्या बढ़ती जा रही है। इससे सभी लोग विशेषकर युवा परेशान हैं। हर दूसरे युवा के लिए यह एक एक गंभीर समस्या बन गयी है। खाने पीने मे लापरवाही और बदलते मौसम के चलते बाल झड़ने की समस्या आम बात है हालांकि फैशनेबल और स्टाइलिश लुक की चाहत रखने वाले युवाओं के लिए यह परेशानी एक गंभीर समस्या हैं।*



अगर आप भी ऐसी ही किसी परेशानी से दो-चार हो रहे हैं और जल्द ही इसका उपाय चाहते हैं तो अदरक का ये नुस्खा आपकी मदद कर सकता है। अगर आप बाल घने करने के लिए कई तेल और दवा खाकर देख चुके हैं तो इसे भी अदरक आजमा कर देखिए। जानिए इस नुस्खे को बनाने का तरीका ताकि आप भी कम बालों या गंजेपन के चलते शर्मिंदा होने से बचे रह सकें।अदरक एक एंटी बैक्टीरियल औषधि माना जाता है। अदरक एंटी ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होने की वजह से इसके प्राकृतिक गुण बालों को झड़ने से भी रोकते हैं। गंजेपन की समस्या से निजात पाने के लिए आप अदरक के रस को नींबू के रस में मिलाकर बालों में लगाएं। ऐसा करने से बालों से डैंड्रफ की समस्या भी दूर होगी और बाल झड़ने बंद हो जाएंगे। बालों में अदरक लगाते समय हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि इसके रस का एसिडिक नेचर का होने की वजह से ये आपके बालों में खारिश कर सकता है, इसलिए अदरक का जूस लगाने के बाद हमेशा अपने बालों को अच्छी तरह से धोना चाहिए।

# प्राकृतिक मेकअप रिमूवर होता है फायदेमंद



*मेकअप हटाने के लिए प्राकृतिक मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल त्वचा की सेहत के लिए फायदेमंद है।अगर आप नियमित रूप से मेकअप करती हैं तो आपके लिए उसे ठीक तरह से उतारना भी बेहद जरूरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि मेकअप ठीक से न उतारने की वजह से आप कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स की चपेट में आ सकती हैं। चेहरे से मेकअप उतारने के लिए बेहतर मेकअप रिमूवर ढूंढना आपके लिए किसी कठिन चुनौती से कम नहीं है। कई तरह के मेकअप रिमूवर काफी ऑयली होते हैं, तो कुछ ऐसे भी होते हैं जो चेहरे पर गहरे धब्बे छोड़ जाते हैं। ऐसे में आपको चाहिए कि मेकअप हटाने के लिए प्राकृतिक मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करें। जिनकी त्वचा कुछ ज्यादा सेंसिटिव होती है उनके लिए यह किसी वरदान से कम नहीं होती। आज हम आपको कुछ ऐसे ही नेचुरल मेकअप रिमूवर के बारे में बताने जा रहे हैं।*

**ऑलिव ऑयल –** थोड़ा सा ऑलिव ऑयल किसी सूती कपड़े पर लेकर उसे अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। यह आपके चेहरे की सारी गंदगी को दूर कर उसे पूरी तरह से साफ कर देगा।

**खीरे का पेस्ट –** खीरे की तासीर काफी ठंडी होती है, यह हम सभी जानते हैं। खीरे को कद्दूकस पर घिसकर उसका पेस्ट बना लीजिए। इस पेस्ट में एक चम्मच बादाम का तेल मिलाकर पूरे चेहरे पर रगड़िए। कुछ देर बाद गर्म पानी से इसे धो लीजिए। यह आपके चेहरे को प्राकृतिक सुंदरता देगा।

**एलोवेरा जेल –** एलोवेरा त्वचा का काफी लोकप्रिय प्राकृतिक उपचार है। दो चम्मच एलोवेरा जेल को तीन चम्मच जैतून के तेल के साथ मिलाएं और सूती कपड़े की मदद से इसे पूरे चेहरे पर लगाएं। दो मिनट बाद इसे धोकर साफ कपड़े से पोछ लें।

**दूध –** अगर आपकी त्वचा थोड़ी सेंसिटिव है तो आपके लिए दूध का प्रयोग मेकअप रिमूवर के बतौर ज्यादा सही रहेगा। कॉटन बॉल को दूध में भिगोकर इससे अपने चेहरे को साफ करें। यह आपके चेहरे को पूरी तरह से साफ कर देगा।

**दही –** दही एक बेहतरीन मेकअप रिमूवर की तरह काम करता है। दही को अच्छी तरह से फेंटकर किसी कॉटन बॉल की सहायता से अपने चेहरे पर लगाएं। थोड़ी देर हल्के हाथों से रगड़ें। जब मेकअप पूरी तरह से उतर जाए तो चेहरे को पानी से अच्छी तरह से धो लें।

# Bitchat हुआ लॉन्च बिना फोन नेटवर्क और इंटरनेट के कर पाएंगे चैटिंग

## जानें कैसे काम करती है ये ऐप




ट्विटर के को-फाउंडर जैक डोर्सी ने बिना इंटरनेट के चलने वाला नया मैसेजिंग ऐप Bitchat लॉन्च किया है। यह ऐप ब्लूटूथ लो इनर्जी नेटवर्क पर काम करता है जिससे बिना सेंट्रलाइज्ड सर्वर के एन्क्रिप्टेड मैसेज भेजे जा सकते हैं। प्राइवेसी को ध्यान में रखते हुए यह आईफोन यूजर्स के लिए TestFlight मोड में उपलब्ध है।

Twitter के को-फाउंडर जैक डोर्सी (Jack Dorsey) ने नया मैसेजिंग ऐप रिलीज किया है। इस मैसेजिंग ऐप की खासियत है कि यह बिना इंटरनेट के भी काम करेगा। इस ऐप का नाम Bitchat है, जो बिना सेंट्रलाइज्ड सर्वर या फोन नेटवर्क के काम करेगा। प्राइवेसी को फोकस में रखते हुए इस मैसेजिंग को फिलहाल आईफोन यूजर्स TestFlight मोड में इस्तेमाल कर सकते हैं।

Bitchat मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पूरी तरह से ब्लूटूथ लो इनर्जी (BLE) नेटवर्क पर काम करता है। यह स्मार्टफोन का लोकल क्लस्टर तैयार करता है और एक डिवाइस से दूसरे डिवाइस पर एन्क्रिप्टेड मैसेज शेयर करता है। यह ब्लूटूथ नेटवर्क पर काम करता है। इसका मतलब आपको मैसेजिंग के लिए वाई-फाई या सेलुलर नेटवर्क की जरूरत नहीं पड़ती है। यह ऐप नेटवर्क डाउन होने या इंटरनेट न होने की स्थिति के दौरान बेस्ट ऑप्शन है।

वॉट्सऐप या टेलीग्राम जैसी दूसरी मैसेजिंग ऐप्स के लिए इंटरनेट और सर्वर की जरूरत होती है। इसके साथ ही अकाउंट बनाने के लिए ईमेल या फोन जरूरी होता है। जैक डोर्सी का नया मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पूरी तरह से डिसेंट्रलाइज है। इसमें किसी तरह के डेटाबेस की जरूरत नहीं पड़ती है। यूजर के भेजे गए मैसेज सिर्फ सेंडर और रिसीवर के डिवाइस में स्टोर रहते हैं।

### कैसे काम करता है Bitchat?

ब्लूटूथ मैश नेटवर्कः यह डिवाइस की रेंज में मौजूद Bluetooth क्लस्टर तैयार करता है, जो आमतौर पर 30 मीटर की होती है। जैसे ही यूजर अपनी लोकेशन मूव होते हैं यह दूसरे डिवाइस से जुड़कर क्लस्टर तैयार करता है। इससे सेंडर के भेजे गए मैसेज को ब्लूटूथ के स्टैंडर्ड लिमिट से आगे आसानी से शेयर किया जा सकता है।

### बिना इंटरनेट करता है काम

इस ऐप को काम करने के लिए वाई-फाई, सेलुलर नेटवर्क या इंटरनेट कनेक्शन की जरूरत नहीं होती है। इसके साथ ही ऐप के लिए कोई सर्वर भी नहीं है।

### एन्क्रिप्टेड मैसेज

बिटचैट ऐप से भेजे गए मैसेज एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड है। इन मैसेज को किसी भी सर्वर में स्टोर नहीं किया जाता है। ये यूजर्स के डिवाइस में सेव रहते हैं। इसके साथ ही तय किए समय पर यह खुद डिलीट हो जाते हैं।

रजिस्ट्रेशन की भी नहीं होगी जरूरतः इस मैसेजिंग प्लेटफॉर्म को इस्तेमाल करने के लिए यूजर्स को किसी तरह से रजिस्ट्रेशन करने के लिए ईमेल या फोन नंबर की जरूरत नहीं होती।

### Bitchat की उपलब्धता

Bitchat ऐप फिलहाल Apple के TestFlight प्लेटफॉर्म पर बीटा मोड में उपलब्ध है। लॉन्च होते ही इस ऐप को 10 हजार यूजर्स टेस्ट कर रहे हैं। जैक डोर्सी ने इस ऐप को लेकर व्हाइट पेपर शेयर किया है और लोगों से बीटा प्रोग्राम ज्वाइन करने को कहा है।

## तुर्किये की कंपनी सेलेबी को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत नहीं

नई दिल्ली,(ईएमएस)। तुर्किये की कंपनी सेलेबी को एयरपोर्ट की सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) के फैसले को बरकरार रखा। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि बीसीएएस को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में एयरपोर्ट संचालन के लिए आदेश/निर्देश जारी करने का खासतौर पर अधिकार है। केंद्र ने अपने नागरिक उड्डयन मंत्रालय के माध्यम से 15 मई को फर्म को दी गई सुरक्षा मंजूरी को "राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में तत्काल प्रभाव से रद्द किया था। भारत-पाकिस्तान संघर्ष में पाकिस्तान को तुर्की के समर्थन पर भारत में हुई तीखी प्रतिक्रिया के बाद तुर्की स्थित कंपनी के खिलाफ फैसला आया था। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले का सीधा असर कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा दायर अन्य मुकदमों पर पड़ेगा, जिसमें कंपनी ने मद्रास उच्च न्यायालय, बॉम्बे उच्च न्यायालय और गुजरात उच्च न्यायालय में उन हवाई अड्डों द्वारा अपने अनुबंधों को रद्द करने को चुनौती दी है, जहां वह सेवाएं दे रही थी। सुरक्षा मंजूरी निरस्तीकरण मुद्दे पर अब तक लंबित निर्णय के मद्देनजर इन तीनों उच्च न्यायालयों में याचिकाओं को अंतिम निपटान के लिए लंबित रखा गया था।
हवाईअड्डा संचालकों के साथ मेरे अनुबंध रद्द किए जा रहे हैं। हालांकि, वकील मुकुल रोहतगी ने अपनी दलीलें कानूनी आधारों और सरकार के फैसले में प्रक्रियात्मक खामियों तक ही सीमित रखीं। विमानन सुरक्षा विनियमों के विकास का हवाला देकर रोहतगी ने तर्क दिया कि पहले के उदाहरणों की तुलना में कानूनी ढांचे में काफी बदलाव आया है।

## असम में आया 4.2 का भूकंप, डरकर लोग घर से आए बाहर, कोई जनहानि नहीं

गुवाहाटी,(ईएमएस)। असम में मंगलवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह झटके सुबह 9:22 बजे आए। भूकंप से हिलने लगे पंखे और घर का सामान। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.2 मापी गई। हालांकि अभी तक किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भूकंप का केंद्र मांजा असम में बताया जा रहा है। झटके के बाद लोग घबराकर घरों से बाहर आ गए। एक सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक यह मध्यम श्रेणी का भूकंप था, लेकिन स्थानीय स्तर पर दहशत का माहौल पैदा हो गया। बता दें इस साल फरवरी में असम के गुवाहाटी, नागांव और तेजपुर समेत कई इलाकों में 5.0 तीव्रता का भूकंप आया था। लगातार भूकंपीय गतिविधियों से क्षेत्र की संवेदनशीलता को लेकर चिंता बढ़ गई है। भूकंप सिर्फ भारत में नहीं, इसके पड़ोसी देशों में भी ज़मीन कांप रही है। नेपाल में 30 जून को 3.9 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। झटके इतने तेज़ थे कि लोग घरों से बाहर निकलकर भागने लगे। पाकिस्तान में 29 जून को 5.3 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे वहां भी अफरा-तफरी मच गई। बता दें भारत का भूकंपीय इतिहास भी काफी भयावह रहा है। जनवरी 2001 में गुजरात के भुज में आए विनाशकारी भूकंप ने हजारों लोगों की जान चली गई थी। 2005 में कश्मीर में आए भूकंप ने भारी तबाही मचाई थी। 2011 में सिक्किम में 6.9 तीव्रता का भूकंप आया था। मणिपुर और अन्य पूर्वोत्तर राज्य भी समय-समय पर भूकंप से प्रभावित होते रहे हैं। असम, नागालैंड, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश को सिस्मिक ज़ोन वी यानी सबसे संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। लगातार हो रही भूकंपीय गतिविधियों को देखते हुए विशेषज्ञ इन इलाकों में आपदा प्रबंधन और जागरूकता बढ़ाने की अपील कर रहे हैं।

## नाबालिग का अपहरण कर ट्रेन में किया दुष्कर्म, स्टेशन पर लड़की को छोड़कर भागा

मुंबई,(ईएमएस)। महाराष्ट्र के ठाणे में पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण और दुष्कर्म के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने ने बताया कि इस युवक ने लड़की का अहपरण कर अकोला ले जाते हुए ट्रेन में उसके साथ दुष्कर्म किया। लड़की डोंबिवली इलाके के मनपाड़ा में आदिवली की रहने वाली है। जीआरपी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ने बताया कि 20 साल के आरोपी ने 30 जून को लड़की को ट्रेन से अकोला ले गया और रास्ते में उसके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि अकोला में रहने वाले युवक के माता-पिता ने उसे और लड़की को अपने घर के अंदर नहीं आने दिया, इसके बाद वह उसे अकोला रेलवे स्टेशन पर छोड़कर घर चला गया। अकोला जीआरपी ने लड़की को स्टेशन पर देखा तो उससे पूछताछ की, जिसके बाद उसने उन्हें अपराध के बारे में बताया। जीआरपी ने जीरो एफआईआर दर्ज की और मामले को स्थानांतरित कर दिया। पुलिस ने बताया कि कल्याण जीआरपी ने रविवार को युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी युवक की तलाश कर रही है।

## दुनिया के कई देशों में जून का महीना रहा सबसे गर्म, यूएन ने जताई चिंता

नई दिल्ली,(ईएमएस)। जून 2025 का महीना 12 देशों के लिए अब तक का सबसे गर्म महीना रहा, जबकि 26 अन्य देशों में भी रिकॉर्ड स्तर की गर्मी पड़ी। यूरोप, एशिया और अफ्रीका के करीब 790 मिलियन लोग इस खतरनाक गर्मी से प्रभावित हुए। आंकड़ों के मुताबिक यह बढ़ती गर्मी जलवायु परिवर्तन का संकेत है। पश्चिमी और दक्षिणी यूरोप में जून के अंत में पड़ी लू ने बेल्जियम, फ्रांस और नीदरलैंड जैसे देशों को बुरी तरह झुलसा दिया। स्विट्जरलैंड, इटली और सभी बाल्कन देशों में तापमान जून के औसत से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। जापान में 1898 से रिकॉर्ड रखे जाने के बाद से सबसे गर्म जून रहा। 14 शहरों में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ी। समुद्री तापमान भी सामान्य से 1.2 डिग्री ज्यादा रहा। दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया दोनों में औसत से 2 डिग्री ज्यादा तापमान दर्ज हुआ। चीन में सबसे गर्म जून माह रहा। कई जगह 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तापमान गया। पाकिस्तान और ताजिकिस्तान में जून का महीना इतिहास का सबसे गर्म रहा। अफगानिस्तान, ईरान, उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान में अप्रैल से जून के बीच सबसे गर्म दर्ज हुआ।

## खनिज संसाधनों का इस्तेमाल दूसरों के खिलाफ हथियार के रूप में नहीं हो

नई दिल्ली,(ईएमएस)। पीएम नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स देशों से अहम खनिजों की सप्लाई चेन को सुरक्षित रखने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इन सप्लाई चेन पर किसी भी देश का एकाधिकार नहीं होना चाहिए। ब्राजील के रियो डी जनेरियो में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने चेतावनी दी कि रणनीतिक संसाधनों का इस्तेमाल हथियार के रूप में नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी देश को इन संसाधनों का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए या दूसरों के खिलाफ हथियार के रूप में नहीं करना चाहिए। उनका इशारा चीन की ओर था, जो दुर्लभ पृथ्वी के खनिजों के उत्पादन में सबसे आगे है। पीएम मोदी ने ब्रिक्स देशों से मिलकर काम करने और सप्लाई चेन को सुरक्षित बनाने का आह्वान किया। उन्होंने वैश्विक संस्थानों में सुधार की बात कही ताकि विकासशील देशों को ज्यादा महत्व मिल सके।

# देश में अब तक 254एमएम बारिश, 15% ज्यादा: एमपी में पुल टूटने से कार बही, 4 की मौत; लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ मार्ग बंद

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ:** देशभर में दक्षिण-पश्चिम मानसून जमकर बरस रहा है। मानसून सीजन में अब तक सामान्य से 15% ज्यादा बारिश हो चुकी है। इस समय तक 221.6mm बारिश होनी थी, लेकिन 254mm हो चुकी है। मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से बालाघाट, मंडला, सिवनी, इटारसी और कटनी समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। अनूपपुर में पुल टूटने से कार बह गई। इसमें पति-पत्नी और 2 बच्चों की मौत हो गई। हिमाचल प्रदेश में बीते 6 दिन में तेज बारिश के चलते 14 लोगों की मौत हुई है, जबकि 28 लापता हैं। हालांकि, अब मौसम सामान्य हो गया है। वहीं, उत्तराखंड के पीपलकोटी में बद्रीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड से रास्ता बंद हो गया है। देहरादून में घरों में पानी घुस गया है।

छत्तीसगढ़ में पिछले 3 दिनों से जोरदार बारिश हो रही है। बिलासपुर में कई इलाके डूबे हैं। इधर, राजस्थान के 20 से ज्यादा जिलों बारिश जारी है। दौसा में दीवार ढहने से महिला की मौत हो गई। झुंझुनूं में बाघोली नदी के तेज बहाव से एनएच-52 को जोड़ने वाली सड़क धंस गई।



### एमपी के दमोह में भारी बारिश, नाले उफान पर

एमपी के दमोह के जबेरा में घुटकुआ नाला उफान पर है, जिससे कई गांव का संपर्क टूट गया है। लेकिन स्कूली बच्चे इस उफनते नाले को पार कर स्कूल आ-जा रहे हैं। वहीं कुछ बच्चे यहां पानी में मस्ती करते नजर आए।

### एमपी के दमोह में भारी बारिश से 2 पुल डूबे

एमपी के दमोह में भारी बारिश से बटियागढ़-छतरपुर मार्ग पर जूड़ी नदी का पुल डूब गया है। दमोह-कटनी मार्ग पर पटेरा के पास ब्यारमा नदी का पुल डूबने से यातायात रुक गया है। दमोह-पथरिया मार्ग पर कोपरा नदी के पुल पर पानी आने से वह मार्ग भी बंद है।

मध्य प्रदेश के दमोह में भारी बारिश के कारण भौदी गांव में एक कच्चा मकान गिर गया, जिससे दो परिवार बेघर हो गए। एक पीड़ित परिवार ने बताया, "रात को तेज बारिश हो रही थी, इसलिए हम 8–9 बजे के आसपास घर से बाहर निकल गए। तभी अचानक घर गिर गया। करीब 2–2.5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।" मध्य प्रदेश के मंडला में सोमवार रात जगनाथर में बाढ़ में फंसे 20 लोगों का रेस्क्यू किया गया। एसडीईआरएफ यहां पहुंची और सभी को बोट से सुरक्षित स्थान में पहुंचाया गया। इसका वीडियो सामने आया है।

### ग्रेटर नोएडा में 4 मंजिला मकान ढहा

ग्रेटर नोएडा के दादरी में रेलवे रोड पर एक निर्माणाधीन 4 मंजिला मकान ढह गया। मकान वीर सिंह का था। बारिश के कारण मकान का निर्माण काम पहले से ही रुका हुआ था। रविवार को हुई तेज बारिश से मकान की नींव में पानी भर गया। सोमवार देर रात मकान पूरी तरह से ढह गया। घटना के समय मकान में कोई नहीं था। निर्माण काम बंद होने के कारण सभी मजदूर पहले ही वहां से जा चुके थे।

### बंगाल में भारी बारिश, कम विजिबिलिटी से ट्रक फ्लाईओवर से नीचे गिरा

पश्चिम बंगाल के पश्चिम मिदनापुर के खड़गपुर भारी बारिश और कम विजिबिलिटी के कारण ट्रक फ्लाईओवर की रेलिंग तोड़कर रेलवे ट्रैक पर गिर गया। हादसे में ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। रेलवे अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### महाराष्ट्र के भंडारा में भारी बारिश, 13 सड़के बंद

महाराष्ट्र के भंडारा जिले में लगातार हो रही भारी बारिश से नदियां और नाले उफान पर हैं। इसके चलते 13 सड़कें बंद करनी पड़ी हैं। प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले गांवों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

### उत्तराखंड के चमोली जिले में बादल फटने की खबर

उत्तराखंड के चमोली जिले में नंदप्रयाग घाट के आगे मुख गांव में बादल फटने की खबर है। फिलहाल किसी जानमाल के नुकसान की जानकारी नहीं है। एसडीआरएफ की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है। छत्तीसगढ़ में पिछले चार दिनों से लगभग सभी जिलों में भारी बारिश हो रही है। रायपुर में मंगलवार सुबह से ही तेज पानी बरस रहा है। जिससे कई इलाकों में जलभराव हो गया है।

# केरल हाईकोर्ट से लाइबेरियाई जहाज की जब्ती का आदेश: कहा- मुआवजा मिलने पर ही छोड़ें

### अन्य शिप डूबा था, केरल का 9500 करोड़ का दावा

**तिरुवनंतपुरम:** केरल हाईकोर्ट ने सोमवार को लाइबेरियाई जहाज एमएससी अकीकेता 2 को जब्त करने का आदेश दिया। यह शिप लाइबेरियाई जहाज एमएससी एल्सा 3 का सहयोगी था, जो 25 मई को कोच्चि के तट पर डूब गया था। दोनों जहाज एमएससी मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी के हैं। एमएससी एल्सा 3 डूबने से हुए पर्यावरणीय और आर्थिक नुकसान पर केरल सरकार ने 9531 करोड़ रुपए के मुआवजे की याचिका लगाई थी। साथ ही सहयोगी जहाज (एमएससी अकीकेता 2) के भारत से बाहर जाने की आशंका जताते हुए जहाज जब्त करने की मांग की थी।
इस पर कोर्ट ने आदेश दिया कि शिपिंग कंपनी जब तक मुआवजे की रकम जमा नहीं कर देती तब तक एमएससी अकीकेता 2 को जब्त रखा जाए। मामला सुलझने तक जहाज भारत से बाहर नहीं जा सकेगा।




### विझिनजाम पोर्ट को जहाज जब्त करने और उसकी सुरक्षा के निर्देश

केरल सरकार के मुताबिक जहाज डूबने के बाद निकले जहरीले पदार्थों की वजह से डॉल्फिन और व्हेल समेत कई समुद्री जीवों की मौत हुई। इस पर सरकार ने एडमिरल्टी (समुद्री दावों का अधिकार क्षेत्र और निपटान) एक्ट की धारा 4 के तहत मुआवजे की मांग की। इसमें पॉल्यूशन के लिए 8626 करोड़, पर्यावरण के लिए 378.48 करोड़ और मछुआरों को हुए 526.51 करोड़ का नुकसान शामिल है। ब्याज समेत मुआवजे की पूरी राशि 9,531.11 करोड़ है। कोर्ट ने अडानी विझिनजाम पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड को जहाज जब्त करने और उसकी सुरक्षा के निर्देश दिए। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि यह आदेश माल की लोडिंग या अनलोडिंग में दखल नहीं करेगा। मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी। लाइबेरिया का एमएससी एल्सा 3 कार्गो शिप 25 मई को केरल में कोच्चि तट पर डूब गया था। इंडियन कोस्ट गार्ड और नेवी ने सभी 24 क्रू मेंबर्स को बचा लिया गया था। शिप पर लदे 643 से ज्यादा कंटेनर्स में कैल्शियम कार्बाइड, डीजल, फर्नेस ऑयल समेत कुछ खतरनाक केमिकल्स भरे थे।

शिप 23 मई को केरल के विझिनजाम पोर्ट से कोच्चि के लिए रवाना हुआ था। 24 मई को दोपहर करीब 1:25 बजे कोच्चि तट से 38 समुद्री मील दूर जहाज के 26 डिग्री तक झुकने की खबर दी गई। इस पर आईसीजी के मरीन रेस्क्यू सब सेंटर ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।
देर शाम तक रूस, यूक्रेन, जॉर्जिया और फिलीपींस के 24 क्रू मेंबर्स में से 21 को बचा लिया गया। बाकी तीन सीनियर क्रू मेंबर शिप को डूबने से बचाने की कोशिश के लिए शिप पर ही रहे। हालांकि, शिप का झुकाव बढ़ता रहा और डूब गया। इससे पहले नेवी शिप आईएनएस सुजाता ने बाकी तीन क्रू मेंबर्स को भी बचा लिया था।

# पुणे में तीसरी मंजिल की ग्रिल से लटकी बच्ची:पड़ोसी ने बचाया

### बच्ची को घर में बंद करके मां बड़ी बेटी को स्कूल छोड़ने गई थी

**पुणे:** पुणे में मंगलवार सुबह चार साल की एक बच्ची बिल्डिंग की तीसरी मंजिल की ग्रिल में फंसकर लटक गई। बच्ची की मां उसे गलती से घर में बंद करके बड़ी बेटी को स्कूल बस तक छोड़ने गई थी। घर में बंद बच्ची खेलते-खेलते खिड़की के पास पहुंच गई और ग्रिल से बाहर लटक गई। उसका सिर ग्रिल में अटक गया। उसी बिल्डिंग में रहने वाले एक फायर फाइटर ने बच्ची को लटकते देखा और तेजी से तीसरी मंजिल पर पहुंचे।
दरवाजा बाहर से बंद होने पर नीचे गए और बच्ची की मां को घटना की जानकारी दी। इसके बाद दोनों ने ऊपर आकर बच्ची को बचाया। घटना मंगलवार सुबह करीब 9 बजे गुजर निंबालकरवाड़ी इलाके की सोनावणे बिल्डिंग की है।



### पिछले साल मां के हाथ से छूटी बच्ची टीन शेड पर लटकी रही

पिछले साल तमिलनाडु में एक बच्ची को रेस्क्यू करने का वीडियो वायरल हुआ था। घटना अवादी शहर के एक हाउसिंग अपार्टमेंट की थी। 8 माह की एक बच्ची चौथी मंजिल से मां के हाथ से छूटकर गिर गई। बच्ची दूसरी मंजिल पर धूप से बचने के लिए लगे शेड पर जा गिरी। वह काफी देर तक शेड के किनारे पर लटकी रही। बच्ची को बचाने के लिए पड़ोसी ग्राउंड फ्लोर पर चादर तानकर खड़े रहे ताकि नीचे गिरने पर बच्ची को बचा सकें। तभी तीन आदमी पहली मंजिल की खिड़की पर आ गए।

# मराठी भाषा विवाद-ठाणे में राज ठाकरे की पार्टी का प्रदर्शन: मंत्री सरनाईक के पहुंचने पर कार्यकर्ताओं का विरोध

### एमएनएस नेता-कार्यकर्ता हिरासत में लिए गए

**मुंबई:** महाराष्ट्र में मराठी को लेकर विवाद के बीच ठाणे के भायंदर में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने प्रदर्शन किया। इस बीच महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और स्थानीय विधायक प्रताप बाबूराव सरनाईक वहां पहुंचे, इससे एमएनएस कार्यकर्ता भड़के और उनका विरोध किया। इससे पहले मंगलवार सुबह पुलिस ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के ठाणे-पालघर प्रमुख अविनाश जाधव समेत कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया है। जाधव के नेतृत्व में ये कार्यकर्ता ठाणे के भायंदर में व्यापारियों के विरोध प्रदर्शन के जवाब में एक रैली करने जा रहे थे। पुलिस ने इस रैली की परमिशन नहीं दी थी।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मैंने पुलिस कमिश्नर से बात की है, उन्होंने बताया कि रैली के लिए नहीं, बल्कि सभा के लिए अनुमति मांगी गई थी।
भायंदर में ही 1 जुलाई को एक गुजराती दुकानदार को मराठी में बात न करने पर एमएनएस कार्यकर्ताओं ने मारपीट की थी। इसके विरोध में व्यापारियों ने कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया था।

### सीएम फडणवीस बोले- हमने दूसरा रास्ता सुझाया, लेकिन एमएनएस नहीं मानी

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम उन्हें सभा की अनुमति दे रहे थे, लेकिन वे उस रास्ते पर मार्च करना चाहते थे जहां ऐसा करना संभव नहीं था। हमने उन्हें दूसरा रास्ता सुझाया, लेकिन वे नहीं माने। यह कहना गलत होगा कि उन्हें अनुमति नहीं दी गई।

सोमवार को ही डीसीपी प्रकाश गायकवाड़ ने आदेश जारी कर जाधव के भायंदर आने पर एक दिन की रोक लगा दी। आदेश में कहा गया कि जाधव पर पहले से 28 आपराधिक केस दर्ज हैं और उनकी मौजूदगी से कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है।

### भाषा विवाद; राउत का भाजपा सांसद पर पलटवार:कहा- उनके पास फर्जी डिग्री

शिवसेना (उद्धव गुट) नेता संजय राउत ने कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के पास तो फर्जी डिग्री है। ऐसे इंसान को कोई हक नहीं कि वह हमें बताए कि क्या करना चाहिए। उन्होंने कहा- हमें हिंदी भाषी लोगों से कोई परेशानी नहीं है। शिवसेना ने कभी उन पर हमला नहीं किया। राउत ने कहा- सबसे पहले तो ये दुबे हैं कौन? मैं महाराष्ट्र के हिंदी भाषी नेताओं से अपील करता हूं कि वे दुबे के बयान की निंदा करें। तभी मैं मानूंगा कि आप महाराष्ट्र से हैं। निशिकांत दुबे ने सोमवार को कहा था कि ठाकरे अपने घर महाराष्ट्र में अगर बहुत बड़े बॉस हो तो चलो बिहार, चलो यूपी, चलो तमिलनाडु, तुमको पटक-पटक कर मारेंगे। दुबे ने यह जवाब राज ठाकरे के उस बयान पर दिया, जिसमें राज ने कहा था- मराठी ना बोलने पर मारो, लेकिन वीडियो मत बनाओ।

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग का शूटर हिमांशु सूद गिरफ्तार, पंजाब पुलिस की स्पेशल टीम की कार्रवाई

अमृतसर (ईएमएस)। पंजाब पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग की टारगेट किलिंग की साजिश को नाकाम कर शूटर हिमांशु सूद को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर की टीम ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर हिमांशु सूद को गिरफ्तार किया है। हिमांशु कपूरथला जिले के फगवाड़ा का निवासी है। शुरुआती जांच में पता चला है कि हिमांशु, दुबई में बैठे लॉरेंस बिश्नोई के करीबी नामित शर्मा के निर्देशों पर काम कर रहा था। हाल ही में हिमांशु और उसके साथियों ने शर्मा के कहने पर हरिद्वार में एक होटल कारोबारी पर गोली चलाई थी। शूटर हिमांशु को मध्य प्रदेश में एक और पंजाब के कपूरथला में दूसरे व्यक्ति की हत्या करने का टारगेट दिया गया था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने शूटर सूद के पास से दो पिस्तौल (.30 बोर की पीएक्स3 पिस्टल के साथ चार जिंदा कारतूस और एक .32 बोर की पिस्टल के साथ तीन जिंदा कारतूस) और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। अब मामले में थाना स्पेशल सेल अमृतसर में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अब इस गैंग के अन्य सदस्यों की पहचान करने और उनके नेटवर्क की जांच कर रही है। डीजीपी यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस संगठित अपराध को खत्म करने और राज्य में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सीबीआई निदेशक की नियुक्ति में सीजेआई की क्या जररुत

### उपराष्ट्रपति धनखड़ ने उठाए सवाल

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सीबीआई निदेशक की नियुक्ति में सीजेआई की भूमिका पर आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने सवाल उठाकर पूछा हैं कि क्या ऐसा दुनिया में कहीं और हो रहा है? इसके अलावा उन्होंने जज के घर से नकदी मिलने पर भी खुलकर बात रखी। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा है कि हर अपराध की जांच होनी चाहिए। साथ ही कहा कि अगर पैसा मिला है, तब उसके स्त्रोत का भी पता लगाया जाना चाहिए। दरअसल उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा, मैं इससे पूरी तरह हैरान हूं कि सीबीआई निदेशक जैसे कार्यपालिका के पदाधिकारी की नियुक्ति में सीजेआई की भागीदारी होती है। कार्यपालिका की नियुक्ति कार्यपालिका के अलावा किसी और की ओर से क्यों होनी चाहिए? क्या ऐसा संविधान के तहत होता है? क्या ऐसा दुनिया में कहीं और हो रहा है?
बता दें कि डीएसपीआई एक्ट के तहत सीबीआई निदेशक की नियुक्ति हाई पावर कमेटी करती है, जिसके सदस्य प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, भारत के मुख्य न्यायाधीश या उनकी ओर से नॉमिनेट किया हुआ कोई जज शामिल होता हैं। कोच्चि में कानूनी की पढ़ाई कर रहे छात्रों से बातचीत में उन्होंने न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका को अलग करने वाली सीमा कमजोर होने पर चिंता जाहिर की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नई दिल्ली में एक न्यायाधीश के आधिकारिक आवास से भारी मात्रा में नकदी मिलने के मामले की आपराधिक जांच शुरू होगी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि अब मुद्दा यह है कि यदि नकदी बरामद हुई थी, तब शासन व्यवस्था को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए थी और पहली प्रक्रिया यह होनी चाहिए थी कि इससे आपराधिक कृत्य के रूप में निपटा जाता, दोषी लोगों का पता लगाया जाता और उन्हें कठघरे में खड़ा किया जाता। उपराष्ट्रपति ने कहा कि 14-15 मार्च की रात को न्यायपालिका को अपने खुदे के इडस ऑफ मार्च का सामना करना पड़ा, जब बड़ी मात्रा में नकदी मिलने की बात सार्वजनिक रूप से स्वीकार की गई थी, लेकिन अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई।

# घरेलू वेज थाली जून में 8% सस्ती हुई:आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने का असर, नॉन-वेज थाली की कीमत में भी 6% गिरावट

**नई दिल्ली:** भारत में एक घरेलू वेजिटेरियन थाली की कीमत जून में (सालाना आधार पर) 8% घटकर 27.10 रुपए हो गई है। पिछले साल जून -2024 में वेज थाली की कीमत 29.40 रुपए थी। कैपिटल मार्केट कंपनी क्रिसिल ने अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने अपनी राइस रोटी रेट रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत मई की तुलना में जून में 3% बढ़ी है। मई में वेज थाली की कीमत 26.20 रुपए थी।



### नॉन-वेज थाली भी 6% सस्ती हुई

वहीं, नॉन-वेज थाली की कीमत जून में सालाना आधार पर 6% घटकर 54.80 रुपए हो गई है। पिछले साल जून-2024 में नॉन वेज थाली की कीमत 58 रुपए थी। मंथली बेसिस पर यानी मई की तुलना में जून में नॉन-वेज थाली की कीमत 4% बढ़ी है। मई में नॉन-वेज थाली की कीमत 52.60 रुपए थी।

### आलू, प्याज और टमाटर सस्ते होने से वेज थाली के दाम घटे

क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, आलू, प्याज और टमाटर के दाम घटने के चलते वेज थाली की कॉस्ट में कमी हुई है। टमाटर की कीमत सालाना आधार पर 24% घटकर 32 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। प्याज के दाम में 27% और आलू के भाव में 20% की गिरावट आई है। इस कारण वेज थाली की कीमत में गिरावट हुई है। वेज थाली की कॉस्ट में आलू और टमाटर की 24% हिस्सेदारी होती है।

### चिकन के प्राइस गिरने से नॉन वेज थाली की कीमत घटी

नॉन वेज थाली की कीमत में ये कमी ब्रॉयलर्स यानी चिकन के प्राइस में सालाना आधार पर 3% की गिरावट के चलते आई है। नॉन-वेज थाली की लागत में ब्रॉयलर की 50% हिस्सेदारी होती है। वहीं, सालाना आधार पर वेजिटेबल ऑयल की कीमत 19% और एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 6% बढ़ी है, नहीं तो दोनों थाली और भी सस्ती हो सकती थी।

### ऐसे कैलकुलेट होती है थाली की एवरेज कॉस्ट

- क्रिसिल ने नॉर्थ, साउथ, ईस्ट और वेस्ट इंडिया में मौजूदा फूड कीमतों के आधार पर घर में थाली तैयार करने की एवरेज कॉस्ट कैलकुलेट की है। मंथली चेंज से आम आदमी के खर्च पर असर पड़ता है।
- क्रिसिल के डेटा से अनाज, दालें, ब्रॉयलर्स (चिकन), सब्जियां, मसाले, एडिबल ऑयल और कुकिंग गैस सहित उन सामग्रियों का भी पता चलता है, जो थाली की कीमत में बदलाव लाते हैं।
- वेज थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल होता है। वहीं नॉन-वेज थाली के लिए दाल की जगह चिकन को शामिल किया गया है।

# पीएम मोदी के स्वागत में हुआ शिव तांडव स्तोत्र, सांबा रेगे और क्लासिकल डांस

ब्रासीलिया(ईएमएस)। ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। यहां उनका स्वागत पारंपरिक सांबा रेगे की संगीतमय प्रस्तुति से किया गया। इसके बाद होटल पहुंचने पर शिव तांडव स्तोत्र पाठ और भारतीय शास्त्रीय नृत्य का भावपूर्ण प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 'यादगार स्वागत' बताया और प्रवासियों की अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने भी लिखाः 'ब्रासीलिया हवाई अड्डे पर, बटाला मुंडो बैंड ने कुछ बेहतरीन रचनाएं बजाईं। उनका यह प्रयास एफ्रो-ब्राजीलियन पर्क्यूशन, विशेष रूप से ब्राजील के साल्वाडोर दा बाहिया के सांबा-रेगे को बढ़ावा देने का वैश्विक प्रयास है। कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री ने रियो डी जेनेरियो की अपनी यात्रा को 'बहुत उत्पादक' बताया था।

राजकीय यात्रा पर ब्राजील की राजधानी पहुंचे भारतीय प्रधानमंत्री का हवाई अड्डे पर ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेरो फिल्हो ने स्वागत किया। पीएम मोदी सोमवार को 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए 'बहुत ही उत्पादक' रियो डी जेनेरियो यात्रा पूरी करने के बाद ब्राजील पहुंचे। भारतीय पीएम 2 से 10 जुलाई तक 5 देशों की यात्रा पर हैं। अब तक वे घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, और अर्जेंटीना का दौरा कर चुके हैं। फिलहाल वे ब्राजील दौरे पर हैं और यहां से नामीबिया जाएंगे।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, 'थोड़ी देर पहले ब्रासीलिया पहुंचा। भारतीय समुदाय ने यादगार स्वागत किया, जो एक बार फिर दर्शाता है कि हमारे प्रवासी कितने भावुक हैं और वे अपनी जड़ों से कितने जुड़े हुए हैं।' उन्होंने कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें उत्साहित और उत्साही प्रवासी भारतीय तिरंगा थामे प्रधानमंत्री मोदी का हाथ जोड़कर अभिवादन करते नजर आ रहे हैं।



पीएम मोदी मंगलवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ व्यापार, डिफेंस, एनर्जी, स्पेस, टेक्नोलॉजी, खेती और हेल्थ समेत कई मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने लिखाः 'इंडिया-ब्राजील के बीच मजबूत साझेदारी में नए कदम उठाते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्राजील की राजकीय यात्रा पर राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। आगमन पर, हवाई अड्डे पर ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेरो फिल्हो ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पारंपरिक ब्राजीलियाई सांबा रेगे प्रदर्शन द्वारा स्वागत को शानदार संगीतमय बनाया गया।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, 'अब राजकीय यात्रा के लिए ब्रासीलिया जा रहा हूं। भारत-ब्राजील संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर राष्ट्रपति लूला के साथ विस्तृत बातचीत करूंगा। मेरी ब्राजील यात्रा का रियो चरण बहुत उत्पादक रहा। हमने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में व्यापक विचार-विमर्श किया। मैं राष्ट्रपति लूला और ब्राजील सरकार को उनके ब्रिक्स प्रेसीडेंसी के माध्यम से इस मंच को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए किए गए काम के लिए बधाई देता हूं। विश्व नेताओं के साथ मेरी द्विपक्षीय बैठकें विभिन्न देशों के साथ भारत की मित्रता को भी बढ़ावा देंगी। पीएम मोदी ने सोमवार को पर्यावरण और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे प्रमुख मुद्दों को उच्च प्राथमिकता देने के लिए ब्रिक्स की प्रशंसा की। उन्होंने इन विषयों को मानवता के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया, साथ ही इस बात पर जोर दिया कि भारत के लिए जलवायु न्याय केवल एक विकल्प नहीं है, बल्कि यह एक नैतिक दायित्व है।

### पीएम मोदी ने बताया एजेंडा- अब ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा भारत

भारत अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता करने वाला है और इस दौरान भारत ब्रिक्स को एक नए रूप में पेश करने का प्रयास करेगा, जिसमें मानवता पहले का दृष्टिकोण होगा। इस संदर्भ में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अपने एजेंडे में वैश्विक दक्षिण को प्राथमिकता देगा और जन-केंद्रित तथा मानवता सर्वप्रथम दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स को एक नए रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास होगा, जहां ब्रिक्स का मतलब होगा- सहयोग और स्थिरता के लिए लचीलापन और नवाचार का निर्माण। उन्होंने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला को शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए बधाई दी और गर्मजोशी भरी मेहमाननवाजी के लिए उनका आभार जताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रियो डी जनेरियो में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। इसके बाद वे ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे, जहां वे ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ भारत-ब्राजील संबंधों पर बातचीत करेंगे। पर्यावरण, सीओपी-30 और वैश्विक स्वास्थ्य पर आयोजित सत्र में ब्रिक्स सदस्यों, साझेदार देशों और आमंत्रित राष्ट्रों ने भाग लिया। भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दों पर सत्र आयोजित करने के लिए उन्होंने ब्राजील को धन्यवाद भी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रियो 2025 ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। सोमवार को रियो डी जनेरियो में ब्रिक्स सत्र में पर्यावरण, सीओपी-30 और वैश्विक स्वास्थ्य पर बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स की सराहना की कि वह पर्यावरण और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को प्राथमिकता देता है। उन्होंने इन मुद्दों को मानवता के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के लिए जलवायु न्याय सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के लिए जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण की सुरक्षा हमेशा महत्वपूर्ण रही है। हमारे लिए यह सिर्फ ऊर्जा की बात नहीं है, बल्कि जीवन और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखने की बात है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के लिए जलवायु परिवर्तन केवल ऊर्जा से संबंधित एक मुद्दा नहीं है। यह जीवन और प्रकृति के बीच संतुलन को प्रभावित करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत जलवायु न्याय को नैतिक जिम्मेदारी के रूप में देखता है, जिसे उसे निभाना चाहिए। भारत की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, उन्होंने देश द्वारा लोगों और ग्रह के हित में विकास के लिए शुरू की गई पहलों के बारे में बताया। इनमें अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचा गठबंधन, वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन, अंतरराष्ट्रीय बिग कैट गठबंधन, मिशन लाइफ और एक पेड़ मां के नाम जैसी योजनाएं शामिल हैं।

## पीएम मोदी ने उरुग्वे और बोलीविया के राष्ट्रपति से की मुलाकात



रियो डी जेनेरियो(ईएमएस)। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान उरुग्वे और बोलीविया के राष्ट्रपति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुलाकात की। उन्होंने दोनों राष्ट्रपति से अलग-अलग बैठकें कीं और कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने डिजिटल सहयोग, आईसीटी, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर एंड यूपीआई, रक्षा, रेलवे, स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स, कृषि, ऊर्जा, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। चर्चा का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को मजबूत करना था। दोनों पक्षों ने भारत-मर्कोसुर अधिमान्य व्यापार समझौते के विस्तार में रुचि व्यक्त की, जिसका उद्देश्य आर्थिक क्षमता और व्यापार को खोलना है। प्रधानमंत्री ने पहलगाम में हाल ही में हुए बर्बर आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करने के लिए राष्ट्रपति ओरसी के प्रति आभार व्यक्त किया और आतंकवाद के सभी रूपों एवं अभिव्यक्तियों के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ उरुग्वे की एकजुटता की सराहना की। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बोलीविया के राष्ट्रपति लुइस आर्क कैटकोरा ने द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। उन्होंने महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और इस क्षेत्र में स्थायी एवं पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी विकसित करने की क्षमता को पहचाना। प्रधानमंत्री ने मार्च-अप्रैल 2025 में ला पाज और देश के कई अन्य हिस्सों में आई भीषण बाढ़ के मद्देनजर बोलीविया के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की।

# नेतन्याहू के साथ डिनर करते हुए ट्रंप ने ममदानी को चेताया, सुधर जाओ...वरना

वॉशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क सिटी के मेयर उम्मीदवार जोहरान ममदानी पर फिर से निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि वे एक सोशलिस्ट नहीं बल्कि कम्युनिस्ट हैं। पहले वह डेमोक्रेट नेताओं को सोशलिस्ट कहते थे, लेकिन अब कम्युनिस्ट ही कह रहे हैं। अमेरिका में कम्युनिस्ट विचारधारा के लोगों को बहुत सकारात्मक तरीके से नहीं देखा जाता। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ डिनर के दौरान ट्रंप ने तीखे शब्दों में ममदानी को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ममदानी को अपने व्यवहार में सुधार लाना होगा वरना बड़ी परेशानियों में घिर सकते है।

ट्रंप ने कहा, ममदानी सोशलिस्ट नहीं है बल्कि एक कम्युनिस्ट है। ममदानी ने यहूदी लोगों के बारे में बहुत सी गलत बातें कही हैं। मुझे लगता है कि अभी उसका हनीमून चल रहा है। इसके आगे ट्रंप ने कहा कि ऐसा हमेशा नहीं चल सकता। उन्हें अपने व्यवहार में सुधार करना होगा या फिर वह कुछ बड़ी परेशानियों में घिर सकते हैं। ऐसा पहली बार नहीं है, जब ट्रंप ने ममदानी पर हमला बोला है। वे पहले भी कह चुके हैं कि ममदानी को अपने रुख में सुधार लाना होगा। इस बार नेतन्याहू के साथ बैठकर एक मेयर कैंडिडेट पर इस तरह निजी हमला करना और महत्वपूर्ण है।

इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि यदि ममदानी मेयर बने और अपने रवैये में सुधार नहीं किया, तब फिर न्यूयॉर्क सिटी के फंड में कटौती होगी। न्यूयॉर्क में नवंबर में मेयर का चुनाव होना है। यही नहीं ट्रंप ने इतना तक कहा था कि ममदानी के पास शायद अमेरिका की नागरिकता भी नहीं है। मैं देखूंगा कि अमेरिका में वह कानूनी रूप से हैं या फिर अवैध तौर पर यहां रह रहे हैं। ट्रंप ने कहा, इसतरह के काफी लोग हैं, जो कहते हैं कि वह अवैध रूप से यहां हैं। हम हर चीज देख रहे हैं। उन्हें खुद को कम्युनिस्ट पहचान से अलग होना होगा, लेकिन फिलहाल वह एक कम्युनिस्ट हैं। बता दें कि 1 जुलाई को जोहरान ममदानी ने मेयर चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की है। अब उनका मुकाबला एरिक एडम्स से होगा। नवंबर में न्यूयॉर्क सिटी का चुनाव होगा और जोहरान ममदानी पहले ऐसे मुस्लिम नेता हैं, जो मेयर चुनाव में उतरे हैं।

### जंग रोकना नहीं चाह रहा रुस, हम यूक्रेन को देंगे हथियारः ट्रंप

रूस और यूक्रेन जंग रुकने के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। दोनों देशों के बीच सीजफायर पर सहमति न बनने के बाद अब ट्रंप ने बड़ा एलान कर दिया है। ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका जल्द ही यूक्रेन को हथियार भेजेगा। मीडिया से बातचीत में ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि सभी को अपनी रक्षा करने का अधिकार है, इसलिए अमेरिका यूक्रेन को हथियार देगा। मीडिया रिपोर्ट में ट्रंप के मुताबिक हम यूक्रेन को हथियार भेजने की तैयारी कर रहे हैं। उन्हें भी अपनी सुरक्षा करने का पूरा अधिकार है। उनपर काफी ज्यादा हमले को रहे हैं। वहां बहुत सारे लोग मर रहे हैं। बता दें ट्रंप ने 3 जुलाई को रूस के राष्ट्रपति पुतिन से फोन पर बात की थी। दोनों की बातचीत करीब एक घंटे तक चली। ट्रंप ने पुतिन को सीजफायर के लिए मनाने की पूरी कोशिश की, लेकिन पुतिन ने शर्त रख दी कि अगर यूक्रेन नाटो में शामिल होगा तभी सीजफायर होगा। रूस और यूक्रेन के युद्ध ने भयानक मोड़ ले लिया है।

### भारत से सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान को बाहरी समर्थन मिलने का दावा गलतः मुनीर



इस्लामाबाद,(ईएमएस)। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने कहा है कि भारत के साथ हाल में हुए सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान को बाहरी समर्थन मिलने का दावा गलत है। मुनीर ने भारत पर निशाना साधते हुए कहा कि पाकिस्तान की संप्रभुता को कमजोर करने के किसी भी दुस्साहस या प्रयास का बिना किसी संकोच के त्वरित और दृढ़ प्रतिक्रिया के साथ जवाब दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सफल ऑपरेशन बन्यनम मार्सूस में बाहरी समर्थन के बारे में लगाए गए आरोप गैर-जिम्मेदाराना और तथ्यात्मक रूप से गलत हैं और दशकों के रणनीतिक विवेक से विकसित स्वदेशी क्षमता और संस्थागत लचीलेपन को स्वीकार करने में उसकी पुरानी अनिच्छा को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि विशुद्ध रूप से द्विपक्षीय सैन्य संघर्ष में अन्य देशों को भागीदार बताना भी खेमेबाजी की राजनीति करने का एक घटिया प्रयास है।

# भारत ने अफगानिस्तान पर यूएन के प्रस्ताव पर नहीं किया वोट

जनेवा,(ईएमएस)। भारत ने अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक प्रस्ताव पर वोट नहीं दिया। भारत के यूएन में स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वाथानेनी हरीश ने कहा कि भारत को चिंता है कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवादी संगठन कर रहे हैं। इसलिए भारत ने वोट नहीं दिया। हरीश ने यूएन में कहा कि अफगानिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की थी, जिसका भारत स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को मिलकर यह तय करना चाहिए कि यूएन सुरक्षा परिषद द्वारा तय किए गए आतंकवादी संगठन, जैसे अल कायदा, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद, अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए न करें। साथ ही जो देश इन संगठनों की मदद करते हैं, उन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। भारत इस पर चिंता जताता रहा है कि आतंकवादी संगठन पड़ोसी देशों से अपनी गतिविधियां चला रहे हैं। भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

हरीश ने बताया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी से बात की थी। भारत ने अफगानिस्तान द्वारा पहलगाम हमले की निंदा करने का स्वागत किया। इससे पहले भारत के विदेश सचिव और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री के बीच भी मुलाकात की थी। इसमें दोनों देशों ने कई मुद्दों पर बात की थी। जयशंकर ने मई में मुत्ताकी से बात की थी। तालिबान के विदेश मंत्री के साथ यह उनकी पहली बातचीत थी।

हरीश ने कहा कि भारत हमेशा से अफगानिस्तान के लोगों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत का यह फैसला सिद्धांतों और व्यवहारिकता दोनों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि मैं अफगानिस्तान के लोगों के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंधों को दोहराना चाहता हूं। हम उनकी मानवीय और विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी संबंधित पक्षों के साथ मिलकर काम करने और अफगानिस्तान को स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों का समर्थन करते हैं लेकिन, भारत ने इस प्रस्ताव पर वोट नहीं देने का फैसला किया है।

भारत का मानना है कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए नहीं होना चाहिए।

# ट्रैरिफ; ट्रंप ने कई देशों के लिए डेडलाइन 1 अगस्त तक बढ़ाई

### -यह बढ़ोतरी समझौतों पर बातचीत को और समय देने के उद्देश्य से की

वाशिंगटन,(ईएमएस)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के व्यापारिक साझेदारों पर टैरिफ बढ़ाने की अपनी योजना को आगे बढ़ाया है, हालांकि मूल रूप से तय की गई 9 जुलाई की समय सीमा को अब ज्यादातर देशों के लिए 1 अगस्त तक बढ़ा दिया है। व्हाइट हाउस ने बयान जारी कर कहा कि यह विस्तार समझौतों पर बातचीत को और समय देने के उद्देश्य से किया गया है। हालांकि इस फैसले का जो मैसेज जा रहा है, वह ट्रंप प्रशासन को आर्थिक अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया से बचने के लिए समय सीमा को टालना पड़ा है।

ट्रंप ने अपने कार्यकाल में 90 दिनों में 90 सौदे करने का वादा किया था, लेकिन अब तक सिर्फ दो समझौते ही हुए हैं। एक ब्रिटेन के साथ और दूसरा वियतनाम के साथ। ये समझौते भी अभी प्राइमरी स्टेज में हैं और इन्हें अंतिम रूप देने के लिए बातचीत जरुरी है। वियतनाम के साथ करार में मिनिमम 20 फीसदी का टैरिफ शामिल है, जो पहले की 46 फीसदी की टैरिफ धमकी से कम है। अभी भी 10 फीसदी की मौजूदा दर से ज्यादा है। अमेरिका का चीन के साथ भी एक अस्थायी समझौता हुआ है, जिसमें कुछ टैरिफों को वापस लेने पर सहमति बनी है। वहीं भारत और यूरोपीय संघ के साथ बातचीत चल रही है, लेकिन ठोस नतीजों की कमी बनी हुई है। भारत के साथ बातचीत अमेरिकी मांग पर अटकी है, जिसमें वह भारतीय कृषि और डेयरी बाजारों तक अपनी पहुंच बढ़ाना चाहता है। भारत के लिए राजनीतिक और सामाजिक रूप से ये अत्यंत संवेदनशील हैं।

ट्रंप ने 13 देशों को पत्र भेजकर चेतावनी दी है कि अगर 1 अगस्त तक कोई समझौता नहीं होता है, तो उन पर 10 से 70 फीसदी तक नए टैरिफ लगाए जा सकते हैं।

अमेरिका के करीबी सहयोगी जैसे जापान और दक्षिण कोरिया पहले ही इस नोटिस की चपेट में आ चुके हैं। इसके अलावा ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका-विरोधी मानी जा रही ब्रिक्स नीतियों का समर्थन करने वाले देशों पर भी अतिरिक्त 10 फीसदी टैरिफ की धमकी दी है।

व्हाइट हाउस ने बताया कि रेसिप्रोकल टैरिफ को अब 1 अगस्त तक टाल दिए गए हैं। पहले ये टैरिफ 9 जुलाई से लागू होने थे। ट्रंप इस डेडलाइन एक्सटेंशन को औपचारिक रूप देने के लिए एक्जीक्यूटिव लेटर्स जारी करेंगे। ये पत्र डोनाल्ड ट्रंप के ट्रूथ सोशल पर पोस्ट किए जाते रहेंगे, जैसा जापान और दक्षिण कोरिया के साथ किया है। बता दें ट्रंप ने सोमवार को बांग्लादेश समेत 14 देशों पर नई टैरिफ का ऐलान कर वैश्विक व्यापार में हलचल मचा दी है। उन्होंने इसका ऐलान करते हुए इन सभी देशों को पत्र भेजे हैं, जिनके शब्द और भाषा बिल्कुल एक जैसे हैं। अब तक उन्होंने म्यांमार पर सबसे ज्यादा 40 फीसदी का टैरिफ लगाया है।

बता दें टैरिफ एक तरह का सीमा शुल्क या टैक्स होता है। ये कोई भी देश उन सामानों पर लगा सकता है, जो विदेशों से उनके यहां आता है। ये टैक्स सरकार इम्पोर्ट करने वाली कंपनियों से वसूलती है। इसे घटा-बढ़ाकर ही देश आपस में व्यापार को कंट्रोल करते हैं। कोई देश टैरिफ बढ़ाता है तो उसके घरेलू बाजार में विदेशी सामान महंगे होते हैं। इस तरह सरकार की कमाई तो बढ़ती ही है, विदेशी माल की खपत कम हो जाती है। इस तरह घरेलू माल की मांग बढ़ती है प्रोडक्शन भी बढ़ता है। ट्रंप अपनी अमेरिका फर्स्ट की नीति के तहत ये टैरिफ लगा रहे हैं।

### ब्रिक्स का मकसद न टकराव और ना ही किसी देश को निशाना बनाना है

चीन ने कहा है कि ब्रिक्स टकराव के लिए नहीं है और यह किसी अन्य देश को निशाना नहीं बनाता है। बता दें इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स समूह की अमेरिकी विरोधी नीतियों से जुड़े देशों पर अतिरिक्त 10 फीसदी शुल्क लगाने की धमकी दी थी। इस पर चीन ने यह प्रतिक्रिया दी है।

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि ब्रिक्स उभरते बाजारों और विकासशील देशों के बीच सहयोग के लिए एक अहम मंच है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स खुलेपन, समावेशन और सभी के फायदे के लिए सहयोग की वकालत करता है। ब्रिक्स की स्थापना ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका द्वारा की गई थी, लेकिन इस समूह का पिछले साल विस्तार हुआ और इसमें इंडोनेशिया, ईरान, मिस्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात को भी शामिल किया गया है। नए सदस्य देशों के अलावा, इस समूह में 10 रणनीतिक साझेदार देश भी शामिल हैं। यह श्रेणी पिछले साल के शिखर सम्मेलन में बनाई गई थी, जिसमें बेलारूस, क्यूबा और वियतनाम जैसे देश शामिल हैं।

## नेतन्याहू ने कहा- हमने ईरान के परमाणु कार्यक्रम यानी ट्यूमर को हटा दिया

वाशिंगटन(ईएमएस)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का बड़ा बयान आया है। उन्होंने कहा कि हमने ईरान के परमाणु और मिसाइल खतरों के 'ट्यूमर' को हटा दिया है, लेकिन निगरानी जरूरी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप और मेरे बीच (इजरायल और अमेरिका के बीच साझेदारी) की साझेदारी ने एक ऐतिहासिक जीत हासिल की है। उन्होंने कहा, अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान के खिलाफ निर्णायक परिणाम हासिल किया। नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ डिनर से पहले पत्रकारों से कहा, हमने इजरायल की जान को खतरे में डाल रहे दो ट्यूमर (परमाणु ट्यूमर और बैलिस्टिक मिसाइल ट्यूमर) को कुछ हद तक रोक दिया है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि ईरान हमारी सब्र की परीक्षा नहीं लेगा, क्योंकि यह उनकी गलती होगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे ईरान में सत्ता परिवर्तन का समर्थन करते हैं, तो नेतन्याहू ने जवाब देते हुए कहा, यह ईरान के लोगों पर निर्भर है। नेतन्याहू ने कहा, वे लोग ऐसी 20,000 चीजें (मिसाइलें) बनाने और उन्हें न्यू जर्सी जैसे छोटे देश पर छोड़ने की योजना बना रहे थे। कोई भी देश इतना हमला झेल नहीं सकता। जब आपके सामने दो ऐसी चीजें हों जो आपको मार सकती हैं, तो आपको क्या करना चाहिए? आपको उन्हें हटाना होगा और हमने अपने संयुक्त प्रयास से ऐसा किया।प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने चेतावनी देते हुए कहा, जब आप एक ट्यूमर को हटाते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं कि वो दोबारा नहीं आ सकता। आपको हालात पर लगातार नजर रखनी होती है, ताकि कोई उसे वापस लाने की कोशिश न कर सके। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों ने मध्य पूर्व की तस्वीर बदल दी है और इससे इजरायल और उसके अरब व मुस्लिम पड़ोसियों के बीच अब्राहम समझौते को आगे बढ़ाने का मौका मिला है।

## राफेल को मार गिरने की ताकत पाकिस्तानी वायुसेना में नहीं.....विमान बनाने वाली कंपनी ने कहा

लंदन (ईएमएस)। राफेल को मार गिराने के पाकिस्तान के दावों की पोल खुलती दिख रही है। अब लड़ाकू विमान बनाने वाली कंपनी ने भी दो टूक कह दिया है कि पाकिस्तान ने भारत का कोई राफेल नहीं गिराया है। इसके पहले एक इंटरव्यू के दौरान भारत के रक्षा सचिव भी इसकी पुष्टि कर चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्र्स के अनुसार, दसॉ एविएशन के अध्यक्ष और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने बताया है कि एक राफेल जेट ऊंचाई पर जाकर तकनीकी खामी आ गई थी, इसकारण वह क्रैश हुआ। संघर्ष के दौरान कोई जेट नहीं गिरा था। बात दें कि रक्षा सचिव आरके सिंह ने कहा कि यह कहना गलत है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के राफेल विमान गिराए गए थे। उन्होंने कहा, आपने राफेल्स का इस्तेमाल बहुवचन में किया है। मैं आपको भरोसा दिला सकता हूं कि यह सच नहीं है। भारत के मुकाबले पाकिस्तान को जान और माल के मामले कई गुना नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा है कि भारतीय बलों को ऑपरेशन के दौरान पूरी छूट दी गई थी। उन्होंने कहा, हमारे सशस्त्र बलों पर कोई राजनीतिक रोक नहीं थी और उनके पास पूरी स्वतंत्रता थी। दरअसल चीन ने मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के बाद फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन के बारे में भ्रम की स्थिति पैदा करने की जिम्मेदारी अपने दूतावासों को दी थी, ताकि विमान की प्रतिष्ठा और बिक्री को नुकसान पहुंचे। फ्रांसीसी सैन्य और खुफिया अधिकारियों ने इसका निष्कर्ष निकाला है। फ्रांसीसी खुफिया सेवा की रिपोर्ट के अनुसार, चीनी दूतावासों में रक्षा अधिकारियों (डिफेंस अताशे) ने राफेल की बिक्री को प्रभावित करने के लिए एक रणनीतिक अभियान चलाया, जिसका उद्देश्य उन देशों को राजी करना था, जिन्होंने पहले से ही फ्रांस निर्मित लड़ाकू विमान का ऑर्डर दे दिया है।

## भोटेकोशी नदी में आई बाढ़ से मैत्री पुल बहा, 18 लापता

काठमांडू (ईएमएस)। नेपाल और चीन सीमा पर भारी बारिश के कारण भोटेकोशी नदी में आई बाढ़ से मैत्री पुल बह गया है। घटना में 18 लोग लापता हो गए हैं, जिसमें 12 नेपाली और 6 चीनी नागरिक शामिल हैं। मानसून की शुरुआत के बाद नेपाल के कई हिस्सों में भारी बारिश हो रही है, जिससे नदियाँ उफान पर हैं। इसी कड़ी में, नेपाल और चीन को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मैत्री सेतु भोटेकोशी नदी में आई बाढ़ की भेंट चढ़ गया। यह पुल नेपाल के रसुवा जिले को चीन से जोड़ता था। अधिकारियों के अनुसार, पुल बीती रात करीब 3:15 बजे पानी के तेज बहाव में बह गया। राजधानी काठमांडू से करीब 120 किलोमीटर दूर स्थित पुल के बहने के साथ ही 18 लोग भी लापता हो गए हैं। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, नेपाली सेना और पुलिस मिलकर इन लापता लोगों की तलाश कर रही है। रसुवा के मुख्य जिला अधिकारी अरुण पौडेल ने बताया कि नदी में आई बाढ़ से नेपाल को काफी नुकसान हुआ है। प्रशासन ने आसपास रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश दिए हैं। भोटेकोशी नदी चीन के रास्ते नेपाल में प्रवेश करती है। चीन के हिमालयी क्षेत्र में हुई भारी बारिश के कारण भोटेकोशी नदी का जलस्तर अचानक खतरे के निशान से ऊपर चला गया, जिसके कारण यह पुल बह गया।

## दिवंगत यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के मस्क ने ट्रंप पर साधा निशाना

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अरबपति एलन मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 'क्या समय आ गया है? अरे देखो, यह फिर से किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है' और एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें लिखा था- 'आधिकारिक जेफरी एपस्टीन गिरफ्तारी काउंटर। मस्क ने जेफरी एपस्टीन मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं होने की बात को उजागर करने के लिए एक 'गिरफ्तारी काउंटर' पोस्ट किया। जाहिर तौर पर उनका ये कदम डोनाल्ड ट्रंप को निशाना बनाते हुए है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का संबंध दिवंगत यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ जोड़ा गया था। बहरहाल स्पेसएक्स और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने किसी का नाम नहीं लिया है। मगर उनका यह पोस्ट ट्रंप प्रशासन के न्याय विभाग (डीओजे) और संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के यह निष्कर्ष निकाले जाने के बाद आया है कि एपस्टीन की हत्या के कोई सबूत नहीं हैं। एक अलग मामले में यौन अपराधी के रूप में दोषी ठहराए गए इस बदनाम फाइनेंसर पर यौन संबंध बनाने के लिए कम उम्र की लड़कियों का एक विशाल नेटवर्क चलाने का आरोप था। मुकदमे की प्रतीक्षा करते हुए 2019 में जेल में उसकी मृत्यु हो गई। ट्रंप और मस्क के बीच हाल ही में पूर्व के बिग ब्यूटीफुल बिल को लेकर मतभेद हो गया। तब से दोनों सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे पर कटाक्ष करते रहे हैं। डीओजे और एफबीआई ने यह भी कहा कि जांचकर्ताओं को इस बात का कोई संकेत नहीं मिला कि एपस्टीन ने शक्तिशाली लोगों को ब्लैकमेल किया या कोई ग्राहक सूची बनाकर रखी थी। मस्क ने हाल ही में आरोप लगाया था कि एपस्टीन मामले से संबंधित सीलबंद सरकारी दस्तावेजों में ट्रंप का नाम शामिल है।

## वायरस वीजा लेकर नहीं आता, न ही पासपोर्ट के आधार पर समाधान चुने जाते हैंः पीएम मोदी

रियो डी जेनेरियो(ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्राजील दौरे पर हैं, जहां उन्होंने रियो डी जेनेरियो में आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने ब्रिक्स समिट में एनवायरमेंट, कॉप 30 और ग्लोबल हेल्थ पर सत्र को संबोधित किया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि मैं ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इन विषयों पर चर्चा शुरू करने के लिए ब्राजील का आभारी हूं, क्योंकि ये मानव जाति के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण विषय हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे लोगों और प्लेनेट का स्वास्थ्य आपस में जुड़ा हुआ है। कोविड-19 महामारी ने हमें सिखाया है कि वायरस वीजा लेकर नहीं आता, न ही पासपोर्ट के आधार पर समाधान चुने जाते हैं। इसलिए हमें अपने प्लेनेट को स्वस्थ बनाने के लिए अपने साझा प्रयासों को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत पीपल (लोग), प्लेनेट और प्रोग्रेस की भावना से प्रेरित है। भारत ने कई पहल की है, जैसे मिशन लाइफ, एक पेड़ मां के नाम, अंतरराष्ट्रीय सौर अलायंस, आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन, हरित हाइड्रोजन मिशन, वैश्विक जैव ईंधन अलायंस, अंतरराष्ट्रीय बिग कैट्स अलायंस। पीएम मोदी ने कहा कि भारत को आयुष्मान भारत योजना शुरू करने पर गर्व है, जो अपनी तरह की सबसे बड़ी हेल्थ कवरेज स्कीम है।

# शुभमन ने बताया कुलदीप को टीम में जगह नहीं मिलने का कारण

बर्मिंघम (ईएमएस)। चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव को अब तक इंग्लैंड दौरे में खेलने का अवसर नहीं मिला है। कुलदीप को नहीं खिलाये जाने को लेकर कई सवाल भी उठते रहे हैं। भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट में जीत के साथ सीरीज में बराबरी की है। ऐसे में तीसरे टेस्ट में भी उनको जगह मिलने की संभावना नहीं है। वहीं भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल का कहना है कि सभी लोग . कुलदीप यादव जैसे स्पिनर को अंतिम ग्यारह में रखना चाहते हैं पर लीड्स में जिस प्रकार से निचले क्रम के बल्लेबाज विफल हुए हैं। उसको देखते हुए बल्लेबाजों को मजबूत करने के लिए निचले क्रम पर स्पिनर के तौर पर वाशिंगटन सुंदर को रखा गया है। सुंदर बल्लेबाजी के साथ ही अच्छी गेंदबाजी में करते हैं। वाशिंगटन ने जिस प्रकार पिछले मैच में बल्ले और गेंद दोनों से योगदान दिया हैं उसके बाद उन्हें बाहर करना संभव नजर नहीं आता। . इसका कारण है कि भारतीय टीम लॉर्ड्स टेस्ट में भी पिछले मैच की रणनीति के साथ ही उतरेगी।

शुभमन ने कहा कि कुलदीप जैसा गेंदबाज को बाहर रखना आसान नहीं होता पर वह वाशिंगटन को इसलिए शामिल करने के पक्ष में हैं क्योंकि उनके रहने से निचले क्रम को टीम की बल्लेबाजी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड में प्रयोग होने वाली 'ड्यूक' गेंद जब थोड़ी पुरानी और नरम हो जाती है तो स्पिनरों के पास मैच को नियंत्रित करने का अधिक अवसर मिल जाता है।

## विराट की तरह ही हैं शुभमन के आंकड़े

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल की तुलना पदार्पण के बाद से ही अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली से होती रही है। प्रशंसकों का मानना है कि वह विराट जैसे बल्लेबाज हैं। शुभमन ने इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैचों में शतक लगाये हैं। पहली बार इंग्लैंड में सीरीज खेल रहे गिल इस समय कोहली की तरह ही प्रदर्शन करते दिख रहे हैं। शुभमन ने अब तक 139 अंतरराष्ट्रीय पारियां खेली हैं जिसमें उनके आंकडे विराट



के आसपास हैं। 25 साल के शुभमन ने 139 इंटरनेशनल पारियों के बाद 5831 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका बल्लेबाजी औसत 47.02 रन रहा है। उन्होंने 17 शतक लगाये हैं। वहीं कोहली ने अपनी शुरुआती 139 अंतरराष्ट्रीय पारियों में 45.98 के औसत से 17 शतक के साथ ही 5610 रन बनाए थे। इससे अंदाजा होता है कि दोनों के बीच कड़ा मुकाबला रहा है। रनों के मामले में शुभमन का आंकड़ा कोहली से कही बेहतर है जबकि दोनों के शतक बराबर हैं। बल्लेबाजी औसत में भी इनमें ज्यादा अंतर नहीं है। शुभमन ने टेस्ट में 63 पारी खेली हैं जबकि एकदिवसीय में 55 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 21 पारी उनके नाम हैं।

विराट ने अपने लंबे करियर में कई उतार चढ़ा देखे हैं। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से कई बार टीम इंडिया को बड़ी जीत दिलाई थी। .विराट को एक आक्रामक कप्तान के रूप में जाना जाता है। वहीं दूसरे टेस्ट में शुभमन के दोहरे शतक के बाद कोहली ने उनकी जमकर तारीफ की थी। इससे माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में शुभमन भी विराट की तरह ही जीत दिलाएंगे। शुभमन गिल अपनी कप्तानी में इंग्लैंड में शानदार बल्लेबाजी के साथ साथ विश्व रिकॉर्ड बना रहे हैं।

## टीम को बुमराह का सामना करने तैयार रहना होगा : स्टोक्स

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने मना है कि अब तीसरे टेस्ट में उनकी टीम को जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी का सामना करने तैयार रहना होगा। बुमराह को दूसरे टेस्ट में आराम दिया गया था। इसके बाद भी मेजबान टीम को बड़ी हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में अब स्टोक्स तीसरे टेस्ट में कोई कसर नहीं रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उनके साथियों को लॉर्ड्स में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज की विविधता के लिए तैयार रहना होगा हालांकि उन्होंने स्वीकार किया है कि बुमराह जैसे गेंदबाजी नेट्स में नहीं की जा सकती है। इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में 336 रन से हार का सामना करना पड़ा थ। वहीं बुमराह 10 जुलाई से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में खेलने के लिए तैयार हैं। स्टोक्स ने इसी को लेकर कहा, ' हम एक-दूसरे के खिलाफ इतनी बार खेलते हैं जिससे आपको पता होता है कि आपका सामना किससे होगा इसलिए आप ट्रेनिंग के दौरान उसी को लेकर अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा, 'कोच और ट्रेनर के साथ आप जो कर सकते हैं उसे करने के प्रयास करें, क्रीज पर बाहर की तरफ से गेंदबाजी का सामना करें, उनके गेंदबाजी आक्रमण की तरह का अभ्यास करने का प्रयास करें पर ये भी ध्यान रहे कि किसी मैच में आपके सामने आने वाली चीजों को अभ्यास में दोहराना काफी कठिन होता है। वहीं स्टोक्स ने तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर के तीसरे टेस्ट में खेलने को लेकर कहा कि इस बारे में पक्के तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता।

# आकाशदीप की गेंद पर रुट बोल्ड, सचिन बोले 'बॉल ऑफ द सीरीज'

मुम्बई (ईएमएस)। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने यहां एजबेस्टन में भारतीय टीम को मिली बड़ी जीत में तेज गेंदबाज आकाशदीप सिंह की भूमिका की सराहना की है। सचिन ने सोशल मीडिया में जारी अपनी एक पोस्ट में आकाशदीप की उस बेहतरीन गेंद की प्रशंसा की है जिसपर इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट आउट हुए थे। सचिन ने इसे 'बॉल ऑफ द सीरीज' यानी सीरीज की सबसे बेहतरीन गेंद करार दिया है। सचिन ने लिखा कि इस सीरीज में सबसे बेहतरीन गेंद का शिकार एक शीर्ष बल्लेबाज हुआ है।



तेंदुलकर ने सोशल मीडिया में लिखा, "इस समय के महान बल्लेबाज की शानदार पारी! बधाई हो, शुभमन गिल, भारत को शानदार टेस्ट जीत दिलाने के लिए! ऋषभ पंत, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा ने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की, खासकर दूसरी पारी में। भारत का रवैया इंग्लैंड को इस खेल से बाहर करना और उन्हें अलग तरीके से खेलने के लिए मजबूर करना था, यह सुनिश्चित करते हुए कि केवल एक विजेता होगा।"

उन्होंने आगे लिखा, "गेंदबाजों के बारे में जिस बात ने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया, वह थी उनकी गेंदबाजी की लेंथ। कहने की जरूरत नहीं है, आकाश दीप बेहतरीन गेंदबाज थे, और मेरी राय में, जिस प्रकार की गेंद रूट को फेंकी वह सीरीज की सबसे बेहतरीन गेंद फेंकी। "

आकाशदीप ने यह गेंद इंग्लैंड की पारी के दूसरे ओवर में डाली थी। ऑफ और मिडिल स्टंप पर पड़ी इस फुल लेंथ गेंद को रूट लेग साइट में खेलना चाहते थे, मगर गेंद ने टप्पा पड़ने के बाद कांटा बदल लिया और सीधा विकेट पर जा लगी। आकाशदीप ने दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी कर 6 विकेट लिए, इससे पहले उसने पहली पारी में 4 विकेट लिए थे। जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में उन्होंने 10 विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।

## एमसीसी ने आकाशदीप की गेंद को सही करार दिया, रुट हुए थे बोल्ड

मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने कहा है कि जिस गेंद पर भारतीय टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप सिंह ने इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रुट को आउट किया था। वह नो बॉल नहीं थी। ऐसे में इस गेंद को लेकर जो भी सवाल उठाये जा रहे हैं वह गलत हैं। रुट के विकेट पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है। इससे पहले आकाश की जिस गेंद पर इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट आउट हुए थे। उस गेंद को नो बॉल करार देकर उसकी वैधानिकता पर मेजबान टीम के प्रशंसकों ने सवाल उठाये थे। उनका कहना था कि आकाश दीप ने वाइड ऑफ क्रीज जाकर ये गेंद फेंकी थी, जिसे रूट ने रोकने का प्रयास किया पर वह बोल्ड हो गये। ये भी कहा जा रहा था कि आकाश ने जो गेंद रूट को डाली, उस गेंद पर उनका पैर बॉलिंग की साइड में रिटर्न क्रीज से लगा था पर नियमों को देखें तो पाएंगे कि रिटर्न क्रीज को छूना कोई गुनाह नहीं है, आकाश दीप का पंजा क्रीज के अंदर था और जब वे गेंद करने के लिए आगे गए तब उनका पैर रिटर्न क्रीज पर लग गया। इस तरह आकाश दीप की ये गेंद पूरी तरह से वैध थी, जिस पर जो रूट आउट हुए। कुछ लोगों का कहना था कि यह बैकफुट नो बॉल थी और इसलिए गेंद लीगल नहीं थी, जिस पर बल्लेबाज को आउट नहीं दिया जाना था। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट सहित कुछ कमेंटेटरों ने कमेंट किया कि यह नो बॉल होनी चाहिए थी पर भारत के रवि शास्त्री ने इस गेंद को पूरी तरह सही माना । वहीं एमसीसी के प्रवक्ता ने इस मामले को लेकर कहा, पिछले सप्ताह इंग्लैंड के खिलाफ भारत के टेस्ट मैच के चौथे दिन, आकाश दीप की गेंद पर सवाल उठे थे, जिस पर जो रूट बोल्ड हो गए थे, कुछ प्रशंसकों और कमेंटेटरों का मानना था कि यह नो बॉल थी, जबकि आकाश दीप असामान्य रूप से क्रीज पर वाइड लैंड हुए और उनका पिछला पैर रिटर्न क्रीज के बाहर जमीन को छूता हुआ दिखाई दिया, तीसरे अंपायर ने इस गेंद का नो बॉल नहीं कहा।

## क्या आईसीसी वर्ल्ड क्लब्स टी20 चैंपियनशिप में पीसीबी को जगह मिलेगी?

दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की योजना विश्व की लोकप्रिय टी20 क्रिकेट लीग की टीमों के बीच वर्ल्ड क्लब्स टी20 चैंपियनशिप का आयोजन करना है। इसमें पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को शायद ही शामिल किया जाये। इसका कारण ये है कि इस इवेंट के लिए हुई बैठक में पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपना प्रतिनिधि नहीं भेजा था जबकि उसे आमंत्रण दिया गया था जिसके बाद से ही आईसीसी उससे नाराज है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड द्वारा आयोजन इस बैठक में प्रमुख टी20 फ्रेंचाइजी-आधारित लीगों के सीईओ शामिल हुए थे। इस , "बैठक में प्रस्तावित वर्ल्ड क्लब्स चैंपियनशिप, इसकी विंडो, फॉर्मेट, शेड्यूल आदि पर बात हुई थी। इसमें एमिरेट्स लीग, बिग बैश लीग, द हंड्रेड, एस20, एलएलसी, कैरेबियन प्रीमियर लीग आदि के सीईओ शामिल हुए थे। शुरुआत में वर्ल्ड क्लब्स इवेंट में पांच टीमें होंगी.

# मैकुलम ने लॉर्ड्स टेस्ट में गेंदबाजों की सहायक पिच बनाने कहा

बर्मिंघम (ईएमएस)। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कोच ब्रैंडन मैकुलम ने भारतीय टीम के खिलाफ 10 जुलाई से लॉर्ड्स में शुरु होने वाले तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए अभी से चालें चलनी शुय कर दी हैं। इसी के तहत ही मैकुलम ने तेज गेंदबाजों की सहायक पिच तैयार करने को कहा है जिससे की भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया जा सके। ऐसी पिच से लाभ उठाने के लिए ते गेंदबाज गस एटकिंसन की भी टीम में वापसी हुई है। इसके अलावा मिस्ट्री गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी भी होने की पूरी संभावन है क्योंकि वह अब पूरी तरह से फिट हो गये हैं। दूसरे टेस्ट मैच में 336 रनों से मिली करारी हार से हताश कोच का लक्ष्य किसी भी प्रकार तीसरे टेस्ट में टीम को जीत दिलाना है। ऐसे में भारतीय टीम को भी अभी से अपनी रणनीति पर काम करना होगा। आर्चर लंबे समय तक कोहनी और पीठ की चोटों से उबरने के बाद टेस्ट में वापसी के लिए तैयार है।उन्होंने अपना पिछला टेस्ट फरवरी 2021 में खेला था। वहीं एटकिंसन मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर थे। उनकी वापसी से टीम को तेज गेंदबाजी आक्रमण के मजबूत होने की उम्मीद है। कोच ने कहा कि उन्होंने एमसीसी के मुख्य ग्राउंड्समैन कार्ल मैक्डरमॉट से 'थोड़ी अधिक गति, उछाल और स्विंग' वाली पिच बनाने को कहा है। उन्होंने पिछले महीने के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल का हवाला दिया जब पैट कमिंस और कगिसो रबाडा गेंद को स्विंग करने में सफल रहे थे। मैकुलम ने कहा, '' मुझे लगता है कि अगर पिच से तेज गेंदबाजों को सहायता मिली तो यह एक शानदार मैच होगा।'' इंग्लैंड ने इससे पहले अपनी आक्रामक खेल शैली के तहत ही सपाट पिचों को प्राथमिकता दी थी। इसका लाभ भी उसे मिला था और टीम को लीड्स में अधिक उछाल वाली पिच पर खेले गये पहले टेस्ट में पांच विकेट से जीत मिली जबकि एजबेस्टन में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

# 54 साल के हुए गांगुली, प्रशंसकों ने दी बधाई

कोलकाता (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली आज 54 साल के हो गये हैं। इस अवसर पर उन्हें प्रशंसकों और साथी खिलाड़ियों ने बधाई दी है। गांगुली ऐसे कप्तान रहे हैं जिन्होंने भारतीय क्रिकेट को बदलकर रख दिया। गांगुली ने ही टीम को आक्रामक बनाकर लड़ना सिखाया। इसी का परिणाम है कि अब टीम विदेशी धरती पर भी किसी भी प्रकार के हालात में निडर होकर खेलती है। गांगुली को जब साल 2000 में



भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी सौंपी गई थी। तब टीम फिक्सिंग के आरोपों से जूझ रही थी। 83 की विश्व विजेता होने के बावजूद कमजोर टीमों में गिनी जाती थी। विदेशों में जीत तो भारतीय टीम के लिए सपना हुआ करती थी। तभी गांगुली कप्तानी संभालते हैं और अपनी नेतृत्व क्षमता से भारतीय क्रिकेट का चेहरा ही बदल देते हैं। गांगुली को बंगाल टाइगर, दादा, प्रिंस ऑफ कोलकाता जैसे नामों से भी जाना जाता है। गांगुली की सबसे बड़ी खूबी खिलाड़ियों की परख और उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराना थी। कप्तानी संभालने के बाद गांगुली ने उन खिलाड़ियों को अवसर दिया जिन्होंने आगे चलकर भारतीय क्रिकेट को शीर्ष पर पहुंचाया।

# योगराज बोले टीम को बेहतर बना रहे गंभीर, शुभमन की भी प्रशंसा की

चंडीगढ़ (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर और टीम के कप्तान शुभमन गिल की प्रशंसा की है। योगराज ने कहा कि अब गंभीर के आलोचकों को जवाब मिल गया होगा। उन्हें ये मानना होगा कि कोच टीम को बेहतर ही बना रहे हैं। टीम ने जिस प्रकार का प्रदर्शन करते हुए विदेश में सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। उससे ये बात साबित होती है। योगराज ने ये बातें दूसरे टेस्ट में शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम को मिली 336 रनों की बड़ी जीत के बाद कही हैं। वहीं पहले टेस्ट में पांच शतक लगाने के बाद भी भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। उस हार के बाद गंभीर पर कई लोगों ने निशाना साधा था। योगराज ने कहा, खिलाड़ियों के खिलाफ बातें करना भी गलत है जबकि देखा जाये तो खिलाड़ी लगातार बेहतर हो रहे होंगे। खिलाड़ी निखर रहे हैं और अच्छा खेल रहे हैं। इसलिए किसी खिलाड़ी को लेकर ये कहना कि उसे बाहर करे, या उसे क्यों लिया गया नहीं कहना चाहिए।

योगराज का मानना है कि गौतम गंभीर, युवराज सिंह और राहुल द्रविड़ जैसे पूर्व क्रिकेटरों ने भारतीय क्रिकेट को कुछ न कुछ दे रहे हैं, इसलिए उन्हें सम्मान मिलना चाहिए। योगराज ने कहा, गंभीर के बारे में कुछ बोलना नहीं चाहिए। वो अच्छा काम कर रहे हैं। ये वो लोग हैं जिन्हें क्रिकेट ने बहुत कुछ दिया और अब ये क्रिकेट को उसे वापस दे रहे हैं। योगराज ने यह भी कहा कि अगर टीम हारती है तो भी खिलाड़ियों को उनके प्रयास के लिए सराहना मिलनी चाहिये।

# टीम इंडिया की जगह विंबलडन में जोकोविच का हौंसला बढ़ाते दिखे विराट

लंदन (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली और उनकी पत्नी अभिनेत्री अनुष्का शर्मा आजकल लंदन में हैं। यहां विराट और अनुष्का विंबलडन टेनिस मुकाबला देखने पहुंचे और उन्होंने सर्बियाई टेनिस स्कार नोवाक जोकोविच का हौंसला बढ़ा। भारतीय टीम भी अभी यहां टेस्ट सीरीज खेल रही है पर विराट एक बार भी मैच देखने नहीं पहुंचे। जिससे प्रशंसक हैरान हैं। क्रिकेट के बल पर ही दुनिया भर में लोकप्रिय हुए विराट के मैच देखने नहीं पहुंचने पर प्रशंसकों ने नाराजगी जतायी है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार यह ये दंपत्ति अब लंदन में बस गया है। इन दोनो की विंबलडन देखने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई हैं। कुछ लोग इसे इंग्लैंड दौरे से ठीक पहले अचानक लिए संन्यास से भी जोड़ रहे हैं। ये भी माना जा रहा है कि उन्होंने संन्यास



विंबलडन में सर्बिया के नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मेनूर के मैच में दिग्गज खिलाड़ी रोजर फेडरर भी दर्शकों में शामिल थे।

किसी दबाव में लिया गया था। उसी नाराजगी को जाहिर करने वह मैच से दूरी बना रहे हैं। कोहली ने भले ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है पर उनका आभा मंडल इतना बड़ा है कि उसका प्रभाव ड्रेसिंग रूम से लेकर स्टेडियम तक पर पड़ता है। उनकी मौजूदगी से टीम इंडिया को मनोवैज्ञानिक बढ़त मिल सकती थी। अगर वह स्टैंड्स में नजर आते तो यह प्रशंसकों के साथ ही टीम के लिए भी मनोबल बढ़ाने वाला काम होता समेत युवा प्लेयर्स के लिए भी एक बड़ा भावनात्मक पल होता. जैसे 'लीजेंड' अपने उत्तराधिकारियों को खेलते देख रहा हो।



विंबलडन में सर्बिया के नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मेनूर के खिलाफ मिली जीत के बाद उत्साहित दिखे।

# दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज वियान मुल्डर ने दोहरे शतक के साथ ही बनाये कई रिकार्ड

हरारे (ईएमएस)। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज वियान मुल्डर ने जिम्बाब्वे दौरे में दोहरा शतक लगाया है। मुल्डर ने ये दोहरा शतक कप्तान के रुप में अपने पहले ही मैच में लगाकर एक अहम रिकार्ड भी अपने नाम किया है। इस मैच में कप्तान केशव महाराज के फिट नहीं होने के कारण वियान को कप्तानी मिली थी। इस मैच में पहले बल्लेबाज करते हुए उतरी दक्षिण अफ्रीकी की टीम ने पहले दिन 4 विकेट के नुकसान पर 465 रन बोर्ड पर लगाए। इसमें नंबर तीन पर उतरे वियान के दोहरे शतक की अहम भूमिका रही। वह कप्तान के रुप में अपने डेब्यू मैच में ही शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के ग्राहम डाउलिंग और वेस्टइंडीज के शिवनारायण चंद्रपॉल के बाद तीसरे खिलाड़ी बने। उन्होंने अपनी पहली पारी में 250 रन से अधिक बनाये। मुल्डर



बतरौ कप्तान डेब्यू मैच की पहली पारी में 250 रन का आंकड़ा पार करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले वर्ल्ड क्रिकेट में यह कारनामा कोई नहीं कर पाया। इसी के साथ मुल्डर ग्रीम स्मिथ 277 रन और 259 इंग्लैंड के खिलाफ के बाद टेस्ट पारी में 250 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे दक्षिण अफ्रीकी कप्तान भी बन गए। वियान मुल्डर बतौर कप्तान डेब्यू टेस्ट मैच में शतक लगाने वाले तीसरे दक्षिण अफ्रीकी और 70 सालों में पहले कप्तान बन गए। जैकी मैकग्ल्यू ने 1955 में मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी। कुल मिलाकर, वह डेब्यू मैच में शतक लगाने वाले 34वें टेस्ट कप्तान हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान के तौर पर पहले ही मैच में शतक लगाने वाले खिलाड़ी हैं। 109 रन, हर्बी टेलर बनाम इंग्लैंड, डरबन, 1913, 104 रन जैकी मैकग्ल्यू बनाम इंग्लैंड, मैनचेस्टर, 1955 । मुल्डर टेस्ट क्रिकेट में एक दिन के खेल में 250 से अधिक रन बनाने वाले सातवें बल्लेबाज हैं और पहले दिन ऐसा करने वाले वे केवल तीसरे बल्लेबाज हैं। वह ये दिन में छठा सबसे बड़ा स्कोर है। मुल्डर द्वारा बनाए गए 264 रन टेस्ट मैच के पहले दिन का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है, जो केवल डॉन ब्रैडमैन के 309 रनों से पीछे है। इससे पहले टेस्ट मैच में एक दिन में बल्लेबाजों द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रनों के मामले में डॉन ब्रैडमैन 309 रनों के साथ ही पहले नंबर पर हैं। वहीं वैली हैमंड ने 295 रन बनाये हैं और वह दूसरे नंबर पर हैं। वीरेंद्र सहवाग 284 रन बनाकर तीसरे नंबर पर हैं। डेनिस कॉम्पटन 273 बनाकर चौथे नंबर पर हैं।

## लारा जैसी महान हस्ती का रिकार्ड नहीं तोड़ना चाहता : मुल्डर

जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी कर रहे वियान मुल्डर ने मैच के दूसरे ही दिन 626 रनों के स्कोर पर पारी घोषित कर दी। जिस समय मुल्डर ने पारी घोषित की थी। उस समय वह स्वयं 367 रन पर खेल रहे थे। ऐसे में उनके पास ब्रायन लारा के 400 रनों के रिकार्ड को तोड़ने का अच्छा अवसर था पर उन्होंने रिकार्ड तोड़ने का प्रयास नहीं किया जबकि उन्हें इसके लिए केवल 34 रन चाहिये थे। मुल्डर ने इसी को लेकर कहा कि वह नहीं चाहते थे कि महान बल्लेबाज ब्रायन लारा के नाबाद 400 रन का रिकॉर्ड टूटे क्योंकि लारा के सामने वह कुछ भी नहीं हैं। उनका मानना है कि लारा का 'रिकॉर्ड बने रहना चाहिये क्योंकि उनका कद काफी बड़ा है।' लारा टेस्ट पारी में 400 रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। उन्होंने यह स्कोर 2004 में एंटीगा में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था। उन्होंने इससे एक दशक पहले साल 1994 में इंग्लैंड के खिलाफ 375 रन बनाए थे।

# डीपीएल में नजर आयेगा विराट का भतीजा और सहवाग का बेटा

नई दिल्ली (ईएमएस)। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के भतीजे आर्यवीर कोहली और वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सत्र में खेलते हुए दिखेंगे। इन दोनों को डीपीएल 2025 नीलामी में अलग-अलग टीमों ने खरीदा है। लेग-स्पिनर आर्यवीर कोहली विराट के बड़े भाई विकास के बेटे हैं, उन्हें साउथ दिल्ली सुपरस्टारज ने एक लाख रुपये में खरीदा। इस टीम में लीग के सबसे महंगे खिलाड़ियों में लेग-स्पिनर दिग्वेश राठी भी शामिल हैं। राठी को 30 लाख में खरीदा गया है। वहीं अंडर-19 बल्लेबाज आर्यवीर सहवाग को सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने आठ लाख रुपये में खरीदा। आर्यवीर के पिता और पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग इस टूर्नामेंट के ब्रांड दूत भी हैं। सहवाग ने कहा, ''मैं वास्तव में इस सत्र का इंतजार कर रहा हूं। यह लीग खिलाड़ियों के लिए एक बड़े मंच के तौर पर सामने आई है।'' उन्होंने कहा, ''चयनकर्ताओं के साथ ही विदेशी क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें भी इस लीग पर रहेंगी। इससे खिलाड़ियों को अपनी पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। हमने पिछले साल कुछ अविश्वसनीय क्रिकेट देखा और मुझे भरोसा है कि यह सत्र और भी रोमांचक रहेगा।'' दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने इस मौके पर कहा, ''इस साल हमने एक कदम आगे बढ़ाया है। हमने अपनी नीलामी प्रणाली में सुधार करते हुए खिलाड़ियों की संख्या में इजाफा किया है। हमने सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए घरेलू क्रिकेट के स्तर को ऊपर उठाने का प्रयास करने के साथ ही हमने दो नई पुरुष फ्रेंचाइजी भी जोड़ी हैं।''

## न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के लिए घोषित की टीम, विलियमसन बाहर हुए, फिशर शामिल

ऑकलैंड (ईएमएस)। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने जिम्बाब्वे के खिलाफ इसी माह जुलाई से 11 अगस्त तक खेली जाने वाली दो मैचों की टेस्ट मैचों की सीरीज के अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इसमें मैट फिशर को पहली बार शामिल किया गया है जबकि पूर्व कप्तान केन विलियमसन समेत कई अनुभवी खिलाड़ी टीम में शामिल नहीं हैं। जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड की ये टेस्ट सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र का हिस्सा नहीं है। यही कारण है कि अधिकरत सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। वहीं कई निजी कारणों से बाहर हैं। फिशर को पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है। वहीं विलियमसन, काइल जैमीसन और माइकल ब्रेसवेल के साथ-साथ बेन सियर्स को शामिल नहीं किया गया है। एजाज पटेल पिछले साल नवंबर में मुंबई में भारत के खिलाफ ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीत में शामिल थे। उन्हें पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है। वहीं हेनरी निकोल्स को दो साल बाद टीम में जगह मिली हैटीम इस प्रकार है - टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, मैट फिशर, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, विल ओराउरके, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सैंटनर, नाथन स्मिथ और विल यंग।

## मुंबई की जगह अब महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से खेलेंगे पृथ्वी

मुम्बई (ईएमएस)। बल्लेबाज पृथ्वी शॉ अब मुम्बई की जगह पर अब महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलेंगे। पृथ्वी ने हाल ही में मुम्बई को छोड़ दिया था। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ ने भी कहा है कि पृथ्वी अब नये सत्र में उसकी ओर से खेलेंगे। महाराष्ट्र क्रिकेट के अध्यक्ष रोहित पवार ने कहा कि इस क्रिकेटर का अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल अनुभव टीम के लिए फायदेमंद रहेगा। साथ ही कहा कि टीम भविष्य में पृथ्वी का साथ देती रहेगी।

वहीं खराब फार्म से जूझ रहे पृथ्वी ने कहा, "अपने करियर के इस पड़ाव पर महाराष्ट्र टीम से जुड़ना मेरे क्रिकेट करियर के विकास में सहायता करेगा। मैं मुंबई क्रिकेट संघ का वर्षों से मिले अवसरों और समर्थन के लिए बेहद आभारी हूं। पिछले रणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र क्रिकेट संघ टीम को सात में से केवल दो जीत मिली थी और वे अपने ग्रुप से क्वॉलीफाई नहीं कर सके। सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के ग्रुप चरण में भी उसका 3-3 के जीत-हार का रिकॉर्ड रहा। टीम पहले दौर में ही बाहर हो गई पर विजय हजारे ट्रॉफी की एक-दिवसीय प्रतियोगिता में वह अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान पर रही हार सेमीफाइनल में विदर्भ से हार गयी

## क्रिकेटर यश दयाल की मुश्किलें बढ़ीं, शारीरिक शोषण मामले में एफआईआर दर्ज

गाजियाबाद (ईएमएस)। ऑयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेलने वाले क्रिकेटर यश दयाल की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। यश पर शादी का वादा कर धोखाधड़ी करने के साथ ही मानसिक और शारीरिक शोषण आरोप में एफआईआर दर्ज की गयी है। यह एफआईआर कराने वाली पीड़िता का आरोप है कि यश ने शादी का झांसा देकर उसका शोषण किया है। इस युवती ने यश के खिलाफ पिछले दिनों ऑनलाइन शिकायत की थी। वहीं यश दयाल के परिवार ने इसे साजिश बताया था। अब इस मामले में एफआईआर भी दर्ज की गई है। यश के खिलाफ इंदिरापुरम थाने में बीएनएस की धारा 69 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। यह गैरजमानती धारा है। वहीं अगर यश दयाल दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें 10 साल तक की सजा हो सकती है. पीड़ित युवती के अनुसार वह पांच साल पहले सोशल मीडिया के जरिए यश दयाल के संपर्क में आई थी। शुरुआती दोस्ती बाद में प्रेम में बदल गई। तब यश दयाल ने शादी का भरोसा दिलाया और दोनो लंबे समय तक रिलेशनशिप में रहे। इस दौरान यश उसे कई जगहों पर ले गये जिसके सबूत भी पीड़िता ने पुलिस को सौंपे हैं।

## क्रॉली भाग्यशाली है जो अब तक टीम में हैं : वॉन

लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टीम के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली के खराब प्रदर्शन पर नाराजगी जतायी है और कहा है कि किस्मत अच्छी होने के कारण ही वह अब तक टेस्ट टीम में बने हुए हैं। क्रॉली का इस सीरीज में अब तक के दोनो ही मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन रहा है। उन्होंने इसके साथ यह भी सुझाव दिया कि क्रॉली को भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल की बल्लेबाजी रणनीति को देखकर अपने खेल कौशल में सुधार करना चाहिए।

वॉन ने सोशल मीडिया में लिखा, ''पिछले कुछ सालों में कई ऐसे खिलाड़ी हुए हैं जिन्होंने प्रशंसकों को निराश किया है। इनमें मैं भी शामिल हूं वह क्रॉली सबसे ज्यादा निराश करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें मैं याद कर सकता हूं। जब से मैंने इंग्लैंड की क्रिकेट को करीब से देखा है तब से वह सबसे भाग्यशाली खिलाड़ी है जिसे लगातार विफल होने के बाद भी इतने अधिक टेस्ट मैच खेलने को मिले।'' उन्होंने कहा, ''उन्हें खुद को भाग्यशाली मानना चाहिए कि उन्होंने 56 मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने केवल पांच शतक बनाए हैं और उनका औसत 31 का है। टेस्ट इतिहास में 2,500 से अधिक रन बनाने वाले सभी सलामी बल्लेबाजों में उनका औसत सबसे कम 30.3 है।''

## भारतीय टीम सेना देशों में सबसे अधिक मैच जीतने वाली टीम बनी, पाक को पीछे छोड़ा

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट में जीत के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। इसी के साथ ही भारतीय टीम एजबेस्टन में में जीत दर्ज करने वाली पहली एशियाई टीम बनी है। ये पहली बार है जब किसी एशियाई टीम ने इस मैदान पर जीत हासिल की और 1000 से ज्यादा रन बनाए है। इसके अलावा भी कई रिकॉर्ड भारतीय टीम ने बनाये हैं। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने पाकिस्तान को भी पीछे छोड़ दिया है और वह सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीतने वाली टीम बन गयी है। बर्मिंघम में इससे पहले भारतीय टीम ने कभी भी कोई टेस्ट मैच नहीं जीता था। भारतीय टीम अब एशिया की पहली ऐसी टीम है, जिसने सेना देशों सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीते हैं। भारतीय टीम ने इन चार देशों में कुल 30वां मैच जीता है। वहीं, पाकिस्तान ने सेना देशों में कुल 29 मुकाबले जीते थे। भारत ने 178 टेस्ट मैचों में 30 मुकाबले जबकि पाकिस्तान ने 148 मैचों में 29 मुकाबले दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में जीते हैं।

# अमेरिका के बांग्लादेश पर 35% टैरिफ का भारत को फायदाः कपड़ा कंपनियों को अमेरिका में हिस्सेदारी बढ़ाने का मौका मिलेगा

**नई दिल्लीः** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बांग्लादेश पर 35% टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद भारतीय टेक्सटाइल सेक्टर के शेयरों में 8% तक की तेजी है। ऐसा इसलिए क्योंकि 35% टैरिफ से बांग्लादेश की निर्यात लागत बढ़ेगी, जिससे अमेरिकी बाजार में उसकी प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी। इसका फायदा भारत को मिल सकता है। अमेरिकी बाजार में भारत अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सकता है।



### 7 सवाल-जवाब में इस पूरे मामले को समझते हैं...

**सवाल 1: डोनाल्ड ट्रम्प ने बांग्लादेश पर टैरिफ क्यों लगाया?**
**जवाबः** ट्रम्प का कहना है कि बांग्लादेश के साथ अमेरिका का ट्रेड डेफिसिट (व्यापार घाटा) काफी ज्यादा है। उनका मकसद बांग्लादेश के बाजारों को अमेरिकी सामानों के लिए खोलना और वहां के टैरिफ व अन्य व्यापार बाधाओं को खत्म करना है। अगर बांग्लादेश ऐसा करता है, तो टैरिफ में बदलाव की गुंजाइश भी रखी गई है।
**सवाल 2: टैरिफ कब से लागू होगा और कितना है?**
**जवाबः** ये टैरिफ 1 अगस्त 2025 से लागू होगा। अप्रैल में 37% टैरिफ की बात थी, लेकिन अब इसे थोड़ा कम करके 35% कर दिया गया है। ये शुल्क बांग्लादेश के सभी उत्पादों पर लागू होगा।
**सवाल 3: भारतीय टेक्सटाइल कंपनियों को इससे फायदा कैसे होगा?**
**जवाबः** अमेरिका के रेडी-मेड गारमेंट मार्केट में बांग्लादेश का शेयर 9% है, जबकि भारत का शेयर करीब 6% है। वियतनाम 19% के साथ सबसे आगे है। बांग्लादेश पर टैरिफ लगने से उसके उत्पाद अमेरिका में महंगे हो जाएंगे। इससे भारतीय कंपनियों को वहां के मार्केट में हिस्सेदारी बढ़ाने का मौका मिल सकता है। अगर भारत और अमेरिका के बीच कोई ट्रेड डील होती है, तो भारत का फायदा और बढ़ सकता है।
**सवाल 4: बांग्लादेश पर टैरिफ का क्या असर पड़ेगा?**
**जवाबः** टैरिफ से बांग्लादेश की इकोनॉमी कमजोर हो सकती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था का 80% हिस्सा टेक्सटाइल और गारमेंट एक्सपोर्ट पर टिका है। अमेरिका उसका बड़ा बाजार है और इस फैसले से वहां कई फैक्ट्रियां बंद होने की नौबत आ सकती है और मजदूरों, खासकर महिलाओं, पर असर पड़ेगा। बांग्लादेश सरकार अब अमेरिका से बातचीत की कोशिश में है ताकि टैरिफ में राहत मिल सके।
**सवाल 5: बांग्लादेश किन-किन ब्रांड्स के लिए कपड़े बनाता है?**
**जवाबः** बांग्लादेश टॉमी हिलफिगर, केल्विन क्लेन और राल्फ लॉरेन जैसे अमेरिकी ब्रांड के लिए कपड़े बनाता है। इसके अलावा स्वीडन के एचएंडएम, इटली के जियोर्जियो अरमानी, जर्मनी के ह्यूगो बॉस और प्यूमा, और स्पेन के जारा जैसे ब्रांड के लिए भी कपड़े बनाता है। ये ब्रांड्स बांग्लादेश में सस्ती लेबर और बड़े पैमाने पर उत्पादन की सुविधा के कारण अपने कपड़े बनवाते हैं। बांग्लादेश के करीब 4,000 से ज्यादा कारखाने और 40 लाख से अधिक श्रमिक इस उद्योग का हिस्सा हैं, जो इसे दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रेडीमेड कपड़ा निर्यातक बनाता है।
**सवाल 6: भारत पर अमेरिका का मौजूदा टैरिफ क्या है?**
**जवाबः** अभी भारत के निर्यात पर अमेरिका का सामान्य टैरिफ 10% है। लेकिन टेक्सटाइल प्रोडक्ट्स पर अलग-अलग कैटेगरी की वजह से ये 26% तक जा सकता है।
**सवाल 7: किन-किन कंपनियों के शेयरों में तेजी आई है?**
**जवाबः** इस खबर से गोकुलदास एक्सपोर्ट्स, केपीआर मिल, वर्धमान टेक्सटाइल्स जैसे कंपनियों के शेयरों में तेजी आई है। गोकुलदास और वर्धमान के शेयर करीब 8% चढ़ गए। वहीं केपीआर और अरविंद के शेयरों में करीब 2% की तेजी आई है।

# शंख एयर उत्तर प्रदेश, लखनऊ से छह गंतव्यों के लिए उड़ान सेवा शुरू करेगी

### - अन्य स्थानों में क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने पर कर रही है विचार




मुंबई (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश की नई विमानन कंपनी शंख एयर ने राज्य की राजधानी लखनऊ से छह प्रमुख गंतव्यों को जोड़ने की योजना बनाई है। कंपनी की यह पहल क्षेत्रीय हवाई संपर्क को मजबूत करने और स्थानीय विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की जा रही है। शंख एयर फिलहाल नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से उड़ान संचालन की मंजूरी का इंतजार कर रही है। शंख एयर शुरुआत में लखनऊ से वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या, चित्रकूट, इंदौर और देहरादून के लिए हवाई सेवाएं संचालित करेगी।

कंपनी ने अपनी उड़ानों के लिए 'नैरो-बॉडी' एयरबस एA320 विमानों को पट्टे पर लेने का निर्णय लिया है, जो टर्बोप्रॉप विमानों की तुलना में अधिक कुशल और आरामदायक माने जाते हैं। यह कदम क्षेत्रीय विमानन क्षेत्र में एक नई दिशा का संकेत देता है, जहां बड़े विमानों के जरिए बेहतर सेवा देने की कोशिश की जा रही है। शंख एयर के चेयरमैन ने हाल ही में नई दिल्ली में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू से मुलाकात कर कंपनी की योजनाओं और सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि शंख एयर ने डीजीसीए से उड़ान अनुमति के लिए आवेदन कर दिया है और मंजूरी मिलने के बाद सेवा शुरू करने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि कंपनी नीति निर्माताओं के साथ मिलकर काम कर रही है ताकि उसकी विस्तार योजनाएं राष्ट्रीय विमानन लक्ष्यों के अनुरूप हों। शंख एयर का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के वंचित और पिछड़े क्षेत्रों को जोड़कर स्थानीय व्यवसाय, पर्यटन और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही कंपनी सरकार की क्षेत्रीय विकास और रोजगार सृजन की प्राथमिकताओं का समर्थन करेगी। इस पहल से राज्य के लोगों को हवाई यात्रा के अधिक विकल्प और बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

# सेबी के आरोपों पर जेन स्ट्रीट का पलटवार, कहा- ये तो आम ट्रेडिंग थी

भारत के बाजार नियामक सेबी ने अमेरिका की हाई-फ्रीक्वेंसी ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट पर भारतीय शेयर बाजार में हेरफेर करने का गंभीर आरोप लगाते हुए उस पर ट्रेडिंग से रोक लगा दी है और उसके 567 मिलियन डॉलर (करीब 4,700 करोड़) जब्त कर लिए हैं। इसके जवाब में जेन स्ट्रीट ने अपनी टीम को एक ईमेल भेजा है, जिसमें कहा गया है कि वे इस प्रतिबंध को चुनौती देंगे और यह मामला "साधारण इंडेक्स आर्बिट्राज ट्रेडिंग" से जुड़ा है, जो बाजार में एक सामान्य प्रक्रिया होती है।

### कंपनी बोलीः बेहद निराश हैं, सेबी के आरोप उकसाने वाले हैं

जेन स्ट्रीट ने इस मामले में अपनी नाराज़गी जताते हुए कहा है कि उन्हें सेबी के "बेहद भड़काऊ" आरोपों से गहरा धक्का लगा है और वे इस पर औपचारिक प्रतिक्रिया तैयार कर रहे हैं। हालांकि ईमेल में यह नहीं बताया गया कि वे कौन-सी कानूनी कार्रवाई करने जा रहे हैं। कंपनी ने यह भी कहा कि उनका आर्बिट्राज ट्रेडिंग तरीका बाजार की सामान्य प्रक्रिया है, जो अलग-अलग इंस्ट्रूमेंट्स की कीमतों को संतुलित करने का काम करता है। सेबी का यह कहना कि यह ट्रेडिंग "गड़बड़ी जैसा" है, बाज़ार में लिक्विडिटी प्रोवाइडर्स और आर्बिट्राजर्स की भूमिका को नज़रअंदाज़ करता है।
**सेबी का आरोपः इंडेक्स को जानबूझकर ऊपर खींचा गया-** सेबी का आरोप है कि जेन स्ट्रीट ने भारत के बैंक निफ्टी इंडेक्स के कुछ शेयरों को बड़ी मात्रा में खरीदा और उनके फ्यूचर्स में भी सौदे किए ताकि सुबह के समय इंडेक्स को ऊपर दिखाया जा सके। उसी समय कंपनी ने इंडेक्स ऑप्शन्स में शॉर्ट पोज़िशन बनाई, जो बाद में मुनाफे में बदली जब ऑप्शन एक्सपायर हो गए। सेबी का कहना है कि उन्होंने कंपनी की ट्रेडिंग गतिविधियों को दो साल से ज्यादा समय तक ट्रैक किया है और अब दूसरी एक्सचेंजों और इंडेक्सेस की भी जांच शुरू कर दी गई है।

### कंपनी ने कहाः हमने पहले ही बदलाव किए, सेबी बात नहीं कर रहा

ईमेल में जेन स्ट्रीट ने यह भी लिखा है कि उन्होंने सेबी और एक्सचेंज अधिकारियों से कई बार बातचीत की और उनकी चिंताओं को समझकर अपने ट्रेडिंग पैटर्न में बदलाव भी किए। लेकिन फरवरी से अब तक उन्होंने सेबी से बार-बार संपर्क किया, पर कोई जवाब नहीं मिला। कंपनी का यह भी कहना है कि सेबी का यह आरोप गलत है कि उन्होंने पूरी तरह जवाब नहीं दिया। भारत का डेरिवेटिव्स मार्केट हाल के वर्षों में काफी तेज़ी से बढ़ा है, और मई में भारत की हिस्सेदारी दुनिया भर के डेरिवेटिव ट्रेडिंग में करीब 60% रही। लेकिन इसी के साथ छोटे निवेशकों को भारी नुकसान भी हुआ है।

# सोना आज 600 महंगा होकर 97,195 पर पहुंचाः चांदी की कीमत 1,159 बढ़ी

**नई दिल्लीः** सोने-चांदी के दाम में आज यानी मंगलवार (8 जुलाई) को तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 599 रुपए बढ़कर 97,195 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। कल इसका दाम 96,596 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,159 रुपए बढ़कर 1,07,690 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। कल चांदी का दाम 1,06,531 रुपए किलो था। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।
केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इजराइल और ईरान के बीच भी जंग शुरू हो गई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है। हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी HUID कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- AZ4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

# ट्रेड यूनियन्स का दावा-25 करोड़ कर्मचारी आज हड़ताल परः बैंक-डाकघर में काम बंद रहेगा

**नई दिल्लीः** बैंक, बीमा, डाक, कोयला खनन, हाईवे, निर्माण, और कई राज्यों में सरकारी परिवहन जैसी अहम सेवाएं कल यानी 9 जुलाई को प्रभावित हो सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और उनके सहयोगी संगठनों का दावा है कि देशभर में कल 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। ट्रेड यूनियंस का कहना है कि यह हड़ताल संस्थाओं के निजीकरण और 4 नए लेबर कोड्स के विरोध में हैं। यूनियंस केंद्र की उन नीतियों का भी विरोध कर रही हैं, जिन्हें वे मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और कॉर्पोरेट समर्थक मानती हैं।

### फॉर्मल और इनफॉर्मल सेक्टर में अंतर?

फॉर्मल सेक्टर मतलब वो नौकरियां या बिजनेस जहां सब कुछ साफ-साफ और नियमों के तहत होता है। जैसे सरकारी दफ्तर, बैंक, बड़ी फैक्ट्रियां, या मल्टीनेशनल कंपनियां। यहां सैलरी फिक्स्ड होती है, प्रोविडेंट फंड, हेल्थ इंश्योरेंस, और छुट्टियां जैसे फायदे मिलते हैं। काम के घंटे, छुट्टी, और सेफ्टी के लिए कानून लागू होते हैं। इनफॉर्मल सेक्टर वो है जहां काम ढीले-ढाले ढंग से होता है और ज्यादा नियम-कानून नहीं होते। जैसे छोटी दुकानें, स्ट्रीट वेंडर, ऑटो रिक्शा ड्राइवर, या घरों में सिलाई का काम। यहां सैलरी या कमाई तय नहीं होती, कोई PF या इंश्योरेंस नहीं मिलता, और काम के घंटे भी अनियमित होते हैं।
**सवाल 1: इस हड़ताल में कौन-कौन शामिल हो रहा है?**
**जवाबः**ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के अमरजीत कौर ने कहा- 25 करोड़ से ज्यादा वर्कर इस हड़ताल में शामिल होने वाले हैं। किसान और ग्रामीण मजदूर भी इस प्रदर्शन का समर्थन करेंगे। इसमें बैंक, डाक, कोयला खनन, बीमा, परिवहन, फैक्ट्रियां और निर्माण जैसे कई सेक्टरों के कर्मचारी शामिल हैं। इसके अलावा, किसान और ग्रामीण मजदूर भी इस विरोध में शामिल होंगे। ये हड़ताल देशभर में होगी। रेलवे और टूरिज्म जैसे कुछ जरूरी सेक्टरों को इस हड़ताल से बाहर रखा गया है।
**सवाल 2: ट्रेड यूनियनों ने ये हड़ताल क्यों बुलाई है?**
**जवाबः** ट्रेड यूनियनों का कहना है कि सरकार की नीतियां मजदूरों और किसानों के खिलाफ हैं। उनका आरोप है कि सरकार कॉरपोरेट्स को फायदा पहुंचाने के लिए पब्लिक सेक्टर की कंपनियों का निजीकरण कर रही है, मजदूरों के हक छीन रही है और चार नए लेबर कोड्स के जरिए मजदूरों के हड़ताल करने और सामूहिक सौदेबाजी जैसे अधिकारों को कमजोर कर रही है।
**सवाल 3: इस हड़ताल से क्या-क्या प्रभावित होगा?**
**जवाबः** इस हड़ताल से कई जरूरी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। खास तौर परः
**बैंकिंगः** सरकारी और कोऑपरेटिव बैंक बंद रह सकते हैं या सेवाएं सीमित हो सकती हैं।
डाक सेवाएंः कामकाज ठप हो सकता है, जिससे डाक डिलीवरी में देरी हो सकती है।
परिवहनः सरकारी बसें और स्टेट ट्रांसपोर्ट सेवाएं रुक सकती हैं, जिससे परेशानी होगी।
**कोयला खननः** कोयला खनन और औद्योगिक इकाइयों में काम रुक सकता है।
**बीमा सेक्टरः** एलआईसी और दूसरी बीमा कंपनियों के दफ्तरों में कामकाज प्रभावित होगा।

## दैनिक पंचांग

**9 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| **सूर्य** | मिथुन में | **कर्क** | 05.57 बजे से |
| **चंद्र** | धनु में | **सिंह** | 08.13 बजे से |
| **मंगल** | सिंह में | **कन्या** | 10.25 बजे से |
| **बुध** | कर्क में | **तुला** | 12.36 बजे से |
| **गुरु** | मिथुन में | **वृश्चिक** | 14.51 ब.से |
| **शुक्र** | वृष में | **धनु** | 17.07 बजे से |
| **शनि** | मीन में | **मकर** | 19.12 बजे से |
| **राहु** | कुंभ में | **कुंभ** | 20.58 बजे से |
| **केतु** | सिंह में | **मीन** | 22.31 बजे से |
| **राहुकाल** | | **मेष** | 00.02 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | **वृष** | 01.42 बजे से |
| बजे तक | | **मिथुन** | 03.40 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 190 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्दशी 01.37 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल 04.50 बजे प्रातः को समाप्त।
**योग** ब्रह्म 22.09 बजे को समाप्त।
**करण** गर 13.12 बजे तदनन्तर वणिज 01.37 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर $22^{0}$ 21'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872400
**जूलियन दिन** 2460865.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 13

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| **लाभ** | 05.54 से 07.22 बजे तक | **उद्वेग** | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| **अमृत** | 07.22 से 08.51 बजे तक | **शुभ** | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| **काल** | 08.15 से 10.19 बजे तक | **अमृत** | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| **शुभ** | 10.19 से 11.47 बजे तक | **चर** | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| **रोग** | 11.47 से 01.16 बजे तक | **रोग** | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| **उद्वेग** | 01.16 से 02.44 बजे तक | **काल** | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| **चर** | 02.44 से 04.12 बजे तक | **लाभ** | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| **लाभ** | 04.12 से 05.41 बजे तक | **उद्वेग** | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 7341

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | ■ | 8 | 9 | | 10 | ■ | |
| 11 | | 12 | ■ | | ■ | 13 | | |
| ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | ■ |
| 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | ■ | |
| 23 | 24 | ■ | | ■ | | ■ | 25 | |
| ■ | 26 | | | ■ | 27 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**
1. ईसा मसीह-3
3. जवान, तरुण-3
5. आकाश, व्योम-2
6. परत, अस्तर-2
8. गर्जना, दहाड़ना-4
11. मदद, आराम-3
13. सुगंध, खुशबू-3
14. धूल, मिट्टी-2
15. छत्तीसगढ़ की राजधानी-2
16. पिता, आविष्कारक-3
18. नस्ल, जाति, प्रजाति-3
20. ओस, रजनीजल-4
23. भीगा हुआ-2
25. बल, ताकत, दम-2
26. तेल या घी में पकाना -3
27. मसाज-3

**ऊपर से नीचे**
1. रसना, जिव्हा-2
2. सचेत, सावधान-3
3. जरुरत, आवश्यकता-3
4. ऋतु, मौसम-2
5. दृश्य, तमाशा-3
7. कंठ, गला-3
9. रीती, रिवाज-2
10. प्रसिद्ध, नामवर-4
12. तीर रखने का पात्र-4
16. भूमि, धरा-3
17. खदान, माईन-2
19. तरंग, हिलोर-3
21. प्रवाहित करना-3
22. भीड़, समूह-3
24. राय, वोट-2
25. उत्साह, ललक-2

**शब्द पहेली -7340 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | ह | क | ■ | ता | म | झा | म |
| ज | न | ■ | म | न | न | ■ | ■ | स |
| हा | ■ | प | र | ■ | ना | स | ■ | ख |
| न | ज | र | बं | द | ■ | दा | य | रा |
| ■ | न | ■ | द | ■ | ह | ■ | म | ■ |
| दा | म | न | ■ | न | क | ब | ज | न |
| वा | ■ | ल | क | ■ | ब | स | ■ | ती |
| न | ■ | ■ | मा | य | का | ■ | ता | जा |
| ल | ति | या | ना | ■ | ना | सू | र | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का इतिहास

1969 शेर को राष्ट्रीय पशु घोषित किया गया।
1971 अमरीका ने दक्षिण वियतनाम का अपना आखिरी सैन्य अड्डा वापस सौंप दिया।
1976 युगांडा ने एंटबी हवाई अड्डे पर इजरायली हमले की निंदा का आह्वान राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद् में किया।
1986 फ्रांस नरेश लुई के खिलाफ रोम, स्वीडन, स्पेन, सैक्सोनी, प्लेटिनेट और ब्रैंडनबर्ग ने एक मोर्चा बनाया।
1990 विश्व कप फुटबॉल में अर्जेन्टीना पर जर्मनी की जीत के बाद हुई हिंसा की घटनाओं में चार व्यक्ति मारे गए और सैकड़ों अन्य घायल हो गए।
1992 इनसेट 2-ए का सफल प्रक्षेपण।
1993 बोस्निया की मुस्लिम सरकार ने देश को जातीय आधार पर विभाजित करने से इंकार कर दिया।
2002 महाराष्ट्र के राज्यपाल पी. सी. एलैक्जैंडर ने त्यागपत्र दिया।
2003 बंगला देश में नौका उलटने से 650 लोग डूबे।

## अंकजाल - 6882

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 20 | 17 | 24 | ■ | 33 | 15 | 19 | 12 | ■ |
| 20 | | 5 | | ■ | | 4 | | 2 | 20 |
| 15 | 7 | | 3 | ■ | 8 | | 7 | | 20 |
| 12 | | 2 | | ■ | | 9 | | 7 | 26 |
| 21 | 2 | | 7 | | 5 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 7 | | 9 | | 3 | 29 |
| 26 | 8 | | 6 | | ■ | | 6 | | 13 |
| 18 | | 2 | | 6 | ■ | 3 | | 7 | 14 |
| 24 | 8 | | 4 | | ■ | | 7 | | 18 |
| ■ | 21 | 13 | 15 | 28 | ■ | 23 | 19 | 17 | ■ |

**अंकजाल 6881 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 31 | 16 | 23 | ■ | 21 | 17 | 14 | 15 | ■ |
| 16 | 7 | 3 | 6 | ■ | 4 | 5 | 5 | 4 | 18 |
| 18 | 9 | 2 | 7 | ■ | 5 | 8 | 7 | 5 | 25 |
| 17 | 8 | 2 | 7 | ■ | 3 | 4 | 2 | 6 | 15 |
| 28 | 7 | 9 | 3 | 7 | 2 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 5 | 7 | 2 | 5 | 7 | 26 |
| 22 | 8 | 9 | 2 | 3 | ■ | 6 | 2 | 5 | 13 |
| 20 | 6 | 3 | 4 | 7 | ■ | 8 | 8 | 5 | 21 |
| 24 | 8 | 6 | 4 | 6 | ■ | 8 | 7 | 3 | 18 |
| ■ | 22 | 18 | 10 | 28 | ■ | 24 | 22 | 20 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 5826

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | 6 | 4 |
| | 29 | | 37 | 2 | 31 | 1 |
| 4 | 3 | 7 | | 6 | 2 | |
| | 29 | | 33 | | 37 | |
| | 1 | 2 | | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | | 30 | |
| 7 | 6 | | | 1 | 3 | 2 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5825 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 2 | 28 | 4 | 40 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 24 | 1 | 30 | 6 |
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली - 5186

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | | 25 | | 10 | | 1 | = | 40 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 15 | | 10 | | 3 | | 15 | = | 0 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 35 | | 10 | | 29 | | 15 | = | 31 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 2 | | 10 | | 20 | = | 10 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 23 | | 10 | | 10 | = | 19 / 22 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

**गणित पहेली - 5185**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | + | 77 | - | 47 | + | 61 | = | 120 |
| + | ■ | - | ■ | - | ■ | - | ■ | - |
| 68 | - | 25 | + | 39 | + | 13 | = | 95 |
| - | ■ | + | ■ | - | ■ | - | ■ | + |
| 25 | x | 5 | ÷ | 5 | + | 12 | = | 37 |
| - | ■ | - | ■ | + | ■ | + | ■ | - |
| 31 | + | 20 | - | 44 | x | 7 | = | 49 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 41 | + | 37 | - | 47 | + | 43 | = | 13 / 74 |

## शब्दजाल - 6873

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | पु | णे | न | सी | ब | आ | ज | ग | ल | ट |
| रा | वि | ली | प्रे | दि | ल्ली | मे | ष | बा | दी | छ |
| मि | आ | ब | वृ | क | इं | मुं | ब | न | को | वा |
| बें | थु | ल | ना | क | डि | आ | ब | ल | ल | चा |
| न | ग | न | भ | ग | या | ल | न | ई | का | क |
| ली | ती | लो | सू | र | पु | सिं | र्नि | ग | ता | न |
| र | स | बा | र | स | क | र | ऊ | ई | है | ब |
| क | फ | चो | त | क | रा | म | तु | ला | द | म |
| स | या | औ | र | आ | क | गॉ | ल | प | रा | जी |
| कुं | भ | म | प | द | अ | ह | म | दा | बा | द |
| र्त | चे | न्न | ई | ग | र | ल | स | प | द | म |

शब्दजाल में देश के सर्वाधिक करोड़पति वाले 10 शहरों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.
मुंबई, दिल्ली, पुणे, कोलकाता, सूरत, चेन्नई, अहमदाबाद, बेंगलोर, नागपुर, हैदराबाद

**शब्दजाल - 6872 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | सु | ग | ए | ल | न | बो | र्ड | र | र | जा |
| दा | नी | ल | ग | गो | ई | न | ग्रि | नी | ज | वे |
| गि | ल | शे | स | बा | छ | ची | ता | रा | क | द |
| री | गा | र | दो | चि | ज | न | ह | ग्रे | त | मिं |
| क | व | दो | ग्रा | लू | न | का | म | ग | व | या |
| ज | स्क | ल | ह | य | ख | तें | ना | चै | र | दा |
| मा | र | म | म | या | प | र | दु | प | र | द |
| र्क | र्ज | ल्जा | गू | धा | ब | क | गो | ल | श | ण |
| टे | बा | म | च | ब्रा | ह | त्या | री | श | क | क |
| ल | दु | आ | प | स्टी | व | वॉ | ग | बें | हा | र |
| र | दु | ल्हे | रा | अ | ज | ह | रु | द्दी | न | थ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# संक्षिप्त खबरें

## बारिश से गिरा कच्चा मकान, दबकर वृद्धा की मौत



**खूंटीः** सदर प्रखंड के बेलागड़ा गांव में सोमवार रात भारी बारिश के कारण एक कच्चा मकान ध्वस्त हो गया और इसके मलबे में दबने से वृद्धा हन्ना टूटी (60) की मौत हो गई। लगातार हो रही भारी बारिश के कारण हन्ना का मिट्टी से बना जर्जर मकान देर रात भरभराकर गिर गया। इसके मलबे में दबने से वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय घर में सिर्फ हन्ना टूटी और उसका पुत्र बेलोम टूटी मौजूद थे। सौभाग्य से बेटा मलबे से सुरक्षित बाहर निकल आया, लेकिन उसकी मां की जान चली गई। हन्ना के परिवार वालों ने बताया कि हन्ना टुटी अत्यंत गरीब थीं और उन्होंने कई बार आबुआ आवास योजना के तहत पक्का घर के लिए कई बार आवेदन दिया था, लेकिन उन्हें अब तक आवास स्वीकृत नहीं हुआ। मजबूरी में वह उसी जर्जर मिट्टी के घर में रह रही थी, जिसकी कीमत उसे अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया के अलावा आदिवासी कांग्रेस के खूंटी जिला अध्यक्ष फुलचंद टूटी, वार्ड सदस्य और ग्रामीण नइस हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतका के परिवार को मुआवजा देने और आपदा राहत के तहत तत्काल मदद की मांग की है।

## सीएम ने मंत्री हफीजुल के स्वास्थ्य की ली जानकारी



**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने गुड़गांव स्थित मेगांता हॉस्पिटल पहुंचकर राज्य के मंत्री हफीजुल हसन के स्वास्थ्य की जानकारी ली. मंत्री हफीजुल हसन की पिछले दिनों गुड़गांव स्थित मेदांता अस्पताल में हार्ट सर्जरी हुई थी. सीएम ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी तस्वीर भी शेयर की है. अपने पोस्ट में सीएम ने लिखा है कि आज अस्पताल में साथ मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना. मरांग बुरु आपको शीघ्र स्वस्थ करें, यही कामना करता हूं।

## डोड़मा से गोविंदपुर जाने वाली सड़क पर बना डायवर्सन बहा, निर्माण में अनियमितता का आरोप



**खूंटीः** जिले में भारी बारिश ने फिर से कई गांवों के ग्रामीणों के लिए परेशानियां खड़ी कर दी हैं. तोरपा प्रखंड के डोड़मा से गोविंदपुर रोड पर डायवर्सन बारिश के कारण बह गया. जिससे कई गांवों प्रभावित हुए हैं. इस मार्ग से किसी भी तरह के भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है. प्रशासन की ओर से ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे इस मार्ग से आवागमन ना करें. वहीं ग्रामीणों ने डायवर्सन के निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाया है. दरअसल, तोरपा प्रखंड क्षेत्र के डोड़मा में छाता नदी पर बना पुल तीन वर्ष पूर्व क्षतिग्रस्त हो गया था. पिछले एक वर्ष से छाता नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य चल रहा है. निर्माण के दौरान यातायात बहाल रखने के लिए अस्थायी डायवर्सन बनाया गया था. इसी डायवर्सन से स्कूली बच्चे और छोटे वाहन आना-जाना करते थे।

## पाकुड़ में फोर्थ लाइन बिछाने के बाद मिलेंगी नई ट्रेनें, कई नई गाड़ी और एक्सप्रेस का होगा स्टॉपेजः जीएम



**पाकुड़ः** पूर्वी रेलवे कोलकाता के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर और हावड़ा डिवीजन के डीआरएम संजीव कुमार अधिकारियों की टीम के साथ पाकुड़ पहुंचे. जीएम सहित अन्य अधिकारियों ने पाकुड़ रेलवे स्टेशन के अलावा यार्ड, मालपहाड़ी रेलवे साइडिंग आदि का निरीक्षण किया और मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. निरीक्षण के उपरांत जीएम ने मीडिया कर्मियों को बताया कि पाकुड़ रेलवे स्टेशन में एस्केलेटर और लिफ्ट में समस्या थी जिसे ठीक करा दिया गया है. इसक साथ ही रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया. यहां यात्रियों को मिलने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## इवास मॉड्यूलर किचन और बॉडरॉबस के पहले शोरूम का सरयू राय ने किया उद्घाटन



**जमशेदपुरः** इवास मॉड्यूलर किचन और बॉडरॉबस का पूरे झारखंड में पहला शोरुम का शुभारंभ मंगलवार को जमशेदपुर शहर के काशीडीह में किया गया । इस शोरूम का उद्घाटन जमशेदपुर पश्चिमी क्षेत्र के विधायक सरयू राय ने विधिवत रूप से फीता काट कर किया। मौके पर विधायक राय ने उक्त शो रूम की बेहतरी के लिए मंगल कामना किया और उद्घाटन समारोह में इवास मॉड्यूलर किचन के सबसे पहले कस्टमर शिवम कंस्ट्रक्शन के मालिक वीरेंद्र सिंह को बनने पर बधाई व शुभ कामनाएं दी। वहीं शोरूम के प्रोपराइटर एवं ऑपरेशन मैनेजर राजेश कुमार ने कहा कि झारखंड में मॉडुलर फर्नीचर की मांग बढ़ रही है जिसका प्रमुख कारण समय से प्रोडक्ट डिलीवरी, कारपेंटर के तुल्य भाव , उत्तम क्वालिटी, दस साल की वारंटी तथा दो साल की फ्री सर्विस है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में यह भी देखा जा रहा है कि सिमटते परिवार में समय का अभाव, कारपेंटर द्वारा किया गया काम, असंतोष जनक क्वालिटी के कारण ब्रांड के तरफ लोगों का आकर्षण बढ़ा है।

# राजकीय श्रावणी मेला 2025 की तैयारियों की स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने की समीक्षा

### अधिकारियों को दिए सभी महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश




**देवघरः** श्रावणी मेला को लेकर सभी विभागों की हुई तैयारियों की अब अंतिम समीक्षा की जा रही है. इसी को देखते हुए राज्य के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा देवघर सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक की गई. जिसकी अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने की। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि पहली बार बतौर स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उन्हें श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं की सेवा करने का मौका मिला है. इसीलिए वह किसी भी तरह का कम्युनिकेशन गैप और कमी नहीं देखना चाहते हैं। इसी सोच के साथ उन्होंने बैठक में पहुंचे अधिकारियों को सभी महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए. बैठक के बाद उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वास्थ्य व्यवस्था, खाद्य आपूर्ति व्यवस्था, आपदा विभाग को लेकर उन्होंने अहम बैठक की।

उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला को लेकर 161 डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो अब तक की सबसे बड़ी प्रतिनियुक्ति है. मेले को देखते हुए एएनएम, जीएनएम, नर्सेज पैरामेडिकल स्टाफ की भी ड्यूटी लगा दी गई है. करीब 330 मेडिकल स्टाफ की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।

स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 41 एंबुलेंस भी जिला प्रशासन को मुहैया करवाए गए हैं. इसके अलावा बाइक एंबुलेंस भी मौजूद रहेंगे ताकि संकीर्ण रास्तों से भी लोगों को आराम से अस्पताल पहुंचाया जा सके. श्रावणी मेला के दौरान जिला प्रशासन की तरफ से लगाए गए 41 शिविर कैंपों में तीन सौ तरह की दवाइयां उपलब्ध होंगी. एंटी रेबीज के साथ साथ एंटी स्नेक की भी दवाइयां शिविर में उपलब्ध रहेगी। सभी अस्पतालों और शिविर कैंपों में जांच की सुविधा एवं अतिरिक्त 50 बेड भी मौजूद रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है. वहीं समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने एम्स के निदेशक को भी व्यवस्था मजबूत करवाने की बात कही. उन्होंने कहा कि जब देवघर की धरती पर एम्स बना है तो ऐसे में देवघर के सबसे बड़े आयोजन में एम्स की भूमिका भी सुनिश्चित होनी चाहिए.जिसपर एम्स के निदेशक ने मंत्री को सारे इतंजाम तैयार रखने का भरोसा दिलाया.

वहीं मेले के दौरान नशे का सेवन करने वाले लोगों पर भी नकेल कसने का निर्देश मंत्री ने दिया. मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि किसी भी दवाई दुकान पर कोई नशे का सामान ना बिके. इसपर जिला प्रशासन और पुलिस विशेष निगरानी रखे।

श्रावणी मेला की तैयारी के अलावा मंत्री ने पूर्णिया जिले के टेटगामा गांव में हुए पांच आदिवासियों की निर्मम हत्या पर कड़ा बयान देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी पिछड़ों दलितों और आदिवासियों की हत्या करवा रही है. उन्होंने कहा कि वह झारखंड सरकार से गुजारिश करते हैं कि एक टीम बनाकर पूर्णिया भेजा जाए ताकि लोगों के दर्द को सरकार तक पहुंचाया जा सकेवहीं मंत्री इरफान अंसारी ने बिहार में चल रहे वोटर वेरिफिकेशन विवाद पर कहा कि सरकार दलितों और अल्पसंख्यकों का नाम वोटर लिस्ट से कटवाना चाहती है, जो कांग्रेस कभी नहीं होने देगी. उन्होंने कहा कि पूरे मामले में राहुल गांधी नजर बनाए हुए हैं और बिहार का कल्याण सिर्फ और सिर्फ राहुल गांधी ही कर सकते हैं. बातचीत करते हुए इरफान अंसारी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन और मंत्री हफ़ीज़ुल हसन अंसारी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी और जल्द स्वस्थ होने की कामना बाबा से की।

### रांची रेल मंडल से चलेंगी 4 श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनें

**श्रावणी मेला के अवसर पर ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेल मंत्रालय ने यात्रियों एवं कांवरियों की सुविधा के लिए रांची रेल मंडल से 4 श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। रांची से भागलपुर तक चलने वाली एक जोड़ी ट्रेन कोडरमा के रास्ते चलेगी, जबकि दूसरी ट्रेन जसीडीह के रास्ते जायेगी। ये स्पेशल ट्रेनें सप्ताह में 3 दिन चलेंगीं।**



## सबसे अधिक रांची और सबसे कम देवघर में हुई बारिश



**रांचीः** इस वर्ष झारखंड में सबसे अधिक बारिश राजधानी रांची में दर्ज की गई, जबकि सबसे कम बारिश देवघर जिले में हुई है। रांची में एक जून से सात जुलाई तक 263 के मुकाबले 670.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं सबसे कम बारिश देवघर जिले में 254.6 के मुकाबले 162.9 मिमी ही बारिश रिकॉर्ड की गई। यह औसत तापमान के 36 प्रतिशत कम है, जबकि रांची में 155 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा राज्य के जिन जिलों में अब तक बारिश हुई है उनमें गढवा में 19, गोड्डा में 27, पाकुड़ में 22, साहेबगंज में 21 मिमी बारिश दर्ज की गई। इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश 116.8 मिमी पश्चिमी सिंहभूम के कुमारडूंगी में दर्ज की गई। वहीं मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा। हालांकि बीच-बीच में बादल छाए रहे। रांची में अधिकतम तापमान 26 डिग्री, जमशेदपुर 28, डालटेनगंज में 29.4, बोकारो में 30.1 और चाईबासा में तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## वित्त मंत्री के साथ कांग्रेस मंत्रियों की बैठक



**रांचीः** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार सोमवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के आवास पर कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के साथ बैठक हुई. बैठक में प्रदेश के समग्र विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई. इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकार में कांग्रेस पार्टी के एजेंडे और वादों की प्रगति की समीक्षा तथा जनसरोकार से जुड़े विषयों पर त्वरित पहल सुनिश्चित करना था. बैठक में कांग्रेस कोटे के सभी मंत्रियों ने जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने और संगठन की अपेक्षाओं के अनुरूप बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प लिया. साथ ही आने वाले दिनों में इन विषयों पर क्रमबद्ध रूप से आगे की कार्रवाई करने हेतु एक संयुक्त रणनीति भी तैयार की जाएगी. राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड कांग्रेस राज्य के विकास, गरीब, किसान, मजदूर, पिछड़े और आदिवासी समाज के हित में लगातार प्रतिबद्ध है और आगे भी जनभावनाओं का सम्मान करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करती रहेगी।

## 10वीं एवं 12वीं के जिला टॉपर्स को शिक्षा मंत्री रामदास ने किया सम्मानित

### शिक्षा के प्रति अब आदिवासी समाज भी हो रहा जागरूक : मंत्री



**जमशेदपुरः** जिले के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए मंगलवार को माइकल जॉन सभागार, बिष्टुपुर में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के स्कूली शिक्षा और साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन शामिल हुए। साथ ही उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष पांडेय सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर वर्ष 2024-25 में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में जिला टॉपर रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में झारखंड अधिविद्य परिषद, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं के विज्ञान, वाणिज्य तथा कला संकाय के टॉप पांच विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि शिक्षा के बिना हम समाज, राज्य और देश का विकास नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि पहले आदिवासी समाज में बेटियों की शिक्षा को महत्त्व नहीं दिया जाता था, लेकिन अब लोग जागरूक हो रहे हैं। वर्तमान सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मरांग गोमके छात्रवृत्ति योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इससे राज्य के विद्यार्थियों को विदेश में निःशुल्क उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। राज्य के विभिन्न प्रखंडों में नए कॉलेज और आवासीय विद्यालय की स्वीकृति दी जा रही है ताकि कोई भी बच्चा दूरी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे।

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने टॉपर्स को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता आपकी मेहनत का परिणाम है। इसे विनम्रता से लें और अपने मूल्यों को बनाए रखें। यह यात्रा का अंत नहीं बल्कि एक मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो तो विद्यार्थी बेहिचक जिला प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं। समारोह में विद्यार्थियों और अभिभावकों ने इस सम्मान के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## पलामूः सम्राट की निगरानी में स्पेशल टीम तैनात



**पलामूः** रांची के सिल्ली से रेस्क्यू हुए बाघ सम्राट उर्फ किला को पलामू टाइगर रिजर्व लाया गया था. नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी के निर्देश पर एक स्पेशल टीम को बाघ सम्राट की निगरानी में लगाया गया है. यह टीम सम्राट की एक-एक गतिविधि का आंकलन कर रही है और उसके स्वास्थ्य पर निगरानी रखे हुए है। स्पेशल टीम यह देख रही है कि बाघ सम्राट का व्यवहार किस तरह का है. वह किस तरीके से शिकार कर रहा है. उसके स्वास्थ्य पर कोई प्रभाव तो नहीं पड़ेगा. तीन सप्ताह की निगरानी के बाद नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी बाघ सम्राट को लेकर बड़ा निर्णय लेगी. सम्राट के व्यवहार में बदलाव होने एवं कुछ आशंका होने पर रेडियो कॉलर भी लगाया जा सकता है. निगरानी के बाद सम्राट के प्रवास (हैबिटेट) को लेकर भी निर्णय होगा। पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने बताया कि नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी तीन सप्ताह के बाद बाघ को लेकर अहम निर्णय लेगी. फिलहाल स्पेशल टीम उसकी गतिविधि पर निगरानी रखे हुए है. निगरानी के लिए पीटीआर की स्पेशल टीम को लगाया गया है।

**रांची के सिल्ली के पुरंदर महतो में घर मे घुस था बाघः** रांची के सिल्ली में 20 जून को पुरंदर महतो नामक व्यक्ति के घर में बाघ सम्राट उर्फ किला घुस गया था. जिस वक्त बाघ घुसा था उस दौरान पुरंदर महतो के घर में बच्चे भी मौजूद थे. बाद में पलामू टाइगर रिजर्व एवं वन विभाग की टीम में 15 घंटे तक लगातार रेस्क्यू अभियान चलाया था और सम्राट को पलामू टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में लाया था।

सम्राट 2023 में पलामू टाइगर रिजर्व के पलामू किला के इलाके में पहली बार देखा गया था. बाद में सम्राट चतरा, हजारीबाग, दलमा होते हुए बंगाल के पुरुलिया तक गया था. सम्राट 2023 में मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से निकलकर पलामू टाइगर रिजर्व पहुंचा था।

**1129 वर्ग किलोमीटर में फैला है पलामू टाइगर रिजर्वः** पलामू टाइगर रिजर्व 1129 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है. 414.08 वर्ग किलोमीटर कोर एरिया. 2023 के बाद से पलामू टाइगर रिजर्व इलाके में छह बाघ के मूवमेंट को रिकॉर्ड किया गया है. 2018 के बाद पहली बार है कि इतनी संख्या में बाघों के मूवमेंट को रिकॉर्ड किया गया है. 2018 में पलामू टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या शून्य बताई गई थी।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक 11 जुलाई को

### अहम प्रस्तावों पर लगेगी मुहर




**रांचीः** झारखंड कैबिनेट (मंत्रिपरिषद्) की बैठक 11 जुलाई (शुक्रवार) को होगी। अपराह्न 2 बजे से कैबिनेट की बैठक शुरू होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद् कक्ष में होगी। इसमें हेमंत सोरेन सरकार कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाएगी।

## रांची के जेयूटी का सीआईडीसी के साथ हुआ एमओयू

### झारखंड के छात्रों को बनाया जाएगा स्किल्ड



**रांचीः** टेक्नोलॉजी के इस युग में इनोवेशन के साथ डिस्प्यूट को भी तेजी से जन्म दिया है. जिसका निराकरण के लिए भारत सरकार इन दिनों गंभीर है. 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए निर्माण क्षेत्र काफी अहम भूमिका निभाएगा. इसके बिना यह सपना पूरा नहीं हो सकेगा. इसी उद्देश्य के साथ मेकॉन के सहयोग से भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा गठित कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री डेवलपमेंट कॉउंसिल ने मंगलवार 8 जुलाई को वृहत कार्यक्रम आयोजित किया।

राजधानी रांची के स्टेशन रोड स्थित एक होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने खुलकर विचार रखे. इस मौके पर कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री डेवपलपमेंट कॉउंसिल और झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी के साथ एक एमओयू भी किया गया. इस समझौता के जरिए झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी सीआईडीसी के सहयोग से निर्माण उद्योग को लेकर डिप्लोमा कोर्स की शुरुआत होगी. इसके अलावा सभी संबंध कॉलेजों में एफिलिएटेड सेंटर बनाया जाएगा।

**रोजगार के साथ-साथ समय पर पूरे होंगे प्रोजेक्टः** कई सत्रों में दिनभर चले इस कार्यक्रम में एमएसएमई, पॉलिसी, प्रोक्योरमेंट और इम्पलीमेंटेशन के अलावा निर्माण उद्योग में नई तकनीक के इस्तेमाल पर वक्ताओं ने खुलकर विचार रखे. कार्यक्रम को मेकॉन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीके दीक्षित, सीआईडीसी के महानिदेशक डॉ पीआर स्वरूप, झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ डीके सिंह ने संबोधित किया।

**सरकारी नौकरी के बजाए रोजगारोन्मुख कोर्स करें छात्र-सीआईडीसी महानिदेशकः** इस मौके पर सीआईडीसी के महानिदेशक डॉ पीआर स्वरूप ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि आज का युवा पीढ़ी सरकारी नौकरी के पीछे नहीं भागकर रोजगारोन्मुख कोर्स करें. जिससे नौकरी की तलाश में उसे भटकना ना पड़े. उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को स्कील्ड बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है. जिससे निर्माण क्षेत्र में जो प्रोजेक्ट भविष्य में चले, वह ससमय पूरा हो, उससे कई तरह के फायदे होंगे।

जेयूटी के कुलपति डॉ डीके सिंह ने कहा कि पूरी दुनिया में भारत की कंपनी की डिमांड है. लेकिन स्किल्ड मैनपावर की कमी की वजह से देश या देश के बाहर जो चल रहे हैं, उसमें कई तरह की परेशानियां आती हैं. समय पर प्रोजेक्ट नहीं पूरे होने से लागत में वृद्धि होती है. वहीं अलग-अलग प्रोजेक्ट में अलग-अलग विवाद भी उत्पन्न होते हैं. ऐसे में इनका निराकरण स्किल्ड मैनपावर जब तक नहीं रहेगा, तब तक कैसे होगा।

## कृषि मंत्री ने किया सेंट्रल मुहर्रम कमिटी चान्हो के द्वारा आयोजित मेले का उद्घाटन



**संवाददाता रांचीः** रांची के चान्हो में आज मुहर्रम के मौके पर अकीदतमंदों का कारवां हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करने सड़कों पर निकला। सेंट्रल मुहर्रम कमिटी चान्हो के द्वारा आयोजित मेले का उद्घाटन राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज का दिन पवित्र महीने के तौर पर देखा जाता है। वहीं मुहर्रम का दिन त्याग, बलिदान और संघर्ष की याद भी दिलाता है। तानाशाह के सामने कभी नहीं झुकेंगे, ये शहादत का संदेश है। मौत कबूल होगा पर तानाशाह की गुलामी नहीं , इस बात को हमेशा जेहन में रखना है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इस्लाम धर्म प्रेम, भाईचारगी, सामाजिक एकता का पैगाम देता है। देश में तानाशाही शक्तियों के खिलाफ एकजुट हो कर लड़ाई लड़त रहेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी की मनोकामना अल्लाह कबूल करें। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की रातू सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुई।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मेदार।